सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 25 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,186.81 |
| निफ्टी | 25,060.90 |

सोना 1,00,000 चांदी 1,14,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




550 करोड़ से हो रहा मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों का आधुनिकीकरण : डिप्टी सीएम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 23 जुलाई 2025 | 8 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 205, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### उपराष्ट्रपति धनखड़ का इस्तीफा मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया। यह जानकारी राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने दी। धनखड़ आज सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। सुबह 11 बजे अपर सदन की कार्यवाही की शुरुआत सांसद हरिवंश ने की। इससे पहले खबर आई थी कि जगदीप इस्तीफा वापस नहीं लेंगे, न ही विदाई समारोह में शामिल होंगे। उधर, पीएम मोदी ने कहा कि मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। देश के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। (अनंत ज्ञान)

### कल होगी हिमाचल कैबिनेट की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का मुख्य एजेंडा राज्य में वर्तमान में जारी आपदा की स्थिति पर गहन विचार-विमर्श करना है। ऐसी प्रबल संभावना है कि इस बैठक में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों और लोगों के लिए बड़े और निर्णायक राहत उपायों की घोषणा की जा सकती है। सरकार आपदा से निपटने और प्रभावितों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए रणनीति बनाएगी।

### एक लाख रुपए हुआ 10 ग्राम सोने का भाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के कारण मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,000 रुपए की तेजी के साथ एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इसी के साथ 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला यह कीमती धातु चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000 रुपए बढ़कर 99,550 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं, चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपए बढ़कर 1,14,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों में पढ़ें


- परिवहन पेंशनर्स को जून माह की नहीं मिली पेंशन -पेज 2
- नशा तस्करों पर पुलिस की कड़ी नजर, चेन तोड़ना प्राथमिकता -पेज 4
- हिमाचल की अनूठी संस्कृति का प्रतीक रिहाली मेला: रोहित -पेज 6
- फील्ड स्टाफ से दफ्तर का काम करवाने पर विरोध -पेज 9
- पहाड़ी से जीप पर गिरे पत्थर, दो युवक घायल -पेज 11





# स्पीति, किन्नौर व भरमौर में फटे बादल

## मानसून का कहर जारी, लोगों को नदी-नालों के पास न जाने की सलाह

**अनंत ज्ञान, काजा/केलांग/भरमौर**

हिमाचल में मंगलवार को तीन जगह बादल फटे हैं। स्पीति की पंचायत खुरिक के खुरिक व रंगरिक गांव में बादल फटने से मलबा कई घरों में घुस गया। लोग जोर-जोर से चिल्लाए और घरों से बाहर भागे। हालांकि जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन लोगों के घरों में बाढ़ का मलबा घुस गया है और खेतों व फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, किन्नौर के लियो कंडा का युलांग नाला भी उफान पर रहा। यहां भी बादल फटने की खबर है। उधर, भरमौर विधानसभा क्षेत्र की चोबिया पंचायत के अंतर्गत आने वाले सेरी को आने नाले पर बादल फटने की घटना सामने आई, जिससे नाले में बाढ़ की सूचना नहीं है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। तेज बहाव के चलते क्षेत्र में खेतों और कुछ कच्चे रास्तों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन स्थानीय लोगों व प्रशासन द्वारा स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अनावश्यक रूप से नदी-नालों के पास न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना दें।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 28 जुलाई तक बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। 23, 26, 27 और 28 जुलाई को हल्की बारिश की संभावना है, जबकि 24 और 25 जुलाई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।



बादल फटने से स्पीति में आई बाढ़।

### सतलुज नदी का जलस्तर 4 से 5 मीटर चढ़ा प्रदेश के निचले क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी

**भारी** बरसात के बाद नदी-नाले उफान पर हैं। ऐसे में नाथपा-झाखड़ी, कड़छम और कोलडैम से सतलुज नदी में अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है। इसकी वजह से सतलुज नदी का जलस्तर 4 से 5 मीटर चढ़ गया है। बारिश के बाद ब्यास नदी में भी पानी बढ़ गया है। यहां मंडी के पास बने पंडोह डैम में पानी का डेंजर लेवल 2941 फुट है और इस समय यहां जलस्तर 2920 फुट के आसपास चल रहा है। ऐसे में पंडोह डैम से ब्यास नदी में 42 हजार क्यूसेक पानी रिलीज किया जा रहा है। इसके बाद भाखड़ा-ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) और प्रशासन ने निचले एरिया में लोगों को नदी से दूर रहने की सलाह दी है। पंजाब के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है।


### तीन नेशनल हाईवे और 375 सड़कें बाधित

**शिमला।** मंगलवार शाम तक राज्य में तीन नेशनल हाईवे समेत 375 सड़कें बाधित रहीं, जिससे यातायात पूरी तरह से चरमरा गया। मंडी जिले में स्थिति सबसे गंभीर है, जहां 262 सड़कें और 201 बिजली ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं। हालांकि, 37 घंटे के लंबे इंतजार के बाद चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे दोपहर 1 बजे बहाल हो सका। निरथ-लुहरी सड़क पर खेगसू के पास एक चलती गाड़ी पर चट्टान गिरने से सोमवार देर रात बड़ा हादसा हो गया, जिसमें राकेश और विक्रम नामक दो लोग घायल हो गए। इस हादसे के कारण यह सड़क मार्ग करीब 12 घंटे तक बंद रहा और मंगलवार सुबह 10 बजे ही खुल पाया। मानसून सीजन में अब तक 132 लोगों की जान जा चुकी है, 223 घायल हुए हैं और 34 लोग लापता हैं। इस अवधि में 1438 कच्चे-पक्के घर और दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। नुकसान का आंकड़ा 1,24,690.22 लाख रुपए पहुंच गया है।

# हिमाचल विवि बने बदलाव का सशक्त प्रतीक : सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एचपीयू को बदलाव का एक सशक्त प्रतीक बनने का आह्वान किया, जहां न केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को आधुनिक बनाया जाए, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणालियों में भी सुधार हो। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है कि इस विश्वविद्यालय ने युवाओं को ज्ञान प्रदान करने के 55 वर्ष पूरे कर लिए हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि एचपीयू केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व आर्थिक विकास का भी प्रतिबिंब है।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने गर्व से बताया कि एचपीयू ने देश और प्रदेश को ऐसे मेधावी छात्र दिए हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है और विश्वभर में हिमाचल का नाम रोशन किया है। उन्होंने स्वयं भी इसी विश्वविद्यालय के छात्र होने का उल्लेख करते हुए कहा कि एचपीयू ने उनके जीवन की दिशा तय करने, विचारों को आकार देने और व्यक्तित्व के विकास में अहम भूमिका निभाई है।

### मुख्यमंत्री ने नवाचार और आधुनिकता पर दिया जोर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और नवाचार के इस युग में हमें समय के साथ चलना होगा, अन्यथा हम पिछड़ सकते हैं। सुक्खू ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स शुरू करने और अनुपयोगी पाठ्यक्रमों को बंद कर नए, प्रासंगिक कोर्स चलाने की प्रक्रिया अपनाने की जरूरत है। उनका लक्ष्य है कि विश्वविद्यालय से निकलने वाले युवा केवल डिग्रीधारी ही न हों, बल्कि व कौशलयुक्त, आत्मनिर्भर और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम हों। इस दिशा में हाल ही में खुले पांच नए शोध केंद्रों को उन्होंने एक सकारात्मक पहल बताया और विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. महावीर सिंह की सराहना की।

# कॉलेज प्रवक्ताओं को ओपीएस में अनुबंध सेवा का लाभ नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कॉलेजों में कार्यरत प्रवक्ताओं को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के तहत उनकी अनुबंध सेवा अवधि का लाभ नहीं मिलेगा। उच्च शिक्षा निदेशालय ने असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर्स की अनुबंध सेवा अवधि को ओपीएस लाभों के लिए अमान्य घोषित कर दिया है। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती एवं सेवा शर्तें अधिनियम 2024 के तहत लिया गया है, जो 20 फरवरी 2025 से लागू हुआ है।

अब प्रवक्ताओं को नियमितीकरण की तिथि से ही सेवा संबंधी लाभ मिलेंगे, जिससे उनकी पेंशन गणना में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। उच्च शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि भर्ती एवं सेवा शर्तें अधिनियम 2024 के लागू होने के बाद, पुरानी पेंशन योजना के तहत पेंशन लाभों के लिए अनुबंध सेवा अवधि की गणना नहीं की जाएगी। पहले जिन प्रवक्ताओं ने अपनी अनुबंध सेवा अवधि को ओपीएस पात्रता में शामिल करने का विकल्प चुना था, उनके लिए अब नियम बदल गए हैं। सरकार के इस फैसले से कॉलेज प्रवक्ताओं के वित्तीय लाभ प्रभावित होंगे, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति लाभों का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। पहले से दिए गए सभी सेवा लाभ भी वापस लिए जाएंगे, जिससे उन्हें वित्तीय नुकसान या पेंशन श्रेणी में पूरी तरह से बदलाव का सामना करना पड़ सकता है।

> प्रवक्ताओं को नियमितीकरण की तिथि से ही सेवा लाभ मिलेंगे

## सड़कों पर उतरे सीनियर सेकेंडरी स्कूल लामू के बच्चे; किया चक्का जाम, बोले–

# बिना गुरु के कैसे संवरेगा हमारा भविष्य

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** होली के सीनियर सेकेंडरी स्कूल लामू में 11वीं और 12वीं कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाने के लिए एक भी अध्यापक नहीं है। अध्यापक न होने पर बच्चों ने मंगलवार को पहले धरना-प्रदर्शन किया और उसके बाद करीब 3 घंटे तक चक्का जाम किया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर सड़क पर उतरकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की। बच्चों ने बताया कि स्कूल में सेवाएं दे रहे एकमात्र पॉलिटिकल साइंस के प्राध्यापक भी कोर्ट ऑर्डर के बाद अंडर ट्रांसफर हैं। अब बच्चों को पढ़ाने के लिए कोई भी अध्यापक यहां नहीं बचा है।

अध्यापक न होने के चलते 82 बच्चों में से 15 बच्चे स्कूल छोड़ गए हैं। जब यह स्कूल खुला था तो तब प्लस वन व टू में 35 से अधिक बच्चों ने यहां एडमिशन करवाया था। स्टाफ की कमी के कारण अब मात्र 8 बच्चे रह गए हैं जिसमें पांच बच्चे जमा एक व तीन बच्चे जमा दो में पढ़ रहे हैं।



सड़क पर चक्का जाम कर बैठे सीनियर सेकेंडरी स्कूल लामू के विद्यार्थी।

> कहा- एक ही शिक्षक पढ़ा रहे हमें, अब वह भी अंडर ट्रांसफर

### नायब तहसीलदार के आश्वासन पर हटे

**बच्चों** के प्रदर्शन के बारे में पता चलने के बाद भरमौर प्रशासन ने करीब 3 घंटे बाद नायब तहसीलदार होली को मौके पर भेजा। उन्होंने 15 दिन के भीतर बच्चों के लिए अध्यापकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। अधिकारी के आश्वासन पर बच्चे धरना स्थल से उठ गए।

> **अध्यापक** न होने से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। स्कूल में मात्र एक ही अध्यापक बचा है, जोकि अंडर ट्रांसफर है। सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर इस स्कूल में अध्यापकों को भेजा जाए।
> -लालचंद, प्रधान, पंचायत लामू

> **स्कूल** में अध्यापकों की भारी कमी के चलते गांव के बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इस बारे में विभाग, सरकार व स्थानीय विधायक को अवगत करवाने के बाद भी अभी तक समस्या का हल नहीं हो पाया है।
> -अशोक कुमार, अध्यक्ष, एसएमसी

> **सरकार** द्वारा ट्राइबल क्षेत्र में अध्यापक न भेजने के चलते शिक्षा का स्तर पूरी तरह से गिर गया है। जल्द से जल्द अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की गई, तो आने वाले समय में आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।
> -डॉ. जनक राज, विधायक

### जमीन की निशानदेही पर लगी अस्थायी रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में जमीन की निशानदेही पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह फैसला मुख्य रूप से बारिश के मौसम में जमीन पर उगने वाली झाड़ियों और घास के कारण लिया गया है, जिससे सटीक पैमाइश करना मुश्किल हो जाता है। सरकार का मानना है कि ऐसी स्थिति में की गई निशानदेही सही नहीं होगी। जिन लोगों ने डिमार्केशन के लिए आवेदन किया है, उन्हें मौसम साफ होने तक इंतजार करना होगा। हालांकि, पटवारी और कानूनगो इन आवेदनों की औपचारिकताएं पूरी करते रहेंगे और मौसम खुलते ही निशानदेही का काम फिर से शुरू हो जाएगा। मूसलाधार बारिश को देखते हुए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग और स्थानीय निकायों ने भी नए भवनों के निर्माण पर रोक लगा दी है। ये सभी कार्य मौसम में सुधार होने के बाद ही दोबारा शुरू किए जाएंगे।

# अमेरिका का यूनेस्को से बाहर होने का ऐलान

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को से हटने का ऐलान कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग टैमी ब्रूस ट्वीट करके इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को पुष्टि की कि यह फैसला अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ संस्था की कार्यप्रणाली और इसराइल विरोधी रुख के चलते लिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि यूनेस्को एंटी इसराइल प्रोपेगेंडा का अड्डा बन चुका है और फिलीस्तीन को सदस्यता देना उसकी पूर्वाग्रही सोच को दर्शाता है। यह बर्दाश्त नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)



> ट्रंप बोले- यूनेस्को बना एंटी इसराइल प्रोपेगेंडा का अड्डा

# वायुसेना को मिले 3 अपाचे गार्डियन हेलिकॉप्टर्स

## अमेरिका से गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर पहुंची पहली खेप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना को अमेरिका से तीन अपाचे गार्डियन हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिली है। इससे सेना की हमला करने और ऑपरेशनल क्षमता में काफी इजाफा होगा। ये एडवांस हेलिकॉप्टर अमेरिका से एक एंटोनोव ट्रांसपोर्ट विमान में गाजियाबाद जिले के हिंडन एयर बेस लाए गए। इन हेलिकॉप्टर का रंग छिपने में मदद करता है। इन्हें पाकिस्तान के साथ लगी पश्चिमी सीमा के पास जोधपुर में तैनात किया जाएगा। अपाचे हेलिकॉप्टर दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में से हैं। रेतीला है, जो इन्हें रेगिस्तानी इलाकों में

सौदे के तहत सेना को कुल 6 अपाचे गार्डियन हेलिकॉप्टर मिलने हैं। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर हैं। अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर की दो स्क्वाड्रन पाक और चीन के मोर्चे पर तैनात हैं। अमेरिका ने 2020 में वायुसेना को 22 अपाचे हेलिकॉप्टर डिलीवर किए थे। (अनंत ज्ञान)



> सेना के हमला करने की क्षमता में होगा इजाफा

### 2020 में हुई थी डील

**ये** तीन हेलिकॉप्टर्स भारत और अमेरिका के बीच हुए पांच हजार करोड़ रुपए के सौदे का हिस्सा हैं। इसके तहत भारत को 6 अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने हैं। यह सौदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2020 में भारत यात्रा के दौरान हुआ था।

### हवाई टैंक कहलाते हैं अपाचे हेलिकॉप्टर

**अपाचे** हेलिकॉप्टर को हवाई टैंक कहा जाता है। भारतीय सेना ने भारत में अपाचे हेलिकॉप्टरों की पहली तस्वीरें शेयर करते हुए कहा, 'भारतीय सेना के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण, क्योंकि सेना के लिए अपाचे हेलिकॉप्टरों का पहला बैच आज भारत पहुंचा। यह अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमताओं को मजबूत करेंगे।'

# दिल्ली में लैंडिंग के बाद एयर इंडिया के विमान में लगी आग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हांगकांग से दिल्ली आ रही एयर इंडिया के एक फ्लाइट में मंगलवार दोपहर लैंडिंग के बाद आग लग गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। इस घटना को लेकर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 22 जुलाई को हांगकांग से दिल्ली आने वाली फ्लाइट एआई-315 की लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के बाद उसकी ऑक्जिलियरी पावर यूनिट में आग लग गई। घटना उस समय हुई, जब यात्री विमान से उतरना शुरू कर चुके थे। सुरक्षा प्रणाली के अनुसार ऑक्जिलियरी पावर यूनिट को स्वत: बंद कर दिया गया। बता दें कि एयर इंडिया के कई विमानों में तमाम खामियों के कारण हाल के दिनों में कई उड़ानें बाधित हुई हैं। इसमें स्थानीय उड़ानों के साथ-साथ विदेशी उड़ानें भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### सभी यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित



**एयर** इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान को कुछ नुकसान पहुंचा है, लेकिन सभी यात्री और क्रू सदस्य सामान्य रूप से उतर गए और पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विमान को फिलहाल ग्राउंड कर दिया गया है और मामले की जांच के लिए नियामक प्राधिकरण को सूचित कर दिया गया है।

## रिटायरमेंट 1963 में इंडियन एयरफोर्स में शामिल हुआ, तीन युद्धों में दीं सेवाएं

# वायुसेना से होगी मिग-21 जेट की विदाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना में 62 सालों तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितंबर को रिटायर होगा। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट का विदाई कार्यक्रम होगा। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी यह आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता था।

मिग-21 लड़ाकू विमान की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग-21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात हैं। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### मिग-21 फाइटर जेट ने इन युद्धों में दिखाई ताकत



> 62 साल सेवाएं देने के बाद 19 सितंबर को रिटायर होगा मिग-21

**मिग-21** फाइटर जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमके1ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। अक्टूबर 2023 में मिग-21 लड़ाकू विमान ने राजस्थान के बाड़मेर शहर के ऊपर से आखिरी बार उड़ान भरी थी।




# न्यूज ब्रीफ

## कर्तव्यों का आभास करवाना ही एनएसएस का उद्देश्य : रमेश

**अनंत ज्ञान, रंगस।** सामाजिक सरोकार के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों का आभास करवाना ही एनएसएस का मुख्य उद्देश्य है। यह बात हिम गुरुकुल अंतरराष्ट्रीय पब्लिक स्कूल भालत में चल रहे एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर ग्याराग्रां गांव के पूर्व पंचायत प्रधान रमेश चंद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने उपस्थित एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि आप जिस क्षेत्र में कार्य करें, उसमें समाज के कल्याण का भाव दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक दिन-रात कड़ी मेहनत करते हैं ताकि हमारे समाज में हर जरूरतमंद व्यक्ति को उनकी हर संभव मदद मिले ताकि वे भी अपना स्तर ऊंचा उठा सकें। कार्यक्रम अधिकारी मनोहर लाल सोनी ने बताया कि इन सात दिनों में स्टूडेंट्स ने रास्तों की सफाई, पुराने मंदिर की सफाई, स्कूल परिसर की सफाई की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र बरयाण सहित अन्य टीचर्स व स्टूडेंट्स भी मौजूद थे।

## 24 और 25 को होगी अस्मिता वुशू लीग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अस्मिता खेलो इंडिया महिला वुशू लीग प्रतियोगिता शिमला जिला के लॉरेट पब्लिक स्कूल भराड़ी में 24 व 25 जुलाई होगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन शिमला जिला वुशू खेल संघ की ओर से किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीयूष आजाद ने बताया कि महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए अस्मिता खेलो इंडिया की शुरुआत वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा महिला खिलाड़ियों के प्रोत्साहन व आत्म सम्मान के लिए की गई है। जिसमें वुशू खेल को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में वुशू खेल के लिए तीन जिलों कांगड़ा, शिमला व बिलासपुर जिला को चुना गया है। जबकि शिमला में 24 व 25 जुलाई को लॉरेट पब्लिक स्कूल भराड़ी में होगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पंकज शर्मा एडीएम शिमला व डॉ. शिखा शर्मा डर्मेटोलॉजी इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. मीरा सिंह को अस्मिता खेलो इंडिया महिला वुशू लीग का आयोजन सचिव बनाया गया है। इस अवसर पर वुशू खेल संघ के प्रदेशाध्यक्ष शिवपाल मन्हंस भी मौजूद रहेंगे।

## भगवान विष्णु को पत्नी के वियोग में तड़पने का दिया था श्राप

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत फस्टे के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव बटाहली में चल रहे शिव महापुराण कथा प्रसंग के दौरान कथा वाचक पंडित अनुज अंगरिस ने श्रोताओं को बताया कि जब महर्षि नारद ने कठोर तपस्या करके कामदेव पर विजय प्राप्त की तो वे अहंकार के घमंड में चूर हो गए एवं अपनी विजय का व्याख्यान करने भगवान शिव और ब्रह्मा जी के पास पहुंच गए। तब भगवान विष्णु ने नारद जी का घमंड दूर करने के लिए योगमाया के साथ मिलकर एक माया नगरी का निर्माण किया एवं उसमें योगमाया का स्वयम्बर रचाया और भगवान विष्णु की ने योगमाया के सहयोग से रचाए गए इस माया जाल में महर्षि नारद भी फंस गए तथा अपनी शादी करवाने के लिए उस स्वयम्बर में पहुंच गए। जब भगवान विष्णु ने उस स्वयम्बर में स्वयं आकर योगमाया से शादी कर ली तो नारद जी क्रोधित हो गए और उन्होंने भगवान विष्णु को श्राप दे दिया कि जिस तरह से स्त्री के वियोग में तड़फ रहा हूं तुम भी वैसे ही तड़फोगे।

## कारगिल विजय दिवस परोल में सम्मान से मनाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** कारगिल युद्ध के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, हमीरपुर इकाई द्वारा न्यू एरा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, परोल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे शहीदों को पुष्पांजलि अर्पण एवं श्रद्धांजलि सभा के साथ होगा, जिसमें जिले भर से पूर्व सैनिक, वीर नारियां, शहीद परिवारों के सदस्य, गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे। परिषद के अध्यक्ष मेजर सी. वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम शहीदों की स्मृति को नमन करने और वर्तमान पीढ़ी को उनके बलिदान से अवगत करवाने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि शहीदों की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना और उनके जीवन पर आधारित वक्तव्य भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कोषाध्यक्ष सुबेदार संजीव कुमार ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला का आयोजन

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** पंचायत समिति सभागार टौणी देवी में पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खंड टौणी देवी के पंचायत प्रधानों, पंचायत सचिवों के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के टीओटी कपिल पठानिया ने पंचायत उन्नती सूचकांक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पंचायत अपने क्षेत्र में हुए कार्यों को सूचकांक के माध्यम से ऑनलाइन प्रेषित कर सकते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार से पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंचायत सचिवों व पंचायत पदाधिकारियों को इसमें निपुण होने की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से इसकी जानकारी दी।

## सरकार युवाओं को ठगने का कर रही काम : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जॉब ट्रेनी मामले पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि यह एक और प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को ठगने का एक नया जाल है, नौकरियों का मुद्दा न उठे इसके लिए यह सरकार के लिए एक साल का जीवनदान है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार केवल युवाओं को ठगने और शोषित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और जनतंत्र के इतिहास में शायद कांग्रेस जैसी सरकार न कभी पहले आई और न आएगी। पहले यह एक फैसला लेती ही नहीं है और जो फैसला लेती है वह जन विरोधी होता है। ठाकुर ने कहा कि जॉब ट्रेनी भर्ती प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश के 12 लाख युवाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है पहले तो जॉब ट्रेनी बनने के लिए परीक्षा देनी पड़ेगी और उसके 2 साल बाद भी कोई गारंटी नहीं है की हिमाचल प्रदेश में युवाओं को कोई पक्की नौकरी मिलेगी। अगर परीक्षा देने के बाद व्यक्ति को नौकरी लग जाए और उसके बाद दूसरी परीक्षा की बारी आ जाए तो ऐसी नौकरी व्यक्ति कहां करेगा।

## पन्याली के पास सड़क का कुछ हिस्सा टूटा

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ से कांगू सड़क पर जियाना से आगे पन्याली के पास सड़क के किनारे दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से सड़क के एक छोर पर भूस्खलन से सड़क का कुछ हिस्सा टूट गया है और यदि बारिश जारी रहती है तो सड़क पर यातायात कभी भी अवरुद्ध हो सकता है अभी तक तो गाड़ियां इस सड़क पर आवागमन कर रही हैं, मगर यहां पर इस भूस्खलन की वजह से चालकों को खतरा उत्पन्न हो गया है। जिला परिषद संजीव कुमार सेठी और प्रधान राजेश कुमार शर्मा बीडीसी, सुनील कुमार, पूर्व प्रधान पन्याली, वीना बन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जगह पर भारी नुकसान हो सकता है और गाड़ियों के लिए खतरा बन गया है। लोक निर्माण विभाग से सड़क की मरम्मत करवाने की अपील की है।

## नियमों के उल्लंघन पर 4 लोगों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भलेठ क्षेत्र के गांव मिहरपुरा में एक व्यावसायिक भवन के निर्माण में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन पर विभाग ने चार लोगों को नोटिस जारी किए हैं। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से जारी इन नोटिसों में चारों लोगों को निर्माण कार्य तुरंत बंद करने और पूर्व में विभाग द्वारा जारी आदेशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों की अनुपालना न करने पर चारों लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## कमरे में मिला व्यक्ति का शव, पुलिस जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में गुलाम हसन लोन पुत्र मोहम्मद सुल्तान लोन गांव अलूसा जिला कुपवाड़ा ने सूचना दी कि उसका भतीजा बशीर अहमद लोन उम्र 45 साल माया होटल के नजदीक कमरा लेकर रहता है। जब मंगलवार सुबह 9.30 बजे बशीर अहमद लोन के क्वाटर में गया तो इसका भतिजा कमरे के अंदर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। सूचना के आधार पुलिस थाना सदर हमीरपुर की टीम ने मौका पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। सदर थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले में मृत्यु के सभी पहलुओं के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

## फर्नीचर की दुकान से चुराए 48 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के साथ कुछ दूरी पर स्थित तरोपका में फर्नीचर की दुकान से सोमवार रात को लगभग 2 बजे सेंध लगाकर 48 हजार रुपए चुरा लिए। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमें दिख रहा है कि चोर गल्ले से पैसे चुरा रहा है। दुकान के मालिक अंकुश कुमार ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर छानबीन की और सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। पुलिस चोर की पहचान करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अन्य व्यक्ति की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी हमीरपुर यादेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नगर निगम के गैजेट प्रकाशन में लापरवाही, रोस्टर प्रोसेस 'होल्ड' पर

## वार्ड बंदी को लेकर नई की जगह पुरानी सूची को गैजेट में किया प्रकाशित

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** मसला चाहे नगर निगम हमीरपुर के रिजर्वेशन रोस्टर का हो या फिर नगर परिषद और नगर पंचायत का हो। सारी प्रक्रिया होल्ड पर चली गई है। इस ऊहापोह में चुनाव लड़ने के इच्छुक पसोपेश में हैं।

उधर नगर निगम के गजट प्रकाशन में लापरवाही हो गई है उसमें पुरानी स्थिति ही प्रकाशित हो गई है।

वजह यह है कि 2 जुलाई के बाद जो शिकायतें आईं थीं, उनके निपटारे के बाद वार्ड बंदी को लेकर जो नई सूची तैयार की गई थी, उसकी जगह पुरानी सूची ही गैजेट में प्रकाशित कर दी गई है। अब इस मामले में जो 'चूक' हुई है। उसे कैसे रेक्टिफाई किया जाएगा? इस पर भी अभी ऊहापोह ही है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**चुनाव लड़ने के इच्छुक पसोपेश में, नोटिफिकेशन की ऊहापोह कब होगी खत्म**



### नगर निगम के बनाए गए हैं 15 वार्ड

**अब** हमीरपुर में 15 वार्ड नगर निगम के बनाए गए हैं। तकरीबन 6 वार्ड ओपन रहेंगे और बाकी सारे अलग-अलग हिसाब से आरक्षित हो जाएंगे इस प्रक्रिया को लेकर अधिसूचना जारी होनी है। रोजाना इस पर नया कुछ सुनने को मिलता है। जिला प्रशासन ने इस प्रक्रिया को सिरे चढ़ा देना था, लेकिन अभी इसमें और विलंब हुआ है। विचित्र स्थिति यह है कि पहले के 11 वार्डों के मुकाबले तीन नए वार्ड बने हैं और सभी वार्ड अब नए सिरे से तैयार हुए हैं इसलिए जिन्होंने चुनाव लड़ना है वह भी अजीबोगरीब मरहले में दिख रहे हैं। अभी क्योंकि गैजेट में गलत प्रकाशन हो गया है। इसलिए उसे भी रेक्टिफाई किया जाना है। उसके बाद प्रक्रिया पूरा होगी।

### सरकार से अभी तक नहीं आई कोई डायरेक्शन

**बीते** रोज हमीरपुर जिला में दो नगर परिषदों, नादौन और सुजानपुर के अलावा तीन नगर पंचायतों भोटा, बड़सर और भोरंज के लिए भी रोस्टर जारी होना था। उसके लिए बीते रोज बकायदा बैठक हुई थी। इसकी नोटिफिकेशन होनी है, वह होल्ड पर चली गई है। सरकार से अभी कोई नई डायरेक्शन नहीं आई है, शायद इसलिए इस प्रक्रिया को मुकम्मल करने में अभी देरी हो रही है। कौन-कौन से वार्ड आरक्षित होंगे? यह स्थिति कागजी तौर पर तो कंप्लीट कर ली गई है।

> सरकार की डायरेक्शन का इंतजार है। जितनी प्रक्रिया मुकम्मल की है, उसकी अधिसूचना जारी होनी है। फिलहाल नई डायरेक्शन का इंतजार किया जा रहा है।
> **-अमरजीत सिंह, उपायुक्त।**

# स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी के लिए 10 .44 लाख का बजट पारित

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



बैठक के दौरान मौजूद एसडीएम व अन्य अधिकारी।

**बड़सर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिझड़ी में रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम की अध्यक्षता में विश्राम गृह बिझड़ी में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करना उन्हें अधिक बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाना था।

बीएमओ बड़सर डॉ. अरविंद टंडन ने बैठक में मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने अस्पताल में चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया।

बैठक में अस्पताल के ढांचागत विकास, नई चिकित्सा मशीनों की खरीद और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। समिति ने अस्पताल के लिए आवश्यक दवाइयों और अन्य उपकरणों की एक सूची तैयार कर उसे जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने अस्पताल प्रशासन और रोगी कल्याण समिति के सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद मरीज तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में रोगियों की सुविधा के लिए तथा अस्पताल के उचित रख-रखाव के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 10 लाख 44 हजार 899 रुपए का अनुमानित बजट पारित किया गया। इसमें 22 हजार 899 रुपए का ओपनिंग बैलेंस भी दर्शाया गया है।

यह भी निर्णय लिया कि अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए पेयजल और बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी। रोगी कल्याण समिति ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि वे इन सभी प्रस्तावों पर तुरंत अमल करें और अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# 80 वर्षीय बुजुर्ग की कमरे में मिली डेड बॉडी, जांच में जुटी पुलिस

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** सकरोह गांव में 80 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति मौजी राम कमरे में मृत पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार उपमंडल बड़सर के सकरोह गांव में कमरे में डेड बॉडी मिली है तथा डेड बॉडी से बदबू आना शुरू हो गई थी बुजुर्ग व्यक्ति घर में अकेला रहता था प्रथम दृश्य में पुलिस का कहना है कि मृत्यु की मौत चार पांच दिन पहले हो चुकी होगी। पंचायत प्रधान ने पुलिस को सूचित सूचित किया की गांव के एक घर में बदबू आ रही है तथा कमरा बाहर से लोक था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताए यह भी जा रहा है कि उक्त व्यक्ति पैरालाइज का मरीज भी था उसके बड़े बेटे तथा पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। दूसरा बेटा जो पिता के साथ रहता था वह भी घर पर नहीं था। जहांडेड बॉडी मिली है बाहर से ताला लगा हुआ था पुलिस के अनुसार मृतक एक बेटा जो बेटा साथ रहता था वह कहीं प्राइवेट फैक्टरी में काम करता है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है एफएसएल टीम को भी जांच पड़ताल के लिए बुलाया गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा करके मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा कहना है की डेड बॉडी को बदबू पड़ गई थी, हो सकता है की चार-पांच दिन पहले बुजुर्ग की मौत हो गई होगी, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही, ताकि मौत के कारणों का पता चल सके।

# एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र ने दिया इस्तीफा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनसीपी से हमीरपुर जिले के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह डोगरा ने पिछले शनिवार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल को अपना इस्तीफा भेज दिया है। डोगरा एनसीपी से लगभग 20 वर्षों से जुड़े थे पार्टी में उन्हें शरद पवार, गोविंद राव आदिक और तारिक अनवर जैसे दिग्गज नेता लेकर आए थे। हालांकि इस्तीफे की कोई वजह सामने नहीं आई और न ही डोगरा के किसी अन्य पार्टी में जाने की कोई बात सामने आई है। रविंद्र ने बताया कि वह राज्य एवं केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाकर जनता की मदद करेंगे।

# सुशासन सूचकांक का डाटा अपडेट करें विभाग : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला सुशासन सूचकांक यानि डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स (डीजीजीआई) के सभी संकेतकों से संबंधित डाटा को अपडेट करें और इसे अतिशीघ्र जिला सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें।

अगर किसी संकेतक या योजना में विभाग का प्रदर्शन ठीक नहीं है तो उसमें सुधार के लिए त्वरित कदम उठाएं। अगर किसी संकेतक में एक से अधिक विभाग या संस्थान शामिल हैं तो इनके डाटा का संकलन भी सही होना चाहिए, ताकि विकास के सभी मानकों एवं संकेतकों में जिला के प्रदर्शन का सही आकलन किया सके। जिला सुशासन सूचकांक की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकांश संकेतकों में संबंधित विभागों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है, लेकिन कई बार डाटा की अपलोडिंग या रिपोर्टिंग में चूक नहीं होनी चाहिए।

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध सख्ती से हो लागू**

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित सभी आंकड़ों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस का उपयोग करने, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और प्लास्टिक एवं ई-कचरे का सही निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### रैगिंग रोकने के लिए सभी शिक्षण संस्थान करें पुख्ता प्रबंध

**उपायुक्त** अमरजीत ने जिले के सभी सेकेंडरी और उच्च शिक्षण संस्थानों तथा व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने संस्थानों में रैगिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करें। मंगलवार को जिला स्तरीय एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में रैगिंग जैसी घटनाओं को रोकने तथा इसमें संलिप्त विद्यार्थियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए रैगिंग निषेध अधिनियम में बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हाल ही के वर्षों के दौरान रैगिंग का कोई मामला सामने नहीं आया है। इसके बावजूद शिक्षण संस्थानों में किसी भी तरह की लापरवाही या ढील नहीं होनी चाहिए।

# एनएच 03 का नया बाईपास चट्टानें गिरने से हुआ बंद

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** टौणी देवी के तहसील भवन के पास बना एनएच 03 का नया बाई पास बड़ी चट्टानें गिरने से बंद हो गया है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे बड़ी चट्टानें अचानक एनएच पर आ गिरी। गनीमत यह रही कि उस वक्त कोई वाहन यहां से नहीं गुजर रहा था।

घटना के बाद सारा ट्रैफिक पुराने उहल चौकें जिसकी हालत पहले ही खस्ता हो चुकी है, से गुजारा जा रहा है। उधर उहल कक्कड़ की तरफ से आने वाली बसों तथा बड़ी गाड़ियों को टौणी देवी जंक्शन से ही प्राइमरी स्कूल से होकर हमीरपुर के लिए मोड़ दिया गया है।



### निजी रास्ते का हो रहा था निर्माण

**जहां** पर बड़ी चट्टानें गिरी है उस स्थान पर निजी रास्ते के लिए पहाड़ी का कटान हो रहा था। निर्माण कंपनी का मानना है कि यह कटान आरओडब्ल्यू ( अधिगृहित भूमि ) पर अवैज्ञानिक तरीके से हुआ। इस बारे न तो भू मालिक को रोका गया और न ही कोई नोटिस दिया गया।

### पुरानी उहल चौक सड़क की हालत खस्ता

**अब** नया बाईपास बंद होने के कारण सारा ट्रैफिक पुराने उहल चौक से होकर गुजारा जा रहा है। सड़क की हालत खस्ता होने के कारण यहां जाम लग रहा है। पुरानी उहल चौक वाली सड़क को सुधारने का मामला सांसद अनुराग ठाकुर तक भी पहुंचा लेकिन हालात नहीं बदले। अब वहीं पुराना उहल चौक रोड ही काम आ रहा है। उधर, हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि शीघ्र ही बड़ी मशीन भेज बाईपास से मलबा हटाने का काम शुरू किया जा रहा है। शाम तक मलबा हटा दिया जाएगा।

# जयराम द्वारा सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सराज विधानसभा क्षेत्र और अन्य स्थानों पर बारिश एवं बाढ़ से हुए जान माल के नुकसान से उत्पन्न स्थितियों के मद्देनजर सरकार, प्रशासन और आम जनता ने पूरी संवेदनशीलता के साथ सहयोग तथा योगदान देने का कार्य किया है और सिराज विधानसभा क्षेत्र के विधायक के रूप में जयराम ठाकुर की मानसिक वेदना को समझा जा सकता है, परंतु वर्तमान परिस्थिति में जयराम द्वारा सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाने का वक्तव्य बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि जयराम ठाकुर केंद्र सरकार से आर्थिक मदद प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने की बात कर रहे हैं, परंतु मुख्यमंत्री के उदारतापूर्ण प्रस्ताव पर जिसमें उन्होंने भाजपा नेताओं के नेतृत्व में ही दिल्ली जाकर केंद्र से आर्थिक सहायता प्राप्त करने का अनुरोध करने की बात कही थी जयराम खामोश हैं।

# 25 तक बंद रहेगी अणु-बड़ू सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय की निकटवर्ती अणु-बड़ू सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 25 जुलाई तक बंद किया गया है। इस संबंध में 19 जुलाई को जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए अणु-बड़ू सड़क पर वाहनों की आवाजाही 25 जुलाई तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक दोसड़का से होकर आवाजाही कर सकते हैं।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समझौता स्वीकार नहीं : सुरेश कुमार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग व अन्य विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की जांच करके रिपोर्ट आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करने के विभागों को निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी तरह की कोताही या गुणवत्ता के साथ समझौता न हो।

उन्होंने कहा कि तय नियमों के विपरीत कार्यों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे ठेकेदार कोई भी हो। इस संबंध में ठेकेदारों को पत्र जारी करके आगाह किया जाए। इसी तरह समय-समय पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण विभागीय एजेंसियां भी करें और गुणवत्ता सही न पाए जाने पर ठेकेदारों को पैनल्टी या ब्लैकलिस्ट करने जैसे नियमों को अपनाएं। सरकारी खजाने का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है।

# सरकार की नीतियां युवाओं को नशे की ओर धकेल रही : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की नई रोजगार नीति को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि सरकार युवाओं के भविष्य से खुला धोखा कर रही है और बेरोजगारी के नाम पर राजनीतिक नौटंकी रचाई जा रही है। राणा ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की बजाय सरकार ने ऐसा तुगलकी फरमान जारी किया है, जिसमें युवा को पहले परीक्षा देनी है, फिर ट्रेनिंग लेनी है और फिर दोबारा परीक्षा देनी है। राजेंद्र राणा ने सवाल उठाया कि यह कौन-सा कानून है? ओर क्या यह सरकार युवाओं को मानसिक उत्पीड़न देने के एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां युवाओं को नशे और अपराध की ओर धकेल रही हैं।

# 25 से बी फार्मेसी, 27 से शुरू होगी बीटेक की काउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार अब 25 जुलाई से पहले चरण की काउंसिलिंग शुरू होगी। बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसलिंग 25 जुलाई से होगी। जिसमें पहले दिन एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणी की मुख्य श्रेणी और उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। 26 को सामान्य श्रेणी और ऑल इंडिया कोटे सहित सामान्य वर्ग की उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। वहीं, जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) वाले अभ्यर्थियों की पहले चरण की काउंसलिंग 27 से शुरू होगी। 28 को एसटी मुख्य श्रेणी और ईडब्ल्यूएस सहित अन्य श्रेणी की काउंसिलिंग होगी।

29 को सामान्य वर्ग और बेटी है अनमोल व ऑल इंडिया कोटा वालों की काउंसिलिंग होगी। बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसलिंग 30 जुलाई से शुरू होगी। पहले दिन ओबीसी व एससी मुख्य श्रेणी और उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी।

**आक्रोश** हर माह पेंशन देरी से मिलना सरकार व निगम प्रबंधन की नाकामी

# परिवहन पेंशनर्स को जून माह की नहीं मिली पेंशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने जिन लोगों का आपदा में जान माल का नुकसान हुआ है उनके प्रति संवेदना प्रकट की है। कल्याण मंच की तरफ से जो संभव सहायता होगी वो की जाएगी।

उन्होंने कहा कि परिवहन पेंशनरों को हर माह पेंशन देरी मिलना सरकार व निगम प्रबंधन की नाकामी को दर्शाता है, 22 तारीख हो गई है परंतु परिवहन पेंशनरों को जून माह की पेंशन नहीं मिली है, अगर सरकार व निगम प्रबंधन ऐसा ही रवैया अपनाता रहा तो परिवहन पेंशनर्स इसे बर्दाशत नहीं करेंगे। चिकित्सा बिलों का भुगतान भी करीब तीन साल से नहीं हुआ है जबकि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ने 12 अक्तूबर, 2024 को स्थापना दिवस के मौके पर चिकित्सा बिलों की अदायगी की घोषणा की थी, लेकिन आज तक उनके आदेशों का पालन नहीं हुआ, 1-1-2016 से संशोधित वेतनमान की परिवहन पेंशनरों को आज तक फूटी कोड़ी तक नहीं मिली है जबकि दूसरे विभागों में 50,000 की पहली किस्त व आयु सीमा के आधार पर दूसरी किस्त दे दी गई है।

### मर्ज करने से निगम को हुआ घाटा

**कल्याण** मंच हिमाचल प्रदेश सरकार से आग्रह करता है कि जैसे 2003 से पहले सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए कोई भी घोषणा की जाती थी तो साथ में ये भी कहा जाता था कि यह शर्तें निगम-वोर्डों पर भी लागू रहेंगी, ताकि अन्याय न हो सके। सरकार की नीतियों के कारण ही एचजीटी को एमकेआरटीसी में मर्ज कर एचआरटीसी का गठन किया गया था इसमें परिवहन कर्मचारियों व पेंशनरों का क्या दोष है। सरकार परिवर्तित न करती तो आज निगम करोड़ों रुपए के घाटे में न होता।

### जल्द शुरू होगा आंदोलन : अजमेर

**अजमेर** ठाकुर ने कहा कि अगर सरकार हमारे भुगतान शीघ्र नहीं करती है तो शीघ्र ही बैठक बुलाकर आंदोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व निगम प्रबंधन की होगी। सभी परिवहन पेंशनरों व परिवहन फैमिली पेंशनरों से अपील की है कि आप चाहे किसी संगठन से हों सभी मिलजुल कर आंदोलन में भाग लेने के लिए तैयार रहें, क्योंकि अब पानी सिर से ऊपर जा चुका है। कब तक सहन करेंगे इसलिए सभी भाई-बहन आज से ही तैयारी शुरू कर दें।

# मुख्यमंत्री राहत कोष में सुजानपुर के विधायक देंगे एक लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

मुख्यमंत्री राहत कोष में विधायक सुजानपुर कैप्टन रणजीत एक लाख रुपए सप्रेम भेंट करेंगे। यह जानकारी विधायक सुजानपुर ने सचिवालय परिसर सुजानपुर में आयोजित विभागीय कर्मियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

विधायक ने विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से आग्रह किया कि अपनी यथाशक्ति मुताबिक मुख्यमंत्री राहत कोष या प्रभावित परिवारों के लिए आगे आए और उप मंडल अधिकारी सुजानपुर के पास पैसा जमा करवाए ताकि सुजानपुर से यह सारा पैसा इकट्ठा करके हम मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से प्रभावित परिवारों तक पहुंचा सकें। उन्होंने तमाम विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कार्य की डीपीआर अपने कार्यालय में बैठकर न बनाएं धरातल पर उतरकर उस स्थान पर जाकर बनाएं जहां वह कार्य होना है ताकि सही कार्य हो और पैसे की बचत हो। विधायक ने उपमंडल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि महीने की हर 15 तारीख को विभाग की उच्च अधिकारियों की बैठक होगी अगर 15 तारीख को छुट्टी आती है तो यह बैठक उसके पिछले या अगले दिन होगी इसलिए अधिकारी प्रत्येक मासिक बैठक में भाग लें ।

## हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहरों के कायाकल्प की तैयारी

# 550 करोड़ से हो रहा मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों का आधुनिकीकरण : डिप्टी सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश, जो अपनी अलौकिक प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के लिए भी जाना जाता है, अब एक अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रहा है। प्रदेश सरकार ने अपनी सांस्कृतिक धरोहरों, प्राचीन मंदिरों, धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण एवं विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना का सूत्रपात किया है, जिसके तहत लगभग 550 करोड़ रुपए का विशाल बजट आवंटित किया गया है। यह घोषणा भाषा, कला और संस्कृति विभाग का कार्यभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की।

- **राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करेगी डिजिटल क्रांति**
- **राज्य बनेगा सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र**



जानकारी के अनुसार सरकार का प्राथमिक उद्देश्य प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना और उसे भावी पीढ़ियों के लिए सहेजना है। इसी क्रम में लगभग 50 करोड़ रुपए की राशि प्राचीन मंदिरों, किलों और पुरातात्विक महतव के स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत की गई है। इसमें से विशेष रूप से, राज्य के अधिग्रहीत मंदिरों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु 37 करोड़ रुपए का सहायतानुदान प्रदान किया गया है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए, माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में 8 अगस्त, 2023 से सुगम दर्शन प्रणाली का अभिनव शुभारंभ किया गया है। यह प्रणाली भीड़ प्रबंधन में अत्यधिक प्रभावी सिद्ध हुई है, साथ ही वृद्धजनों और दिव्यांगों को विशेष सुविधा प्रदान कर रही है। डिजिटल युग के अनुरूप, ऑनलाइन लंगर बुकिंग और ऑनलाइन दर्शन जैसी आधुनिक डिजिटल सेवाएं भी श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाई गई हैं।

### चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56. 26 करोड़ स्वीकृत

**केंद्रीय** 'प्रसाद' योजना के तहत माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56.26 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक विरासत को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

### भव्य मंदिरों के निर्माण को 250 करोड़ का विशाल बजट आवंटित

**इसके** अतिरिक्त, प्रदेश सरकार द्वारा माता रानी के भव्य भवन के निर्माण हेतु 250 करोड़ रुपए का विशाल बजट आवंटित किया गया है। वहीं, माता श्री ज्वालाजी और माता श्री नैना देवी मंदिरों के लिए भी 100-100 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण राशि स्वीकृत की गई है।

## एचआरटीसी चालक-परिचालक बोले-एक अगस्त से सिर्फ 8 घंटे ड्यूटी, रात्रि सेवाएं बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक और परिचालकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कड़ा रुख अपना लिया है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 31 जुलाई तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 1 अगस्त से वे केवल आठ घंटे ही ड्यूटी देंगे और रात्रि सेवाएं पूरी तरह से बंद कर देंगे। इस कदम से प्रदेश में परिवहन व्यवस्था पर गहरा असर पड़ सकता है।

एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने मंगलवार को शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि उन्होंने कर्मचारियों के ओवरटाइम, रात्रि भत्ते और अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर प्रबंधन को कई बार अवगत कराया है। उन्होंने सरकार को 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा है। यूनियन का कहना है कि वे लंबे समय से इन मांगों को पूरा करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन उनकी अनदेखी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, चालकों और परिचालकों ने हर महीने की एक तारीख को वेतन भुगतान की भी मांग रखी है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते यूनियन के पदाधिकारी।

यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया यदि इन मांगों पर 31 जुलाई से पहले कोई सकारात्मक विचार नहीं किया जाता है, तो एक अगस्त से 'वर्क टू रूल' के तहत काम किया जाएगा, जिसका अर्थ है कि चालक-परिचालक केवल अपने निर्धारित आठ घंटे ही काम करेंगे।

## जॉब ट्रेनी योजना युवाओं से मजाक: डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** भाजपा महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. सिक्कु दर कुमार ने प्रदेश सरकार की नई जॉब ट्रेनी योजना पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ बताते हुए पूरी तरह भ्रामक करार दिया। डॉ. कुमार के अनुसार, कांग्रेस ने चुनावों में 5 लाख पक्की सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन अब सत्ता में आकर युवाओं को 'जॉब ट्रेनी' बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को स्थायी रोजगार देने के बजाय, उन्हें दो साल तक ट्रेनी बनाकर काम करवाएगी, जिसके बाद उन्हें दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी। यह स्थिति युवाओं के भविष्य को और अनिश्चित बनाएगी। डॉ. सिकंदर ने सरकार से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद कर पक्की नौकरियों का चुनावी वादा पूरा करने की मांग की है।



## सुक्खू सरकार युवाओं के साथ कर रही भद्दा मजाक : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार की 'जॉब ट्रेनी' योजना को प्रदेश के युवाओं के साथ भद्दा मजाक करार दिया है।

शिमला से जारी एक बयान में जयराम ने इस योजना को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार 5 लाख नौकरियों की गारंटी और 'पहले कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरी का वादा करके सत्ता में आई थी, वह अब युवाओं से नौकरियां छीनने, खत्म करने और उनकी संभावनाओं को समाप्त करने की साजिशें रच रही है। उन्होंने कहा कि अढ़ाई साल से अधिक के कार्यकाल में सरकार ने ईमानदारी से नौकरियां देने का कोई प्रयास नहीं किया, बल्कि उनका सारा ध्यान 'नौकरियां निकालने के बजाय नौकरियों से निकालने' पर है। जयराम ने सरकार से आग्रह किया कि वह प्रदेश के युवाओं का भी ध्यान वैसे ही रखे, जैसे वह अपने 'मित्रों' का रखती है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए सैकड़ों रास्ते तलाश लेती है, लेकिन जब युवाओं को उनका हक देने की बात आती है तो उनसे उनका हक छीनने के रास्ते खोजती है।



उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद सुक्खू सरकार ने युवाओं को नौकरी देने वाले संस्थान को ही बंद कर दिया और 26 अक्तूबर 2024 को दो साल से खाली पड़े सभी पदों को समाप्त कर दिया, जिससे डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां खत्म हो गईं।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार की हर गतिविधि और नीति प्रदेश विरोधी और युवा विरोधी क्यों होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार प्रदेश के इतिहास की पहली सरकार है जो लोगों को सुविधाएं देने के बजाय छीनने और योजनाएं देने के बजाय बंद करने का काम करती है।



एसडीएम चंबा आईएएस प्रियांशु खाती ने 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र को हाथ में लेकर जन-जागरूकता, पारदर्शिता एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाने के संकल्प का समर्थन किया। उन्होंने समाचार पत्र की सकारात्मक, निष्ठावान एवं रचनात्मक पत्रकारिता की प्रशंसा करते हुए इसे पूर्ण रूप से प्रोत्साहित किया और कहा कि ऐसे प्रयास लोकतंत्र की नींव को मजबूती प्रदान करते हैं।

## शिमला में उपयोगकर्ता अनुभव और डिजाइन सिस्टम पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सहयोग से शिमला में उपयोगकर्ता अनुभव और डिजाइन सिस्टम पर जागरूकता और संवेदीकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग की सचिव राखिल काहलों ने समावेशी, कुशल और नागरिक-अनुकूल डिजिटल सेवा वितरण सुनिश्चित करने में उपयोगकर्ता अनुभव और उपयोगकर्ता इंटरफेस डिजाइन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग के निदेशक, डॉ. निपुण जिंदल ने नागरिकों को स्वयं सेवाओं की पहल करने में सक्षम बनाने और डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों पर सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में विभिन्न सरकारी विभागों के लगभग 80 अधिकारियों ने भाग लिया, जिससे डिजिटल शासन को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

**एचपीयू का 56वां स्थापना दिवस** | शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का नया अध्याय

# शोध केंद्रों व हरित ऊर्जा पहल से हिमाचल बनेगा आत्मनिर्भर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने आज अपना 56वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया, जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मंत्री सिंह ने विश्वविद्यालय की 1970 से शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सराहा।



एचपीयू में अनिरुद्ध सिंह को सम्मानित करते हुए।

उन्होंने कहा कि एचपीयू केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि प्रदेश के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास का एक सशक्त प्रतीक है, जिसने अनगिनत छात्रों को सशक्त कर देश-विदेश में हिमाचल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शोध केंद्रों और हरित ऊर्जा पहल से हिमाचल आत्मनिर्भर बनेगा।

समारोह का मुख्य आकर्षण पांच नए शोध केंद्रों का उद्घाटन रहा, जो हिमाचल के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनमें सेंटर फॉर ग्रीन एनर्जी एंड नैनो-टेक्नोलॉजी और हिमालयन सेंटर फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड रेसिलिएंस जैसे केंद्र शामिल हैं, जो 'ग्रीन हिमाचल' के सपने को साकार करने और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में सहायक होंगे।

### 'नशा मुक्त हिमाचल' बनाने में अहम भूमिका निभाएं युवा: राज्यपाल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने आज अपना 56वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और अकादमिक जोश के साथ मनाया। राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्यातिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और शिक्षकों, छात्रों, पूर्व छात्रों और कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की पांच दशकों से अधिक की समृद्ध विरासत और अकादमिक उत्कृष्टता तथा सामाजिक प्रगति में इसके लगातार योगदान की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक विश्वविद्यालय सिर्फ उच्च शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि मूल्यों, नवाचार और चरित्र निर्माण का एक जीवंत केंद्र है। विश्वविद्यालय में स्थापित पांच नए अंतःविषय अनुसंधान और नवाचार केंद्रों की सराहना की। शुक्ला ने अपने 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से जागरूकता फैलाने और एक स्वस्थ, व्यसन-मुक्त समाज को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।






*हमीरपुर शहर की सीमा से सटी अणुकलां पंचायत अब इतिहास बनने जा रही है। आगामी नगर निकाय चुनावों में यह पंचायत नगर निगम का हिस्सा बनने वाली है, जिससे इसका स्वतंत्र वजूद समाप्त हो जाएगा। अनंत ज्ञान की टीम जब पंचायत में पहुंची तो 2800 की आबादी वाले इस क्षेत्र में विकास की कुछ झलकियां जरूर नजर आईं, लेकिन अधूरे कामों की टीस भी लोगों की बातों में साफ सुनाई दी। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि अगर थोड़ा और समय मिल जाता, तो अणुकलां और अणु खुर्द को स्कूल से जोड़ने वाला रोड पक्का हो जाता और शहर व पंचायत के बीच स्थित नाले का चैनेलाइजेशन कार्य भी पूरा हो जाता। कुछ लोगों को सीवरेज और सोलर लाइट्स जैसे कार्यों से राहत जरूर मिली, लेकिन अधिकांश अब भी बुनियादी विकास की प्रतीक्षा में हैं। अणुकलां का विकास फिलहाल हिंदी फिल्म 'खट्टा-मीठा' के मशहूर गाने 'थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है...' जैसी स्थिति में खड़ा है। उम्मीद है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद इन लंबित कार्यों को गति मिलेगी।*

# अणुकलां पंचायत में 'थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है'

**विशेष रिपोर्ट**
**विक्रम ढटवालिया**
**अनंत ज्ञान ब्यूरो**
**हमीरपुर**



**अणुकलां पंचायत अब होगी नगर निगम का हिस्सा**

**लिंक रोड के खुला होने से मिलेगी बड़ी सहूलियत**

**नाला चैनेलाइज हो जाए तो फिर दूर होंगी दिक्कतें**





पंचायत घर को जोड़ने वाले रास्ते

### लोग बोले: पंचायत को गोद लेने के बावजूद विकास की गति धीमी

**कुछ** साल पहले अनुराग ठाकुर ने अणुकलां पंचायत को भारत सरकार की सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गोद लिया था। इस पहल से लोगों को उम्मीद की किरण नजर आई और कुछ हद तक विकास हुआ भी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पंचायत में सीवरेज सिस्टम बिछाया गया, सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाई गईं और कुछ अन्य बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया करवाई गईं। इन कामों से लोगों को राहत मिली और ग्राम स्तर पर बदलाव की शुरुआत हुई।

हालांकि, पंचायत के दूसरे छोर के लोगों का अनुभव थोड़ा अलग है। उनका कहना था कि पंचायत को गोद लेने के बावजूद कई जरूरी कार्य अधूरे रह गए। खासकर सड़क, नाले और जल निकासी जैसी मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी रहीं। वे यह सवाल उठाते हैं कि यदि योजना के तहत पूरी पंचायत को विकसित किया जाना था, तो कुछ क्षेत्रों में विकास की गति धीमी क्यों रही? उनका कहना है कि जो काम होना चाहिए था, वह उन्हें यहां दिखता नहीं।

### पंचायत प्रधान को सड़क पक्की न होने का मलाल



वंदना पठानिया

**पंचायत** प्रधान वंदना पठानिया का कहना है कि 30 लाख रुपए से ज्यादा अभी तक विकास कार्य पर यहां खर्चा जा चुका है। सड़क निर्माण और टाइल लगाने के लिए कई रास्ते निर्मित हुए हैं, लेकिन उन्हें इस बात का मलाल है कि यदि और वक्त मिलता तो अणु खुर्द को जोड़ने वाली सड़क भी पक्की हो जाती। इस सड़क को निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। केवल इसे पक्का किया जाना बाकी है। वंदना यह भी कहती हैं कि पंचायत घर को जोड़ने वाला रास्ता पक्का नहीं हो पाया। उसके साथ जमीन नहीं देने की वजह से कई सालों से काम रुका हुआ है। उन्हें खुद उस जगह से गुजरते हुए अजीबोगरीब लगता है, लेकिन लोग जगह नहीं देंगे, तो फिर विकास अधूरा रहेगा।

### रोहित मिन्हास विकास कार्यों से संतुष्ट



रोहित मिन्हास

**पढ़े-लिखे** एक नौजवान रोहित मिन्हास का कहना था कि इस पंचायत में विकास दिखता है। जहां कभी हम उम्मीद नहीं कर सकते थे, वहां सड़क निकली है और टायलें लगी हैं, लेकिन वह चाहते हैं कि पानी के जिस नेचुरल सोर्स से ग्रेविटी से लोगों को पानी मिलता था, उसे बेकार नहीं जाने दिया जाए। उसका फायदा पंचायत वासियों को दिया जाए। इसके लिए जल शक्ति विभाग को निश्चित रूप में काम करना चाहिए, क्योंकि नौण से काफी पानी रोजाना बेकार नाले में बहता है।



### मेन रोड के चौड़ीकरण से ग्रामीण और बच्चे गदगद

अणुं चौक और पॉलिटेक्निक कॉलेज तक इस पंचायत के बीचोंबीच गुजरने वाले मेन रोड के चौड़ीकरण का काम इन दिनों चल हुआ है। लोग इससे बहुत खुश हैं। वे थोड़ी-थोड़ी जमीन भी इसके लिए दे रहे हैं, ताकि स्थायी तौर पर दो वाहन गुजरने के लिए सड़क व्यवस्थित हो जाए। काम का ज्यादातर हिस्सा खुला हो गया है अब बरसात के बाद इस पर टारिंग होगी।

**वहीं,** स्कूल जाने वाले कई बच्चे भी मिले। उनका कहना था सड़क के खुला होने से अब इस सड़क से और बसें चलेंगी। स्कूल जाने के लिए उन्हें ज्यादा सुविधा होगी। अब जाम भी नहीं लगा करेगा।



*पंचायत के सदस्य संजय कुमार कहते हैं कि काम तो बहुत हुए हैं, लेकिन जब सांसद ने पंचायत गोद ली, उस समय में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। रास्ते खूब पक्के हुए हैं। अब मुख्य सड़क भी चौड़ी हो रही है इससे काफी सहूलियत होगी।*

### बहुत काम हुए, पर अब समेटा जा रहा पंचायत रिकॉर्ड



विंटू देवी

**पंचायत** की सचिव विंटू देवी का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में काफी काम हुआ है। कई काम अभी जारी हैं, लेकिन अब यह पंचायत नगर निगम का हिस्सा बन जाएगी इसलिए रिकॉर्ड को समेटने का काम भी शुरू हो चुका है। उसे बांधकर नगर निगम कार्यालय ही पहुंचाया जाएगा। अभी इसकी तैयारी हो रही है। जैसे ही आदेश आएंगे, रिकॉर्ड शिफ्ट होगा।

### गांव में दिखी विकास की बहती हुई गंगा : मंगली राम



मंगली राम

**मंगली** राम पिछले 18 साल से इसी पंचायत में काम कर रहे हैं। वह अब स्थायी रूप से ही यहां रहते हैं। वह कहते हैं इन 18 सालों में उन्होंने यहां इस पंचायत के हर गांव में विकास की बहती हुई गंगा देखी है। बहुत बड़े स्तर पर काम हुए हैं। जब सांसद ने पंचायत को गोद लिया था, तो सीवरेज की सुविधा मिली।

## क्या कहते हैं अन्य पंचायतवासी

**गांववासी** सुभाष चंद्र कहते हैं कि काम तो ठीक चल रहे हैं। सोलर लाइट्स भी लगी हैं, लेकिन गोद लेने के समय जितना काम होना चाहिए था, वह दिखा नहीं। उस समय एक सफाई अभियान की उन्हें झलक याद है। अणु खुर्द के मिलाप चंद सड़क चौड़ी होने से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि सुविधाएं तो ठीक-ठीक हैं। काम भी ठीक ही हो रहे हैं। नगर निगम बनने के बाद क्या होगा, पता नहीं, जबकि जगदीश चंद्र का कहना था कि देखते हैं, नगर निगम बनने के बाद यहां की तकदीर कैसे बदलेगी। पंचायत के समय तो अच्छे काम हुए हैं।



### मेरे घर तक सड़क नहीं : प्रोमिला देवी



**प्रोमिला देवी** कहती हैं कि उनके घर तक सड़क नहीं है। सड़क हो जाए, तो बढ़िया हो जाएगा। इस पर पंचायत को ध्यान देना चाहिए। मिलजुल कर सभी को काम करना चाहिए। सड़क का घर तक होना आज के जमाने में बहुत जरूरी है।

### पूर्व उपप्रधान पवन ठाकुर विकास कार्यों से खुश नहीं



**पंचायत** के पूर्व उप प्रधान पवन ठाकुर मौजूदा लगभग 5 सालों में हुए विकास से खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि काम कहीं दिखता नहीं। सांसद ने जब गोद लिया था इस पंचायत को तब भी कुछ नहीं हुआ। जितना कम होना चाहिए था वह हो नहीं पाया। कई रास्ते अभी भी अधूरे हैं। बरसात में जिन्हें नुकसान हुआ उनकी रिपेयर नहीं हुई, लेकिन सड़क खुली होने से हो सकता है फायदा होगा। विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पिक एंड चूज नहीं होना चाहिए। कई जगह पर सड़क को पूरा एक्वायर नहीं किया जा रहा इसे कइयों में नाराजगी भी है।

### अशोक रत्न ने संभाला एसपी कांगड़ा का अतिरिक्त कार्यभार, बोले–

# नशा तस्करों पर पुलिस की कड़ी नजर, चेन तोड़ना मेरी प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा में नशा तस्करों की चेन को तोड़ना पुलिस की प्राथमिकता रहेगा। तस्करों की हर गतिविधियों पर पुलिस कड़ी नजर बनाए हुए है। युवाओं को नशा के बजाय खेल गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बात एसपी कांगड़ा का अतिरिक्त कार्यभार संभालने उपरांत एसपी अशोक रत्न ने मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले में चिट्टे का कारोबार करने वाले सौदागरों को यह चेता दिया है कि चिट्टे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।



नशा तस्करों के खिलाफ जिला पुलिस के चलाए गए अभियान के तहत कई आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। आने वाले समय में यह अभियान नूरपुर के साथ जिला कांगड़ा में भी तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में चिट्टे का नशा एक बड़ा मसला बना हुआ है और इसको रोकने के लिये पुलिस द्वारा समय समय पर सख्त कारवाई भी अमल में लाई जा रही है।

### ट्रैफिक जाम की समस्या से दिलाएंगे निजात

**अशोक** रत्न कहा कि जल्द ही जिला पुलिस द्वारा ऐसे कई कार्यक्रम आने वाले समय में चलाए जाएंगे, जिनमें युवाओं को चिट्टे के दुष्प्रभाव और इस नशे से होने वाले नुकसान से भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला एक पर्यटन नगरी है और भारी संख्या में पर्यटक यहां घूमने आते है, जिस कारण यहां पर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे निपटने के लिए जल्द एक अहम बैठक का आयोजन किया जाएगा।

कांगड़ा जिले में अभी तक चिट्टे के कारोबार में संलिप्त लोगों की अवैध संपत्ति को पुलिस द्वारा जब्त करके उन्हें नष्ट किया गया है। अशोक रत्न ने कहा कि जिन लोगों की संपत्तियों को जब्त करने के बाद उन्हें नष्ट करने के आदेश जारी हुए हैं, उस पर भी पुलिस द्वारा जल्द कारवाई अमल में लाई जाएगी। अशोक रत्न ने जिला कांगड़ा के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी युवा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भाग ले ताकि युवा इस चिट्टे की लत से बचे रहे।

## कांग्रेस कर रही विकास भाजपा करती सिर्फ राजनीति: मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां–परागपुर क्षेत्र के डाडासीबा में मंगलवार को आयोजित युवा सम्मेलन में कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विधायक बिक्रम ठाकुर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल घोषणाओं की है, जबकि जमीनी काम कांग्रेस सरकार कर रही है। मनकोटिया ने कहा कि मैं चुनाव भले हार गया हूं, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष जारी है। मुख्यमंत्री सुक्खू का आशीर्वाद जसवां–परागपुर क्षेत्र पर बना हुआ है, जिसका परिणाम है– डाडासीबा में डीएसपी कार्यालय की स्वीकृति, अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति और परागपुर को तहसील का दर्जा मिलना। इसके अलावा और भी कई विकासात्मक कार्य हुए है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़ें और आने वाले चुनावों में भाजपा को उसके झूठे वादों का जवाब दें। इस मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव सचिन ठाकुर और शाहपुर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुनील भारद्वाज मौजूद रहे।

# पठानिया ने किया भनाला से चौरी वाया पक्का टियाला बस सेवा का शुभारंभ

### उपमुख्य सचेतक बोले– सिंचाई और सड़क परियोजनाओं से ग्रामीणों को बड़ी राहत

▶ आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए राहत कोष में यथासंभव योगदान दें

**कोहली, अनंत ज्ञान**



एचआरटीसी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केवल सिंह पठानिया।

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को भनाला में भनाला से चौरी वाया पक्का टियाला एचआरटीसी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह बस प्रतिदिन प्रात: 11:45 बजे शाहपुर से चलकर पक्का टियाला, भनाला व चौरी होते हुए वापसी करेगी। इस मौके पर विधायक ने बताया कि क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सरकनी कूहल परियोजना पर 9 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है और लगभग 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। इस कूहल के निर्माण से भनाला, गोरड़ा, हटली और मंजग्रां पंचायतों के सैकड़ों किसान परिवारों की 488 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि 18 करोड़ की लागत से भनाला–रूलेड सड़क के उन्नयन एवं विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि भनाला में राधा–कृष्ण मंदिर में भवन का निर्माण 3 लाख, शेड निर्माण 2 लाख, तथा टाइलिंग का कार्य 50,000 की लागत से किया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में यथासंभव योगदान दें, ताकि प्रदेश एकजुट होकर संकट की घड़ी में साथ खड़ा हो सके।

## डरोह के देवी में रोपे आंवला, अमरूद के पौधे

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा अंचल– पालमपुर में एकल वन के तहत डरोह के देवी नामक स्थान पर पौधा रोपण किया गया। यह पौधारोपण 22 जुलाई दिन मंगलवार को हुआ, जिसमें 490 पौधे देवदार, नीबू, पीपल, संतरा, हरड, बहेडा, अमरूद व आंवला आदि लगाए गए। इस अवसर पर प्रभाग पी 6 सीएसआर प्रमुख प्रदीप अवस्थी, भाग अध्यक्ष विक्रम चंद, भाग अभियान प्रमुख विपिन सपहिया, भाग गतिविधि प्रमुख बेबी बलौरिया, अंचल उपाध्यक्ष रीना ,अंचल अभियान प्रमुख आशा देवी, अंचल गतिविधि प्रमुख निशा कुमारी, सभी संचों के संच प्रमुख , संच व्यास कथाकार, संच डरोह व मारंडा की आचार्य भी शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में भाग अध्यक्ष विक्रम चंद अंचल उपाध्यक्ष रीना का बहुत सहयोग रहा। इसमें आए सभी कार्यकर्ताओं और आचार्य का भाग अध्यक्ष ने मार्गदर्शन भी किया ।उन्होंने बताया कि पौधों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है।

# छन्नी बेली गांव में नशे के खिलाफ किया जागरूक




इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में 15 अगस्त तक चलाया जाएगा नशा मुक्त इंदौरा अभियान।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

▶ लोगों ने की समाजसेवी अंकुश इंदौरिया की सराहना

▶ नोबेल कम्युनिटी फाउंडेशन से चलाया जाएगा अभियान

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत समाजसेवी अंकुश इंदौरिया द्वारा 21 जुलाई से लेकर 15 अगस्त तक नोबेल कम्युनिटी फाउंडेशन के सहयोग से नशा मुक्त इंदौरा अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी के तहत मंगलवार को छन्नी बेली गांव के सरकारी हाई स्कूल में नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक मंगल सिंह, स्कूल के हेडमास्टर सुरिंदर पाल, छन्नी बेली के प्रधान राय सिंह, उपप्रधान अश्वनी कुमार व थाना डमटाल के एएसआई गैश लाल तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नशे के खिलाफ इस अभियान को लेकर समाजसेवी अंकुश की सराहना की।


# ईडी पर मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी गंभीर, केंद्र करे आत्मनिरीक्षण : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

▶ कहा- पीएम मोदी से मिलकर सभी सांसद करें अति विशेष राहत का आग्रह

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज के दो समाचारों ने मुझे बहुत बुरी तरह आहत कर दिया। एक समाचार से आंखें आसुओं से भर गईं और दूसरे समाचार से सिर शर्म से झुक गया। उन्होंने कहा कि चंबा में नई शादी के बाद पत्नी पहली बार मायके गई। पांच दिन के बाद पति उसको लेने ससुराल गया। रात को भूस्खलन हुआ मकान पर चट्टान गिरी और मेहंदी लगे हाथों समेत नव विवाहिता पति पत्नी की जिंदगी समाप्त हो गई। इसी प्रकार के दर्दनाक समाचार रोज पढ़ने को मिल रहे हैं। प्रदेश के इतिहास की यह सबसे बड़ी आपदा है।

हिमाचल में 135 लोग मर चुके हैं, जबकि 30 लापता हैं और सैकड़ों घायल हैं। उन्होंने आग्रह किया कि हिमाचल के सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मोदी को मिले और विशेष नहीं अति विशेष राहत के लिए आग्रह करें। शांता कुमार ने कहा भारत के सर्वोच्च



न्यायालय के मुख्य न्यायधीश ने एक तलख टिप्पणी में कहा कि ईडी ने सारी हदें पार कर ली। पार्टियों को राजनीति चुनाव में करनी चाहिए। विपक्ष कई बार इस प्रकार का आरोप लगा चुका है, परंतु सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश द्वारा कहा जाए, यह अति गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि यह पढ़कर मैं 'शर्मिंदा हुआ हूं। भाजपा को ऐसा करने की कोई आवश्यकता भी नहीं है। पूरे भारत ने प्रबल समर्थन दिया है। पूरे देश में भाजपा और नरेंद्र मोदी का दूर–दूर तक कोई विकल्प नहीं है। केंद्र सरकार को इस पर आत्म निरीक्षण करना चाहिए और ईडी को उपयुक्त आदेश दिया जाना चाहिए। शांता ने ईडी की कार्यप्रणाली पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की तीखी टिप्पणी को अत्यंत गंभीर बताया है और केंद्र सरकार से इस पर गहन आत्मनिरीक्षण करने का आग्रह किया है।

# जॉब ट्रेनी रखना दुर्भाग्यपूर्ण युवाओं से धोखा: मुल्खराज

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** चुनाव से पूर्व बेरोजगारों को पांच लाख नौकरियों का राग अलाप कर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस पार्टी अब रेगुलर नौकरी देने के बजाए जॉब ट्रेनी रखने की बात कर रही है, जोकि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।



यह बात पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस तरह के निर्णय बेरोजगारों के हितों पर गहरा कुठाराघात है। प्रदेश सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है।

पूर्व विधायक ने कहा कि अध्यापक बनने के लिए युवा पहले स्नातक स्तर की शिक्षा ग्रहण कर अनिवार्य प्रोफेशनल डिग्री बीएड ग्रहण करता है। तदोपरांत प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर अध्यापक के पद पर पहुंचता है, लेकिन अब प्रदेश सरकार की नई नीति में अध्यापक का पद ग्रहण करने के बाद रेगुलर होने के लिए फिर से परीक्षा की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

इसके अतिरिक्त अन्य पदों के लिए भी ऐसी व्यवस्था की जा रही है,तदोपरांत बिना पेंशन व अन्य लाभों से वंचित कर उसे रेगुलर किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था प्रदेश की कांग्रेस की सरकार ने सरकारी नौकरियों के लिए कर दी है। मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि असल में मौजूदा कांग्रेस सरकार युवाओं को नौकरियां देना ही नहीं चाहती,इस लिए तरह तरह की शर्तें लगा कर युवाओं को सरकारी नौकरियों के प्रति हतोत्साहित कर रही है,ताकि बेरोजगार युवा स्वयं ही सरकारी नौकरियों के लिए आगे न आएं।

# धर्मशाला के छात्र प्रथम ने सराज पीड़ितों के लिए दान की गुल्लक



प्रथम पुरी ने गुल्लक में जमा राशि उपायुक्त हेमराज बैरवा के पास की सुपुर्द।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

▶ पेश की मानवता की मिसाल पीएस फाइव के लिए जोड़े थे पैसे

**धर्मशाला** के साथ लगते शीला चौक के रहने वाले और सक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय छात्र प्रथम पुरी ने इंसानियत और संवेदनशीलता की एक मिसाल पेश की है।

प्रथम पुरी लंबे समय से प्लेस्टेशन फाइव (पीएस 5) गेमिंग कंसोल खरीदने के लिए अपनी गुल्लक में पैसे जमा कर रहा था, लेकिन जब उसे मंडी जिले के सराज क्षेत्र में आई भीषण आपदा की जानकारी मिली, तो उसका दिल पीड़ितों की मदद के लिए पसीज गया। अपनी इच्छाओं को दरकिनार करते हुए प्रथम ने गुल्लक के पैसे मंगलवार को जिला उपायुक्त कार्यालय में डीसी हेमराज बैरवा के पास जमा करवाए। यह राशि सराज आपदा राहत कोष के माध्यम से पीड़ितों तक पहुंचाई जाएगी। प्रथम की इस संवेदनशीलता और उदारता ने सभी को भावुक कर दिया है। डीसी ने उसकी इस पहल की सराहना की है और कहा कि इस उम्र में ऐसा सोच रखना वाकई प्रेरणादायक है।

## बलगांव में सैर कर रहे कृषि सहकारी सभा के सचिव पर गीदड़ ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के तहत लोअर बलवाल गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब लोअर बलवाल के कृषि सहकारी सभा के सचिव रजनीश कुमार पर जंगली गीदड़ ने हमला कर दिया।

सोमवार शाम रजनीश झील के किनारे सैर करके वापस लौट रहे थे, तो तभी झाड़ियों से निकले एक गीदड़ ने उन पर हमला कर दिया। रजनीश को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। गीदड़ ने उन्हें कई जगह पर काट खाया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। रजनीश को सिविल अस्पताल डाडासीबा में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। वन विभाग डाडासीबा के रेंजर राजेश कुमार ने बताया उक्त जानवर पागल हो गया है, इसलिए लोग सावधानी बरतें। उन्होंने लोगों से शाम को घर से बाहर न निकलने और विभाग से संपर्क में रहने की अपील की है ताकि किसी भी स्थिति में उचित सहायता प्राप्त की जा सके

# एबीवीपी ने ट्रेनी पॉलिसी रद्द करने की बुलंद की आवाज



एबीवीपी की कांगड़ा इकाई ने नई ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ धरना–प्रदर्शन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**एबीवीपी** की कांगड़ा इकाई ने मंगलवार को बारिश के बीच सरकार की नई ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ जोरदार धरना–प्रदर्शन किया। जिला सह संयोजक आयुष चौधरी ने कहा कि यह नीति प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव के समय एक लाख नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब अस्थायी और शोषणकारी ट्रेनी व्यवस्था थोप कर युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। इस नई नीति के तहत ग्रुप–ए से सी तक की नई भर्तियां नियमित कर्मचारियों की बजाय ट्रेनी के रूप में की जाएंगी, जिन्हें दो साल तक न छुट्टी, न पेंशन और न ही अन्य सरकारी सुविधाएं मिलेंगी। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह नीति जल्द वापस नहीं ली तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदेशव्यापी प्रदर्शन और विधानसभा घेराव तक की योजना बनाई जाएगी। परिषद ने सरकार से मांग की है कि प्रदेश के युवाओं को सम्मानजनक, सुरक्षित और स्थायी रोजगार दिया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।

# विधायक कमलेश ने नैहरनपुखर पंचायत में किया सड़क का लोकार्पण

### कहा– जो काम सरकारें 50 साल में नहीं कर सकीं, हमने कुछ महीनों में किया

**अनंत ज्ञान, गरली**

**उपमंडल** देहरा के तहत दयाल नैहरनपुखर पंचायत में मंगलवार को विधायक कमलेश ठाकुर ने 1.5 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का लोकार्पण किया।

ग्रामीणों को पिछले 50 वर्षों से हर दिन गंदे और खतरनाक नाले से लोगों को गुजरना पड़ता था। अब पक्की और सुरक्षित सड़क बनने से लोगों ने राहत की सांस ली है। कमलेश ने कहा कि जो काम सरकारें 50 साल में नहीं कर सकीं, उसे हमने जनभावनाओं को समझते हुए कुछ ही महीनों में पूरा किया। यह सड़क लोगों के संघर्ष, पंचायत के प्रयास और सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक है।

पंचायत प्रधान ममता देवी ने इस सड़क की गंभीर आवश्यकता को कुछ माह पहले विधायक के समक्ष रखा था। विधायक कमलेश ने तत्काल 70 लाख रुपए का बजट



नैहरनपुखर में सड़क का उद्घाटन करने पहुंची विधायक कमलेश ठाकुर का स्वागत करती पंचायत प्रधान ममता देवी व अन्य।

स्वीकृत कराया और कुछ ही महीनों में सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवा कर मंगलवार को जनता को समर्पित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर अब पक्की सड़क बनी है, वहां पहले एक गहरा और कीचड़ से भरा नाला हुआ करता था। बरसात में यह रास्ता पार करना किसी मुसीबत से कम नहीं था। इस अवसर पर एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन तहसीलदार देहरा, विभिन्न विभागों केअधिकारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**चिंता** पालमपुर के कृषि वैज्ञानिकों ने दी घास के प्रसार को रोकने के उपायों को अपनाने की सलाह

# 'दोधू घास' से फसलों को बड़ा खतरा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कृषि वैज्ञानिकों ने अल्टरनेंथेरा फिलोक्सेरोइड्स, जिसे आमतौर पर एलिगेटर खरपतवार के रूप में जाना जाता है और प्रदेश में स्थानीय नाम 'नाली घास' या 'दोधु घास' है, जिस पर चिंता जताई है। ये खरपतवार राज्य के जलीय और स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र के लिए तेजी से एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस मौसम में धान के खेतों और अन्य खरीफ फसलों में एलिगेटर खरपतवार के तेजी से फैलने की खबरें आई हैं, जिससे किसानों के लिए बड़ी चुनौतियां पैदा हो रही हैं। इसकी आक्रामक वृद्धि, विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों के प्रति उच्च सहनशीलता, वानस्पतिक प्रजनन, छोटी किशोर अवधि और फैलाव की असाधारण क्षमता इसे बेहद खतरनाक बनाती है। यह खरपतवार स्थानीय पौधों को विस्थापित करता है। फसलों के



कृषि विवि पालमपुर के वैज्ञानिकों ने फसलों को नुकसान पहुंचा रहे घास पर चिंता जताई है।

साथ पोषक तत्व, जल, प्रकाश और स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करता है और एलीलोफैथिक प्रभावों के कारण पैदावार में भारी कमी करता है। राज्यभर के किसानों ने इस मौसम में धान के खेतों में गंभीर संक्रमण की सूचना दी है, जबकि मक्का, सोयाबीन, सब्जियों और अन्य खरीफ फसलों में इसके प्रसार ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस खरपतवार के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप विशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों की सिफारिश की है। मक्का और चावल के खेतों के लिए खरपतवार की वृद्धि को प्रभावी ढंग से दबाने के लिए 2,4–डी एथिल एस्टर या Na लवण @ 1000 ग्राम/हेक्टेयर, मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल @ 4–6 ग्राम/हेक्टेयर, और कार्फेंट्राजोन @ 25 ग्राम/हेक्टेयर जैसे चुनिंदा खरपतवारनाशियों के प्रयोग का सुझाव दिया गया है। गैर–फसलीय और परती क्षेत्रों में, 1000 ग्राम/हेक्टेयर की दर से ग्लाइफोसेट का प्रयोग खरपतवार उन्मूलन के लिए अत्यधिक प्रभावी साबित हुआ है।

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को इस आक्रामक प्रजाति के तेजी से प्रसार को रोकने के लिए समय रहते इन नियंत्रण उपायों को अपनाने की सलाह दी है। प्रारंभिक हस्तक्षेप न केवल फसल की पैदावार की सुरक्षा के लिए, बल्कि कृषि और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में खरपतवार के प्रभुत्व को रोकने के लिए भी महत्वपूर्ण है। किसानों को सुरक्षित और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए उचित अनुप्रयोग तकनीकों के लिए स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) या विस्तार विशेषज्ञों से परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# गरली के नाहन नगरोटा में 85 लोगों का जांचा स्वास्थ्य




डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

▶ 15 मरीज हड्डियों व 7 शुगर और 5 बीपी से पीड़ित पाए गए

**गरली।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू की गई मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत मंगलवार को नाहन नगरोटा में डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 85 लोगों की जांच की गई।

इस दौरान 15 मरीज हड्डियों से संबंधित समस्याओं, 7 शुगर, 5 बीपी, 1 स्त्री रोगी और 57 अन्य सामान्य रोगों से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों ने मरीजों को उनके रोग के अनुसार जरूरी परामर्श दिया और जीवनशैली में बदलाव की सलाह दी। पंचायत प्रधान मोहित कौंडल, संयोजक रमन शर्मा, सुरिंदर कुमार, मुनीश धीमान सहित अन्य गणमान्य लोग शिविर में मौजूद रहे और सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयास की सराहना की। ग्रामीणों ने भी कहा कि यह सेवा असल मायनों में विकास की सही दिशा है।

## नगर निगम पालमपुर ने की मैनुअल स्कैवेंजिंग प्रथा के पूर्ण उन्मूलन की घोषणा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर ने घोषणा की है कि पालमपुर नगर निगम क्षेत्र में 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' जैसी अमानवीय एवं अपमानजनक प्रथा का पूर्णत: उन्मूलन वर्ष 2010 से पहले ही सफलतापूर्वक कर लिया गया था। वर्तमान में नगर निगम की सीमा के अंतर्गत इस प्रकार की कोई भी गतिविधि नहीं पाई गई है। मैनुअल स्कैवेंजिंग, मानव मल–मूत्र की हाथ से सफाई करने की एक परंपरागत प्रथा है, जो मुख्य रूप से सामाजिक–आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जातियों से जुड़ी रही है। यह कार्य न केवल अपमानजनक है, बल्कि व्यक्ति की गरिमा के भी विरुद्ध है। भारत सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा समय–समय पर इस प्रथा के उन्मूलन के लिए अनेक कानूनी प्रावधान, योजनाएं एवं सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार, राज्य का यह कर्तव्य है कि वह अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नागरिकों के शैक्षिक और आर्थिक हितों की रक्षा करे तथा उन्हें सामाजिक अन्याय और शोषण से सुरक्षित रखे। पालमपुर नगर निगम इस दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जहां यह अमानवीय प्रथा पिछले कई वर्षों से समाप्त हो चुकी है। हम आशा करते हैं कि यह पहल अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विकास शर्मा आयुक्त नगर निगम, पालमपुर ने कहा कि यदि इस सार्वजनिक सूचना के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना है, तो वह 15 दिनों के भीतर नगर निगम पालमपुर कार्यालय में अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### एडीएम ने 'तू ही मेरा प्यार' गाना किया रिलीज



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कोटला क्षेत्र के नियांगल पंचायत निवासी एवं पहाड़ी लोक गायक तेरा मेरा लग्न, गुज्जरो फेम राज जैरी (जरयाल) का नया गाना तू ही मेरा प्यार धर्मशाला में रिलीज किया गया। इस गाने को एडीएम शिल्पी बेक्टा ने रिलीज किया। गाने में संगीत अजय नेगी और निर्देशन अमन राजपूत ने दिया है। इस गाने में नृत्य करने की भूमिका राहुल जरयाल, नितीश, पल्लक और कशिश ने निभाई है। इसके निर्माता एसएल जरयाल हैं। जैरी ने बताया की यह गाना पहाड़ी स्टार प्रोडक्शन के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना प्रेम पर आधारित है। राज जैरी पहले भी कई गाने गा चुके हैं और दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद भी किया है।

### ज्वालाजी में 24 से हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** 25 जुलाई से 3 अगस्त तक चलने वाले श्रावण अष्टमी नवरात्र मेलों के दृष्टिगत ज्वालाजी नगर पंचायत क्षेत्र में 24 जुलाई से 4 अगस्त तक हथियारों और विस्फोटक पदार्थों के परिवहन एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि ज्वालाजी में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नवरात्र के दौरान यह निर्णय लिया है। एसडीएम ने कहा कि नवरात्र सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से बीते इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। अतः क्षेत्र के लोगों एवं आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के हथियार और असला बारूद को साथ न रखें। प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा।

### सदवां गांव में निशा फ्लावर नर्सरी का शुभारंभ



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** वणी पंचायत के सदवां गांव में मंगलवार को एक प्रेरणादायक पहल के तहत निशा फ्लावर नर्सरी का शुभारंभ किया गया। इस नर्सरी की स्थापना उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी जोगिंदर सिंह गोमरा ने की है, जिसका नाम उन्होंने अपनी धर्मपत्नी निशा देवी के सम्मान में रखा। पंचायत वणी की प्रधान बिंदु ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर नर्सरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उद्यान विभाग के पूर्व अधिकारी अशोक मिन्हास, पंचायत सदस्य और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी का स्वागत जोगिंदर सिंह गोमरा और उनकी पत्नी निशा देवी ने आत्मीयता के साथ किया और भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील की।

### हिमाचल को टीबी मुक्त बनाने में योगदान दें

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉक्टर दिलावर डेओल के नेतृत्व में हेल्थ वेलनेस सेंटर करनाथू में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को टीबी मुक्त हिमाचल अभियान 2025 के बारे में जानकारी दी गई। लोगों से हिमाचल को टीबी मुक्त बनाने के पौधों का योगदान देने का आग्रह किया गया। इस मौके पर एसटीएस रोहित ठाकुर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुशीला, सपना कुमार, डीईओ सतीश तथा आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं। वहीं, स्टाफ को आरसीएच पोर्टल तथा एचआईएमएस पोर्टल में आ रहे अंतर को दूर करने के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया।

### बसनूर गांव में लोगों ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा जिला कांगड़ा महामंत्री अरविंद चौधरी के नेतृत्व में भारतीय युवा जागृति मंच के सहयोग से बसनूर गांव में पौधरोपण किया गया। युवा मोर्चा द्वारा जिलाभर में इस अभियान के अंतर्गत 1000 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। अरविंद ने कहा कि जब तक हम पेड़ों को मां की तरह नहीं मानेंगे, तब तक पर्यावरण की रक्षा नहीं हो सकती। कार्यक्रम में गांव के युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### चाह गांव में मालटा पौधरोपण का शुभारंभ



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती और उपनिदेशक उद्यान, जिला कांगड़ा, डॉ. सुरिंद्र राणा ने प्रदेश शिवा परियोजना के तहत मंगलवार को विकास खंड सुलह की चांदड़-बमियाल पंचायत के चाह गांव में मालटा पौधरोपण का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत लगभग 10,000 मालटा के पौधों का रोपण किया जाएगा, जिससे गांव के लगभग 70 बागवानों को सीधा लाभ मिलेगा। शिवा प्रोजेक्ट, सीएचपीएमए कमेटी चाह के प्रधान, विजय गुलेरिया ने बताया कि यह परियोजना गांव में अलग-अलग स्थानों पर लागू की जाएगी, जिसमें चाह में ही लगभग 10,000 मालटा के पौधे लगाए जाएंगे। अभी तक 3,000 पौधे पहुंच चुके हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उन्हें हर क्षेत्र में सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों को ऐसे पौधे लगाने की सलाह दी जिससे उत्पादन अधिक हो और आय में भी वृद्धि हो।

---

### टेंपरेरी डिस्कनेक्शन ऑर्डर जारी होने पर हरकत में आए बिजली उपभोक्ता

# सत्रह लाख के पेंडिंग बिजली बिलों में से साढ़े 13 लाख से ज्यादा जमा

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** विद्युत मंडल धर्मशाला की ओर से टेंपरेरी डिस्कनेक्शन ऑर्डर (टीडीसीओ) जारी होने के बाद विद्युत उपभोक्ता हरकत में आए हैं। सत्रह लाख की बिल पेंडिंग पर टीडीसीओ जारी होने के बाद उपभोक्ताओं की ओर से साढ़े तेरह लाख से अधिक की पेंडिंग को क्लीयर किया गया है।

विद्युत बोर्ड की ओर से जारी मासिक बिजली बिल की तय तिथि के 15 दिन बाद नोटिस जारी किए जाते हैं, इसके बावजूद बिल जमा न करवाने पर टीडीसीओ जारी किए जाते हैं। यह प्रक्रिया किसी एक माह की नहीं है, बल्कि हर माह समय पर बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के टीडीसीओ जारी किए जाते हैं। विद्युत बोर्ड मंडल कार्यालय धर्मशाला से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले माह समय पर बिल भुगतान न होने पर 867 के लगभग टीडीसीओ जारी किए गए थे, जिसमें सत्रह लाख के लगभग टीडीसीओ और नोटिस की रिकवरी बनती थी, जिसमें से साढ़े तेरह लाख के लगभग रिकवरी हो चुकी है। बिल की तय तिथि के 15 दिन बाद नोटिस पीरियड शुरू हो जाता है। नोटिस पीरियड पूरा होते ही टीडीसीओ की प्रक्रिया शुरू की जाती है।

**अनंत ज्ञान खास खबर**

**ऑनलाइन भी किए जा रहे टीडीसीओ**

**स्मार्ट** विद्युत मीटर के तहत बोर्ड के पास ऑनलाइन सुविधा भी है, जिसका भी टीडीसीओ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा जहां स्मार्ट मीटर नहीं है, वहां पर पूर्व की तरह बोर्ड स्टाफ टीडीसीओ कर रहा है।

> पिछले माह समय पर बिल जमा न करवाने पर 867 टीडीसीओ जारी किए गए थे, जिस पर सत्रह लाख रुपए की बिल पेंडिंग की एवज में साढ़े 13 लाख रुपए से अधिक की रिकवरी की गई है। टीडीसीओ के लिए स्मार्ट मीटर के तहत ऑनलाइन सुविधा का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।
>
> **-विकास ठाकुर, एक्सईएन, विद्युत मंडल धर्मशाला।**

---

# जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के साथ धोखाः बिक्रम ठाकुर

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**



प्रेसवार्ता करते पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर।

**देहरा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जॉब ट्रेनी पॉलिसी को युवाओं के साथ धोखा बताया। बिक्रम ने कहा कि पूर्व में नेता प्रतिपक्ष रहे वर्तमान में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चुनावों से पहले चिल्ला-चिल्लाकर युवाओं को 58 साल तक की पक्की नौकरी देने का वादा किया था।

अब वही सरकार युवाओं को नौकरी की जगह ट्रेनिंग देने की योजना लागू कर रही है, जो प्रदेश के 12 लाख बेरोजगारों के साथ सरासर धोखा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आने वाले दिनों में प्रदेश का नौजवान सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के भीतर कुछ मंत्री, अफसर और मित्र सरकार को सही दिशा में नहीं चलने दे रहे हैं, जिससे हालात बिगड़ते जा रहे हैं। पूर्व मंत्री ने वन विभाग को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी मात्रा में बहकर आई लकड़ी का मामला महीना भर पुराना हो गया है, लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि इसमें सरकार के चहेते लोग शामिल हैं। बिक्रम ठाकुर ने सरकारी अस्पतालों में 10 रुपये की पर्ची लगने के फैसले को भी गरीब विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने बस किराया न्यूनतम 10 रुपए कर गरीबों पर बोझ डाला और अब अस्पताल में पर्ची के नाम पर भी दस रुपए वसूल रही है। इससे न सरकार को कोई फायदा होगा, न गरीबों को कोई राहत मिलेगी।

---

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइटस प्रभावित, खराब मौसम बाधा

### एयरपोर्ट पर पांच में से दो फ्लाइटें ही लैंड हो पाई

**अनंत ज्ञान, गगल**





**कांगड़ा** एयरपोर्ट पर खराब मौसम के चलते फ्लाइटस लैंडिंग प्रभावित हुई हैं। केवल दो ही विमान दिल्ली से कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुए, जबकि तीन विमान अपनी सेवाएं रद्द हो गई।

कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को पांच फ्लाइटें कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड होनी थी, लेकिन उनमें से केवल दो ही विमान लैंड हुए, जिनमें से एक स्पाइस जेट और दूसरा इंडिगो का विमान कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। दोपहर का स्पाइसजेट का विमान ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द हुआ, जबकि की इंडिगो के दो विमान खराब मौसम के चलते रद्द हुए।

इनमें से एक इंडिगो का विमान जो आसमान में एक घंटा चक्कर लगाता रहा और एक घंटे के बाद कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ और वापस कांगड़ा एयरपोर्ट से चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से दिल्ली को टेक ऑफ हो गया। यही इंडिगो का यह विमान चंडीगढ़ से कांगड़ा एयरपोर्ट पर वापस लैंड करना था, लेकिन वापस नहीं आया और चंडीगढ़ से ही दिल्ली चला गया। कांगड़ा एयरपोर्ट पर इंडिगो के यात्रियों को फ्लाइट न मिलने पर एयरपोर्ट पर तैनात अधिकारियों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यात्रियों को देहली से कनेक्टेड फ्लाइटों से हाथ धोना पड़ रहा है।

---

# बीमा कंपनी को नौ फीसदी ब्याज सहित उपभोक्ता को देने होंगे 46207 रुपए

### उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला, मुकदमे के तौर पर देने होंगे 10000 रुपए

**उपभोक्ता को 12000 मानसिक व शारीरिक कष्ट मुआवजे के तौर पर करना होगा भुगतान**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बीमा** कंपनी की ओर से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित उपभोक्ता को 46207 रुपए की इलाज राशि का भुगतान करने के आदेश जारी किए हैं। यह इलाज राशि कंपनी द्वारा उपभोक्ता को शिकायत दर्ज होने की तारीख से भुगतान के रूप में अदा करनी होगी।

इसके साथ ही बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को 12000 रुपए मानसिक व शारीरिक कष्ट मुआवजा व 10000 रुपए मुकदमे के तौर पर भुगतान करना होगा। यह आदेश उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने जारी किए हैं। शिकायतकर्ता की ओर से आयोग में दर्ज की गई शिकायत के तहत बताया था कि उन्होंने एक बीमा कंपनी से हैप्पी फैमिली फ्लोटर पॉलिसी-2021 के तहत 21 अक्तूबर 2022 से 20 अक्तूबर 2023 तक का बीमा लिया था, जिसकी बीमित राशि 5 लाख रुपए थी। 17 अप्रैल 2023 को उन्हें अचानक पीठ में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें मोहाली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां 19 अप्रैल 2023 तक इलाज चला। इलाज पर कुल 46,207 रुपए खर्च हुए।

**बीमा कंपनी ने क्लेम को किया था खारिज**

**शिकायतकर्ता** सोनिया ने इलाज के सभी दस्तावेज, बिल और बीमा पॉलिसी की प्रतियां बीमा कंपनी को क्लेम के लिए भेजी, लेकिन बीमा कंपनी ने बिना कोई संतोषजनक कारण बताए क्लेम को खारिज कर दिया। इसको लेकर बीमा कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए यह तर्क दिया कि क्लेम अस्वीकार इस कारण किया गया, क्योंकि इलाज का कोई सक्रिय उपचार प्रस्तुत नहीं किया गया और दस्तावेज समय पर नहीं मिले। दूसरी ओर अस्पताल ने स्वीकार किया कि शिकायतकर्ता को उनके अस्पताल में भर्ती किया गया था और 46,207 का बिल इलाज राशि के लिए जारी किया गया था, जिसे बीमा कंपनी को भेजा भी गया था। आयोग ने इस मामले में यह पाया कि शिकायतकर्ता अस्पताल में वास्तव में भर्ती थी और उनका इलाज न्यूरोसर्जरी विभाग के विशेषज्ञ द्वारा किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा क्लेम अस्वीकार करना गलत था और यह सेवा में स्पष्ट कमी थी, जिसके चलते आयोग ने शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आदेश जारी किए हैं।

---

# हिदायत बरतें, मंडवासी न जाएं ब्यास नदी के किनारेः एसडीएम

### बीबीएमबी की ओर से टरबाइनों के माध्यम से छोड़ा जा रहा पानी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



पौंग बांध का लगातार बढ़ रहा जलस्तर। मंगलवार को 1335.23 फुट पहुंचा।

**एसडीएम** फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि विधानसभा फतेहपुर व इंदौरा के तहत मंड क्षेत्र के लोग ब्यास नदी के किनारे पर न जाएं और न ही आसपास किसी भी खड्ड में न जाएं। उन्होंने कहा कि पंडोह बांध से भी पानी छोड़ा जा रहा है, जिसकी सूचना लोगों को दी गई है। पौंग बांध का जलस्तर मंगलवार को 1335.23 फुट पहुंच गया है।

पौंग बांध में 104432 क्यूसिक पानी आ रहा है, जबकि निकासी 3838 क्यूसिक पानी की निकासी हो रही है। पंडोह डैम का पानी छोड़े जाने के कारण एक ही दिन में पौंग झील का जलस्तर पांच फुट बढ़ गया है। सोमवार को पौंग झील में जलस्तर 1330.50 फुट रिकॉर्ड किया गया था। पंडोह का पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास नदी उफान पर है तथा पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण देहर, बृहल, देहरी खड्ड में जलस्तर काफी उफान पर है। पौंग झील में 1410 फुट तक पानी स्टोर करने की क्षमता है, जबकि 1390 फुट के निशान को खतरे का निशान घोषित कर रखा है, जबकि 1360 के आंकड़े के बाद बांध से मैन गेट खोल कर पानी को छोड़ना शुरू कर दिया जाता है। एसडीएम ने कहा कि पौंग झील में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है तथा इसके चलते रे, स्थाना, रियाली व टैरिस इन चार स्थानों में बीबीएमबी द्वारा हूटर (आलीं बार्निंग सिस्टम) लगाए गए हैं, जो पौंग बांध से पानी छोड़ने से पहले बजने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने लोगों से हर समय सतर्क रहने की अपील की है तथा कहा कि प्रशासन के आदेशानुसार बीबीएमबी द्वारा टरबाइनों के माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है। कोई भी व्यक्ति नदी-नालों के किनारे न जाए।

---

### महिला की बालियां छीनकर दो बाइक सवार फरार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंगोली गांव के शहीदी गेट के सामने से मिन डिफेंस रोड पर दो अज्ञात बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला की दोनों कानों की सोने की बालियां झपटने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला संतोष कुमारी निवासी श्री गुरु रविदास मोहल्ला पंगोली ने शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन में दोनों सोने की बालियों की स्नेचिंग होने की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सोमवार को किसी काम के लिए डिफेंस रोड के पंगोली चौक के पास शहीदी गेट में खड़ी थी। इस दौरान दो युवक मोटरसाइकिल से आए और उसके पास रूक गए। आपस में बातें करने लगे। अचानक एक युवक उनकी पीठ के पीछे आया और दोनों कानों की सोने की बालियां खींचकर मोटरसाइकिल पर सवार हो कर मनूर की तरफ भाग गए। शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी एएसआई सुरिंद्र कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधान अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

---

# कारगिल विजय दिवस की तैयारियों पर बैठक



एसडीएम नेत्रा मेती ने कारगिल दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। यह कार्यक्रम प्रशासन एवं पूर्व सैनिक लीग पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थानीय कॉलेजों के एनसीसी के विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि युवा पीढ़ी को शहीदों के बलिदान के बारे में जानकारी मिले और उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार हो।

**कहा- स्थानीय कॉलेजों के एनसीसी विद्यार्थियों की भागीदारी की जाए सुनिश्चित**

---

**बैठक** | कृषि मंत्री ने दिए वैज्ञानिकों को अध्ययन के निर्देश, सब्जियों में कीट के फैलने से स्थिति हो सकती गंभीर

# फॉल आर्मी कीट से मक्की की फसल को भारी नुकसान



कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जवाली आईटीआई में बैठक की। इसमें प्रदेश में मक्की की फसल पर फॉल आर्मी कीट के बढ़ते प्रकोप पर गहन चर्चा की गई। चंद्र कुमार ने बताया कि कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर जिलों में किसानों की मक्की की फसल को इस कीट से भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब यह कीट सब्जियों पर भी फैल रहा है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों को इस रोग के जड़ से खात्मे के लिए गहन शोध करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से अब तक इस रोग पर नियंत्रण के लिए उठाए गए सभी कदमों की स्टेटस रिपोर्ट त्वरित रूप से प्रस्तुत करने को कहा, साथ ही प्रदेश में इस कीट से प्रभावित कुल फसल क्षेत्र का समुचित आंकलन करने के निर्देश भी दिए। चंद्र कुमार ने कहा कि यदि निर्धारित पैरामीटर पूरे होते हैं, तो इस स्थिति को एपिडेमिक (महामारी) घोषित किया जा सकता है, ताकि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

### सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना निर्माण को 219 करोड़ मंजूर, जल्द होगा निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि 219 करोड़ की लागत से प्रस्तावित सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) से स्वीकृति मिल गई है। इसका कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। बजट भी मंजूर हो चुका है। इस परियोजना के बनने से देहरा, जवाली व शाहपुर तीन विधानसभाओं की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। विधानसभा जवाली के अंतर्गत गज खड्ड पर 86.34 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण हो रहा है। पुल के निर्माण से नगरोटा सूरियां से जवाली के बीच की दूरी 10 किलोमीटर कम हो जाएगी। सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना से नगरोटा सूरियां, शाहपुर, प्रागोड़, हारचक्कियां तथा देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली पांच पंचायतों के 45 गांवों की 2186 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी व 24120 की आबादी को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि 10.680 किलोमीटर लंबी सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना से स्पेल, हरसर, बलदोआ, घाडजरोट, बनलुंगली व हारचक्कियां में लिफ्ट इरीगेशन स्कीमों का निर्माण कर किसानों के खेतों तक पानी को पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से गज खड्ड पर पुल के निर्माण के लिए 86.34 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसका मुख्यमंत्री सुक्खू भूमि पूजन कर चुके हैं।

---

# बाल मेले में 25 और 26 जुलाई को लगेगा मेगा रोजगार मेला

### देश-विदेश की नामी कंपनियां देंगी हजारों युवाओं को रोजगार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**विकास** पुरुष स्व. जीएस बाली के जन्म दिवस के मौके पर हर वर्ष नगरोटा में बाल मेले का आयोजन किया जाता है। उनके पुत्र हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने बाल मेले में प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से मेगा रोजगार मेले का शुभारंभ किया था, जिसका इस वर्ष तीसरा संस्करण 25 और 26 जुलाई को किया जा रहा है। रोजगार मेले के बारे में क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार और बाल मेला कमेटी के रोजगार को-ऑर्डिनेटर अमित सूद ने प्रेसवार्ता में बताया कि बाल मेला समिति नगरोटा बगवां व श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से 25 व 26 जुलाई 2025 को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया मेले के लिए अभी तक देश-विदेश की 30 कंपनियां अपना पंजीकरण करवा चुकी हैं। इन कंपनियों द्वारा अभी तक 3 हजार पदों को भरने की स्वीकृति उनकी तरफ से दी जा चुकी है और यह संख्या अभी और बढ़ेगी।

**आठवीं से मास्टर डिग्री तक के युवाओं को मिलेगा सुनहरा मौका**

**रोजगार** मेले में आठवीं पास से लेकर मास्टर डिग्री तक के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। कंपनियों द्वारा युवाओं को उनके कौशल के अनुसार बेहतर वेतन प्रदान किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता आठवीं, बारहवीं, आईटीआई, स्नातक, बीटेक, बीफार्मा व एमफार्मा, अपने कौशल अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया इस रोजगार मेले में सन फार्मा, स्वराज, एचडीएफसी, पी एंड जी, वर्धमान, सोनालिका, महिंद्रा, एचडीएफसी, होटल इंडस्ट्री, सिक्योरिटी गार्ड की कंपनियां, स्मार्ट बाजार सहित कई कंपनियां युवाओं को रोजगार देने के लिए इस मेगा रोजगार मेले में आ रही हैं। उन्होंने युवाओं से इस मेगा रोजगार मेले में आकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल 7888747042 या दूरभाष नंबर 01892-224892 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कोटगढ़ में बागवानों ने शहीदी दिवस मनाया

# बागवानों के हित में हरसंभव कदम उठाएगी सरकार : जगत सिंह नेगी



कुमारसैन के कोटगढ़ में बागवान शहीदी दिवस के दौरान मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

**शिमला** जिला के कुमारसैन तहसील के तहत सेब की नगरी कोटगढ़ आज उन शहीद बागवानों को याद कर भावुक हो उठा, जिन्होंने वर्ष 1992 में अपने हक की आवाज उठाते हुए जान गंवा दी थी। आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में तीन बागवानों की मौत हुई थी। इसी की याद में आज शहीदी दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी, ठियोग-कुमारसैन के विधायक कुलदीप सिंह राठौर, पूर्व विधायक राकेश सिंघा, जनप्रतिनिधि और शहीद बागवानों के परिजन मौजूद रहे। सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जगत सिंह नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि हम इन बागवानों की कुर्बानी को सलाम करते हैं। सरकार बागवानों के हित में हरसंभव कदम उठाएगी।

ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि इस क्षेत्र की आवाज को दबाने की कोशिश कभी कामयाब नहीं हो सकती। हम शहीदों के सपनों को पूरा करेंगे।

पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने बताया कोटगढ़ में शहीद बागवानों की याद आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है और उनकी कुर्बानी आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष और हक की लड़ाई का रास्ता दिखाती रहेगी।

# हिमाचल की अनूठी संस्कृति का प्रतीक रिहाली मेला : रोहित ठाकुर

## बोले- कोटखाई में हो रहा सर्वांगीण विकास, हमारी समृद्ध संस्कृति पूरे विश्व में अनूठी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को कोटखाई के देवरी खनेटी में आयोजित ऐतिहासिक रिहाली मेले में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने पूजनीय माता देवी नंदन का आशीर्वाद लिया व मेले में उपस्थित स्थानीय व आगंतुक श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षा मंत्री ने रिहाली मेले को मां देवी नंदन के सम्मान में प्रतिवर्ष श्रावण मास में मनाए जाने वाले एक पारंपरिक एवं ऐतिहासिक आयोजन के रूप में वर्णित किया।

शिक्षा मंत्री ने कोटखाई क्षेत्र में हो रहे व्यापक विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई, 2025 को कोटखाई की ग्राम पंचायत देवरी-खनेटी की अलांवग-नक्सेटली-रेयोघाटी वाया कांगी नाला सड़क की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई, जिसका निर्माण 2.92 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में सड़क निर्माण पर लगभग 400 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना है। इसके साथ ही, 25 लाख की लागत से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवरी खनेटी के भवन का निर्माण कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है।



### वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिलाड़ी किए सम्मानित

**रोहित** ठाकुर ने वॉलीबाल टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोती लाल डेरटा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 10 पीएचसी का निर्माण युद्ध स्तर पर

**शिक्षा** मंत्री ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 1 करोड़ 82 लाख की लागत से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी खनेटी भी शामिल है, जिसका उन्होंने स्वयं निरीक्षण किया। रोहित ठाकुर ने इस अवसर पर मां देवी नंदन मंदिर प्रबंधन समिति खनेटी के सभी आयोजकों को रिहाली मेले सहित वॉलीबाल टूर्नामेंट और सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

# मंडी के आपदा पीड़ितों के लिए जुटाए 17,188 रुपए



धमवाड़ी स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवियों ने मंडी जिले के आपदा पीड़ित परिवारों के लिए धनराशि जुटाई।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमवाड़ी की एनएसएस इकाई ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश दाऊटू व आशा ठाकुर के नेतृत्व में मंडी जिले के आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए एक राहत अभियान चलाया। यह अभियान धमवाड़ी बाजार में संचालित किया गया। जहां एनएसएस स्वयंसेवियों ने जनता से आपदा राहत राशि एकत्रित की।

स्थानीय व्यापार मंडल व आम नागरिकों ने इस मानवीय पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश दाऊटू ने जानकारी देत हुए बताया कि स्वयंसेवियों 17,188 की धनराशि एकत्र की है। यह राशि ड्राफ्ट के माध्यम से आपदा राहत को हिमाचल प्रदेश के खाते में जमा करवाई जाएगी। जमा करने की प्रक्रिया सब-तहसील धमवाड़ी के नायब तहसीलदार सुरेंद्र दाऊटू की उपस्थिति में पूर्ण की जाएगी। डॉ. दाऊटू ने बताया कि यह अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार व मानवीय मूल्यों की भावना को जागृत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# थली पुल हुआ आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त

## सतलुज नदी से झूले हुए जलमग्न, तत्तापानी में स्नानागार तक भरा पानी

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** मंगलवार को सुन्नी और आस पास के क्षेत्रों में बूंदाबांदी जारी रही। बीते सोमवार रात लगभग सात बजे सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने से सुन्नीवासियों में डर का माहौल पैदा हो गया। बढ़ते जलस्तर के कारण नदी में लकड़ियों के आने से सुन्नी थली पुल आंशिक तौर से क्षतिग्रस्त हो गया । सोमवार को जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण थली पुल पर प्रशासन द्वारा आवाजाही पूर्णत: बंद कर दी गई थी लेकिन सोमवार शाम को जलस्तर में बढ़ोतरी से पुल पर नदी का पानी बहने लगा और पानी के बहाव के साथ लकड़ियां भी पुल से टकराई, जिस कारण से पुल आंशिक तौर से क्षतिग्रस्त हो गए, पुल पर कई जगह लगे नट बोल्ट भी खुल गए।



वहीं तत्तापानी में सतलुज का पानी घाट पर बने स्नानागार तक पहुंच गया और घाट के समीप का पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया। तत्तापानी के समीप तरेड़ी गांव को जाने वाली एक मात्र सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई और ग्रामीणों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए खासी मशक्तत करनी पड़ी ।

मंगलवार को वर्षा की गति कम होने के कारण जलस्तर में थोड़ी गिरावट आई लेकिन सतलुज किनारे खतरे का अंदेशा लगातार बना रहा। सतलुज में कारण मगाण से बल्ह को जोड़े वाला झूला, भराड़ा से जकलीन, जैशी से बालाओग तथा ओगली से बफ़ान को जोड़ने वाले झूले क्षतिग्रस्त होने के साथ जलमग्न हो गए तथा नदी में बह रही लकड़ियों के कारण झूले क्षतिग्रस्त हो गए। मुख्य मार्ग पर जगह जगह भूमिकटाव के कारण कुछ समय के लिए अवरूद्ध रही लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी से आमजन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। दोपहर के समय जलोग गढ़ेरी मार्ग पर पेड़ गिरने और चटाने खिसकने से अवरूद्ध रहा।

# सुन्नी में स्वतंत्रता समारोह में पूर्व सैनिकों को किया जाएगा सम्मानित



सुन्नी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित।

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** उपमंडल में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बैठक कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुन्नी राजेश वर्मा ने की। समारोह को भव्य और सफल बनाने हेतु कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न विभागों से सुझाव आमंत्रित किए गए।

स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में किया जाएगा। इसमें पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स के छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों व नृत्यों सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एसडीएम द्वारा मार्च पास्ट, मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि समितियों का गठन किया गया है। क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, पार्षद, व्यापार मंडल पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की 'ट्रेनी पॉलिसी' पर गरमाया सियासी पारा

## चेतना बरागटा बोले- युवाओं के सपनों का गला घोंट रही सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** सरकार द्वारा हाल ही में लाई गई ट्रेनी पॉलिसी को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा ने इस नीति को युवा विरोधी मानसिकता का प्रतीक करार देते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने आरोप लगाया है कि यह नीति युवाओं के भविष्य के साथ एक क्रूर मजाक है और सरकार नौकरी नहीं नौजवानों के सपने छीन रही है।

बरागटा ने तीखे शब्दों में कहा कि जो युवा सालों की कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा पास करते हैं, उन्हें अब नौकरी की जगह 'ट्रेनिंग का झुनझुना' पकड़ाया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, 'दो साल तक काम लो, पूरा वेतन मत दो, और फिर से परीक्षा लेकर उसे दोबारा लाइन में खड़ा कर दो, यही है कांग्रेस का असली चेहरा।' उनका कहना था कि यह नीति स्पष्ट रूप से दिखाती है कि सरकार युवाओं के भविष्य को गंभीरता से नहीं ले रही है। भाजपा प्रवक्ता ने 'ऑन-जॉब ट्रेनिंग' के नाम पर युवाओं के साथ हो रहे अन्याय पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि दो साल तक पूरा वेतन न देना और फिर से परीक्षा लेना, किसी भी मेहनतकश छात्र के साथ घोर अन्याय है। बरागटा ने इसे 'युवाओं को भ्रमित करने और रोजगार के नाम पर आंकड़ों का खेल खेलने की साजिश' बताया।

### चुनाव से पहले गारंटी, अब रोजगार का अपमान?

**चेतन** बरागटा ने कांग्रेस के चुनाव पूर्व वादों की याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता चुनावों से पहले 5 लाख नौकरियों की गारंटी देते थे। अब जब सत्ता में हैं, तो रोजगार देने की बजाय रोजगार का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा, क्या यही आपकी गारंटी थी?

### नीति वापस लो, वरना होगा महाआंदोलन

**भाजपा** ने सरकार से तत्काल इस ट्रेनी पॉलिसी को वापस लेने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि युवाओं को परीक्षा पास करते ही नियमित वेतन के साथ सीधी नियुक्ति दी जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी मांग की कि पहले से नियुक्त अनुबंध कर्मचारियों को नई नीति में जबरन शामिल न किया जाए।

### युवाओं की आवाज को हर स्तर पर करेंगे बुलंद

**बरागटा** ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने यह युवा विरोधी नीति वापस नहीं ली, तो भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन करेगी और युवाओं की आवाज़ को हर स्तर पर बुलंद किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस बढ़ते दबाव के आगे झुकती है या अपने फैसले पर अड़ी रहती है।

# एम्स क्षेत्र 'नो हॉर्न जोन' घोषित नहीं सुनेगी गाड़ियों की चिल्ल-पों

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** मुख्यालय स्थित बचत भवन में मंगलवार को एम्स बिलासपुर से जुड़े विभिन्न लंबित विषयों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की। एम्स परिसर में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए प्रस्तावित विश्राम सदन की प्रगति की समीक्षा की गई।

डीसी ने वन विभाग से पर्यावरणीय स्वीकृति की स्थिति के बारे में जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगी। वहीं, हिमकेयर योजना के अंतर्गत बकाया भुगतान के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। क्षेत्रीय अस्पताल के अधिकारियों ने अवगत कराया कि एम्स प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार से पत्राचार किया गया है। इस संदर्भ में प्रदेश सरकार से समन्वय कर जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। एम्स परिसर और



बैठक में मरीजों की सुविधा, बुनियादी ढांचे और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर लिए फैसले।

आसपास आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर भी चिंता जताई गई। स्थानीय पंचायत, नगर परिषद और पशुपालन विभाग को मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए। कांगू से एम्स के लिए प्रस्तावित 132 केवी का विद्युत सब-स्टेशन कार्य अपने अंतिम चरण में है। बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि कार्य पूर्ण होते ही एम्स को निर्बाध बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी। एम्स में अपनी सेवाएं दे रहे डॉक्टर को अन्य कर्मचारी के बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि चयन को लेकर उपायुक्त ने एसडीएम सदर और एम्स प्रशासन को संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र भूमि चयन को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। रसोई गैस आपूर्ति को लेकर बीपीसीएल की गैस पाइपलाइन योजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बीपीसीएल अधिकारियों ने अवगत कराया कि बजट की स्वीकृति मिल चुकी है तथा भूमि उपलब्ध होते ही गैस प्लांट की स्थापना कर आपूर्ति आरंभ कर दी जाएगी। एम्स के सामने अकसर लगने वाले जाम और भारी वाहनों द्वारा प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल से मरीजों को असुविधा होती है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई करने और क्षेत्र को 'नो हॉर्न जोन' घोषित करने के निर्देश दिए।

## निजी बस ऑपरेटरों के रूटों में मनमानी का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में निजी बस ऑपरेटरों ने परिवहन विभाग पर मनमाने ढंग से रूट आवंटन करने और कथित चहेते ऑपरेटरों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रांसपोर्टर एवं समाजसेवी प्रदीप जोशी ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि यह व्यवस्था जिले के अधिकांश निजी बस मालिकों को आर्थिक तंगी की ओर धकेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की ओर से जिले में बिना किसी ऑपरेटर की सहमति के नए रूटों का आवंटन किया जा रहा है, जिससे पुराने ऑपरेटरों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए 18 सीटर टेंपो ट्रैवलर के 21 रूट और प्रस्तावित 31 व 33 सीटर बसों के रूटों की अभी तक समयसारिणी तय नहीं की गई है। इससे एक ओर जहां पहले से चल रहे रूटों पर भीड़ बंट रही है, वहीं नए ऑपरेटरों को मनमर्जी से बसें चलाने की छूट दी जा रही है।

# नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा, लोग रहें दूर : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते नदी-नालों और अन्य जल स्रोतों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। वहीं, कई क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए डीसी राहुल कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे एहतियात बरतें और नदी-नालों से उचित दूरी बनाए रखें।

खड्डों, ढलानों और जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत जिला आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1077 या आपदा हेल्पलाइन नंबर जिला बिलासपुर जिला नियंत्रण कक्ष 01978-224901, 902, 903 व 904 और नियंत्रण कक्ष सदर 01978-224798 नियंत्रण कक्ष घुमारवीं 01978-255227, नियंत्रण कक्ष झंडूता 01978-272122, नियंत्रण कक्ष स्वारघाट 01978-284094 अन्य हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है और उपमंडल स्तर पर प्रशासनिक टीमें पूर्ण रूप से अलर्ट पर हैं। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को सभी प्रभावित पेयजल योजनाओं को शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को अवरुद्ध सड़कों को शीघ्र खोलने के आदेश जारी किए गए हैं। लोगों से अपील है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अनावश्यक जोखिम न लें।

### उपमंडलीय अधिकारी ने की सतर्कता बरतने की अपील

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों में रविवार रात से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण झंडूता उपमंडल में नदी-नालों और अन्य जल स्रोतों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं। झंडूता की उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने उपमंडल ने झंडूता उपमंडल के निवासियों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों से अनुरोध किया है कि वे नदी-नालों, खड्डों, ढलानों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें।

## शब्द गौतम का घर पहुंचने पर भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** थाईलैंड में आयोजित अंडर-16 एशियन पुरुष वॉलीबाल चैंपियनशिप 2025 में भारत की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक देश के नाम किया है। वहीं, बरठीं पहुंचने पर शब्द गौतम का भारी बारिश के बीच जोरदार स्वागत किया गया। बरठीं-भल्लू रियाणा गांव के युवा खिलाड़ी शब्द गौतम ने डिफेंस और रिसीविंग स्किल्स के दम पर पूरे टूर्नामेंट में दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित करते हुए अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए शब्द गौतम क़ो बैस्ट लिबरो के प्रतिष्ठित अवार्ड से नवाजा गया। शब्द ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा, पिता पंकज व माता के साथ समस्त परिवार के साथ दोस्तों को दिया है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में स्कूल प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा व प्रधानाचार्य शिल्पा गोयल ने एनएसएस के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी सक्षम व सर्वश्रेष्ठ कर व अन्य स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। पुरुषोत्तम ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शिविर में सीखी सभी अच्छी बातों, सहयोग की भावना आदि को अपने दैनिक जीवन में अपने व्यवहार में उतारें।

## मनोज बने चालक वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता क्षेत्र के मनोज चंदेल को प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर व चालक वेलफेयर एसोसिएशन का उपाध्यक्ष चुना गया है। मनोज चंदेल की नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी की लहर है और टैक्सी ऑपरेटरों व चालकों ने उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई है। उन्होंने एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राम रतन शर्मा व हिमाचल प्रदेश के सभी टैक्सी ऑपरेटरों और चालकों का आभार व्यक्त किया है। मनोज ने कहा कि वे संगठन के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## बिहार के लोग 25 तक भरें गणना प्रपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में अस्थायी रूप से रह रहे बिहार के मतदाता 25 जुलाई तक गणना प्रपत्र भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकते हैं। बिलासपुर के डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने अपील की है कि ऐसे मतदाता ऑनलाइन माध्यम (https://voters.eci.gov.in या ECINET ऐप) से या परिवार के सहयोग से यह प्रपत्र भरें। प्रपत्र के साथ पहचान के लिए 11 में से कोई एक दस्तावेज संलग्न करें।

## स्वार्थी तत्वों से रहें सावधान : लेखराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एशोसिएशन की बैठक में कुछ स्वार्थी तथाकथित नेताओं की कड़ी निंदा की गई, जो आपदा राहत में सहयोग न करने के लिए पेंशनर्स को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। उपप्रधान लेखराम कौंडल ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्व समाज में भ्रम फैला रहे हैं, जबकि आम नागरिक आपदा पीड़ितों की मदद कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में पराजित कुछ लोगों ने सोलन में तदर्थ कमेटी बनाकर एसोसिएशन को तोड़ने की साजिश रची, जिसे प्रदेशभर के पेंशनर्स प्रतिनिधियों ने नकार दिया है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से अपील की कि वे एकता बनाए रखें और भ्रामक प्रचार से दूर रहें, ताकि उनकी लंबित मांगें प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचाई जा सकें।

## सलापड़ में 82 लोगों का मेडिकल चेकअप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने सलापड़ में 82 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के संयोजक अनिल शर्मा ने कहा कि डॉ. सुनिधि शर्मा के नेतृत्व मे 82 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं 21 लोगों की रक्तजांच की। 18 लोग हड्डियों की बीमारी से, 16 लोग उच्च रक्तचाप से ग्रसित, 38 लोग मधुमेह एवं अन्य लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए। वहीं, निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस मौके पर फार्मासिस्ट सपना देवी, लैब टेक्नीशियन जोगिंदर सिंह, समाजसेवी लोगों ने स्वास्थ्य शिविर मे उपस्थित रहे।

## अवरुद्ध नयना देवी मार्ग छोटे वाहनों के लिए खोला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर तक जाने वाला मुख्य मार्ग भारी बारिश के चलते भूस्खलन की चपेट में आ गया। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण हॉस्पिटल के समीप मंदिर जाने वाले रास्ते पर अचानक पहाड़ी दरक गई, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया और श्रद्धालुओं की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन मौके पर तैनात की, ताकि मलबा हटाकर रास्ता सुचारु किया जा सके। विभाग की टीम लगातार राहत एवं मरम्मत कार्य में जुटी रही। समाचार लिखे जाने तक छोटे वाहनों के लिए आंशिक रूप से मार्ग खोल दिया गया है, जबकि भारी वाहनों की आवाजाही अभी भी बाधित है।

# प्रदेश सरकार जल्द महंगाई भत्ता और एरियर करे जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**वरिष्ठ नागरिक सभा बोली कॉलेज चौक पर जमा मिट्टी पत्थरों को हटाया जाए**

**वरिष्ठ** नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा ने कॉलेज चौक पर बारिश के कारण जमा मिट्टी, पत्थर और सड़क किनारे पड़े कबाड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। सभा ने सुझाव दिया कि कॉलेज चौक के पास खाली पड़ी सरकारी भूमि को समतल कर नाली निर्माण किया जाए और रघुनाथपुरा व कॉलेज चौक पर ओवरहेड ब्रिज बनाया जाए। 11 सेक्टर के नेशनल हाईवे किनारे पड़े कबाड़ को हटाने की भी मांग की गई। वहीं, सभा ने हिमाचल के मंडी, कुल्लू, शिमला व धर्मपुर में हाल की आपदाओं में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक प्रकट किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। लगभग 1 लाख रुपए की राशि आपदा राहत कोष के लिए एकत्र की गई है और और सहयोग जुटाने का निर्णय भी लिया गया। वहीं, मीट मार्केट और मछली दुकानों के पीछे खाली पड़ी सरकारी भूमि को समतल कर सड़क निर्माण व नाले पर स्लैब निर्माण की मांग की, जिससे सब्जी मंडी क्षेत्र में सफाई व सुव्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

सभा ने पेंशनर्स के मेडिकल बिल भुगतान, महंगाई भत्ता और एरियर जल्द जारी करने की भी सरकार से अपील की। मंडी बुरारी चौक और भागैड चौक पर वर्षा शालिका निर्माण की जनहित में मांग भी पारित की गई। इस अवसर पर मस्तराम वर्मा, आरएल संख्यान, ओपी गर्ग, कांता शर्मा, राजपाल सरीन, डॉ. वीएन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भाखड़ा विस्थापित समिति ने की आपदा में सरकार के प्रयासों की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में आयोजित सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति की बैठक में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों सराहना की गई। समिति ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों को सराहते हुए उन्हें राजनीतिक धर्म का अनुकरणीय उदाहरण बताया। स्थानीय परिधि गृह में आयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति के महासचिव जयकुमार ने की। बैठक में पारित एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के माध्यम से समिति ने भाखड़ा विस्थापितों से आह्वान किया कि वे यथासंभव अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए करें। समिति ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह भाखड़ा विस्थापितों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर शीघ्र बिलासपुर आएं। विस्थापितों के सिर पर दूसरी बार उजड़ने का जो खतरा मंडरा रहा है, उसे समाप्त किया जाए और उन्हें स्थायी समाधान दिया जाए।

# चरस तस्कर को 10 साल की सजा, एक लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**विशेष** सत्र न्यायाधीश मोहित बंसल की अदालत ने चरस के साथ पकड़े गए दिनेश कुमार पुत्र भगतराम, निवासी गांव शुक्ररा, जिला चंबा को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 11 अप्रैल, 2023 को पुलिस थाना सदर, बिलासपुर की यातायात चेकिंग टीम लखनपुर में तैनात थी। दोपहर 2:30 बजे बिलासपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की ऑल्टो कार (नंबर एम पी -81-2980) को जांच के लिए रोका गया। कार चालक ने पुलिस को देखकर वाहन को सड़क किनारे कच्चे गोले में खड़ा कर दिया और घबराया हुआ दिखाई दिया। जब जांच अधिकारी ने वाहन चालक से



कागजात मांगे तो वह घबराहट में साफ नजर आया, जिससे संदेह उत्पन्न हुआ। पुलिस ने तीन स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में कार की तलाशी ली। कार चालक की सीट के नीचे एक कैरी बैग में तीन पैकेट पाए गए। जब जांच की 1.986 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस थाना सदर, बिलासपुर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले की गहन तफ्तीश एएसआई राम लाल द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला न्यायवादी अभय गुप्ता ने पैरवी की। अभियोजन ने कुल 16 गवाहों को पेश किया। सभी साक्ष्यों और दलीलों के आधार पर माननीय अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उपरोक्त सजा सुनाई।

## जनता स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्थाओं से त्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव ठाकुर हीरा पाल सिंह ने प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज न मिल पाने के कारण आम जनता मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख कर रही है, जो सरकार और स्वास्थ्य विभाग की विफलता का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेरचौक मेडिकल कॉलेज हो या बिलासपुर और सुंदरनगर के क्षेत्रीय अस्पताल-हर जगह संसाधनों की कमी, विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता और समय पर इलाज न मिल पाने के चलते मरीजों को शिमला के आईजीएमसी या चंडीगढ़ के पीजीआई रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने इन समस्याओं की अनदेखी जारी रखी, तो जनता को सड़कों पर उतरना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री तक अपने स्वास्थ्य को लेकर गंभीर नहीं हैं, ऐसे में विभाग की हालत क्या होगी, यह समझा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, भटियात।** हिमाचल प्रदेश सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा विकास खंड भटियात के तहत ग्राम पंचायत रायपुर के गांव मराड में उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्तियों और संस्थाओं से 15 अगस्त 2025 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं कक्षा पास और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में दसवीं का प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, बेरोजगारी प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक/अपंगता प्रमाण पत्र, आदि शामिल हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से https://emergingimachal.hp.gov.in पर किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के दूरभाष नंबर 01899-222401 पर संपर्क करें।

### स्टेज कैरिज रूट्स के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा जिला चंबा के चयनित 41 स्टेज कैरिज रूट्स (टैम्पो ट्रैवलर) के संचालन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। पहले यह प्रक्रिया 9 जून से 21 जुलाई तक निर्धारित थी, लेकिन बढ़ती मांग और आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने यह निर्णय लिया है। परिवहन विभाग के अनुसार, इच्छुक आवेदक अब 28 जुलाई की मध्यरात्रि तक संबंधित रूटों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित मार्गों की सूची और रूट आवंटन की प्रक्रिया से जुड़े नियम एवं शर्तें विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### एनएसयूआई ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन




**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मंगलवार को एनएसयूआई इकाई महाविद्यालय भरमौर द्वारा विधायक डॉक्टर जनक राज को छात्रों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। छात्र संगठन एनएसयूआई ने कॉलेज की इन समस्याओं को विधानसभा में उठाने और सरकार तक मांगों को प्रमुखता से पहुंचाने का अपील विधायक से की गई। छात्र संगठन की प्रमुख मांगों में कालेज में हॉस्टल की सुविधा, रिक्त स्टाफ की जल्द नियुक्ति, कॉमर्स के पदों को भरना, बीएससी मेडिकल की कक्षाएं आरंभ करना, महाविद्यालय भवन भरमौर का जल्द उद्घाटन करना, भरमौर में एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड की सुविधा छात्रों को उपलब्ध करवाना, महाविद्यालय में समाजशास्त्र की कक्षाएं शुरू करवाना और कॉलेज स्टूडेंट के लिए सिक्योरिटी का उचित बंदोबस्त आदि शामिल रही। छात्र संगठन ने इन मांगों को विधायक से जल्द से जल्द पूरा करवाने की अपील भी की है। वहीं विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि इन मांगों को जल्द से जल्द सरकार के समक्ष रखा जाएगा और तुरंत पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

### सैलानियों के बिना वीरान हुई डलहौजी

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** भारी बरसात के कारण पर्यटक नगरी डलहौजी भी बिना पर्यटकों के वीरान हो गई है। होटल मालिकों का कहना है की कुछ पर्यटकों ने डलहौजी में कमरों की बुकिंग करवा रखी थी, लेकिन भारी बरसात के कारण पर्यटकों ने अपना इरादा बदल दिया है। जिस कारण डलहौजी के व्यवसाईयों का कारोबार बिल्कुल ठप्प हो गया है। इस साल वैसे भी डलहौजी में पर्यटकों की संख्या बहुत कम रही है। डलहौजी और चंबा निवासियों को अब मिंजर मेला और मणिमहेश यात्रा का इंतजार है कि शायद यह आने वाले अगले दिन अच्छे लग जाए।

# राहत कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : पठानिया

## बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का विधानसभा अध्यक्ष ने लिया जायजा, प्रभावितों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**अनंत ज्ञान, भटियात**

**भटियात** विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने बारीकी से हालात का निरीक्षण किया और लोगों से मिलकर उनका हालचाल जाना।

इस दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षतिग्रस्त घरों, फसलों, सड़क मार्गों और सार्वजनिक परिसंपत्तियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में तेजी लाई जाए और प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

कुलदीप सिंह पठाानिया ने कहा कि सरकार प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हर नागरिक के साथ मजबूती से खड़ी है और नुकसान की भरपाई के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त किया। पठानिया ने भी सभी से संयम बरतने और प्रशासन द्वारा द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया प्रभावित गांव का दौरा करते हुए।

## चंबा शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित जलशक्ति विभाग बहाली कार्य में जुटा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हाल** ही में हुई भीषण वर्षा के कारण चंबा शहर की पेयजल योजना को गंभीर क्षति पहुंची है, जिससे शहर के कई हिस्सों में जल आपूर्ति ठप हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल शक्ति विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी युद्ध स्तर पर बहाली कार्य में जुटे हुए हैं।

बारिश के चलते जल स्रोतों में गाद भरने, पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने और पंप हाउसों में तकनीकी खामियों के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। विभाग ने विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है और प्रभावित इलाकों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जलशक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेजी से बहाली कार्य किया जा रहा है और अगले 24 से 48 घंटों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। विभाग ने लोगों से संयम बनाए रखने और अनावश्यक जल उपयोग से बचने की अपील भी की है।



## चट्टान गिरने से दो कारें खाई में गिरीं सभी यात्री सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-तीसा मुख्य मार्ग एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब चुराह क्षेत्र के समीप अचानक पहाड़ी से भारी-भरकम चट्टानें गिर पड़ीं। इस प्राकृतिक आपदा के कारण दो कारें सड़क से फिसलकर सीधा गहरी खाई में जा गिरीं। हालांकि, सौभाग्यवश दोनों वाहनों में सवार यात्री समय रहते वाहन से कूद गए और उनकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, दोनों कारें चंबा से तीसा की ओर जा रही थीं। जैसे ही वाहन चुराह क्षेत्र के समीप पहुंचे, तभी ऊपरी पहाड़ी से अचानक विशाल चट्टानों का गिरना शुरू हो गया। चट्टानों के दबाव और मलबे के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ गई और दोनों कारें अपना संतुलन खो बैठीं, जिससे वे नीचे खाई में जा गिरीं। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है और मौके पर मलबा हटाने का कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई , लेकिन यह हादसा क्षेत्र की सड़क सुरक्षा व भूस्खलन के खतरों को एक बार फिर उजागर कर गया है।

## छेड़छाड़ मामले में 3 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला एवं सत्र न्यायालय की न्यायाधीश प्रीति ठाकुर ने सोमवार को नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के आरोपी मुकेश कुमार को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष की कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। यह मामला 15 नवंबर 2021 का है, जब आरोपी ने चुवाड़ी बस स्टैंड से यात्रा कर रही 15 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ अश्लील हरकत की थी।

अदालत ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत सजा दी। इसमें धारा 354 के तहत तीन वर्ष का कठोर कारावास और 10,000 रुपए का जुर्माना, धारा 506 के तहत एक वर्ष की सजा, और धारा 12 के तहत तीन वर्ष का कारावास व 10,000 का जुर्माना।

मुकदमे की सुनवाई में 14 गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया। इस फैसले ने न्यायपालिका की बाल सुरक्षा और महिला गरिमा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

# धरवाला में खोला जाए केंद्रीय विद्यालय

## प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** धरवाला क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) चंबा अमित मेहरा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें एनएचपीसी चमेरा-3 परियोजना धरवाला के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की माँग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत में एनएचपीसी की जितनी भी परियोजनाएं हैं, वहां केंद्रीय विद्यालय स्थापित हैं, किंतु धरवाला स्थित एनएचपीसी चमेरा-3 परियोजना अब तक इस सुविधा से वंचित है। प्रतिनिधियों ने बताया कि चंबा जिला आकांक्षी जिला घोषित है और धरवाला, मैहला जैसे पिछड़े विकास खण्ड का हिस्सा है, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव है।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि यदि धरवाला में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होती है, तो इसके माध्यम से 24 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इसके लिए उन्होंने विद्यालय निर्माण हेतु उपलब्ध खाली सरकारी भूमि का रिकॉर्ड और 24 पंचायतों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव भी संलग्न किए।

ज्ञापन सौंपते समय नागेश (अध्यक्ष), कमलजीत (उपाध्यक्ष), खेम (कोषाध्यक्ष) तथा मानसिंह (सचिव) उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन से इस मांग को शीघ्रता से केंद्र सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया ताकि धरवाला क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नई रोशनी फैल सके। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम अमित मेहरा से अपील की कि अन्य एनएचपीसी परियोजनाओं की तर्ज़ पर चंबा की इस परियोजना को भी केंद्रीय विद्यालय की सुविधा दी जाए, ताकि पिछड़े क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके।



धरवाला क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल एडीएम चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपते हुए।

## व्यवस्था परिवर्तन नहीं, व्यवस्था बर्बाद कर रही है सुक्खू सरकार : जनक राज

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

▸ कहा- प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में, क्या पढ़ेगा प्रदेश, क्या बनेगा भविष्य

**विधायक** डॉ. जनक राज ने कहा कि प्रदेश सरकार के 'व्यवस्था परिवर्तन' के खोखले नारे अब शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के रूप में सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। हमने बार-बार सदन में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर आवाज उठाई, मीडिया के माध्यम से भी इस विषय को उठाया और प्रशासन को बार-बार लिखा, मगर सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस सरकार को न वर्तमान की चिंता है और न ही प्रदेश के भविष्य की।



डॉ. जनक राज ने कहा कि प्रदेश के दूरदराज़ और जनजातीय क्षेत्रों, विशेषकर भरमौर, पांगी और लाहौल-स्पीति में शिक्षा की स्थिति दयनीय है। सरकारी स्कूलों में विज्ञान, गणित और अंग्रेज़ी जैसे आवश्यक विषयों के शिक्षक तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार केवल कागजी घोषणाएं करती है और शिक्षा के मुद्दे पर गंभीर नहीं है। डॉ. जनक राज ने कहा कि स्कूल भवन जर्जर हैं, शिक्षक नदारद हैं, और बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि सरकार अपने खोखले प्रचार से बाहर निकले और ज़मीन पर काम करें। लेकिन दुखद यह है कि सुक्खू सरकार को सिर्फ बयान देने और प्रेस कांफ्रेंस करने की आदत पड़ चुकी है, ज़मीनी सच्चाई से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह चरमराया हुआ है। न नई भर्तियां हो रही हैं, न स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता है, और न ही दूरदराज़ के इलाकों की प्राथमिकता तय की गई है।

# सब मार्केट यार्ड के लिए जल्द करें भूमि हस्तांतरण : ललित

## कृषि उपज मंडी समिति चंबा की त्रैमासिक बैठक में एपीएमसी के अध्यक्ष बोले

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**कृषि** उपज मंडी समिति चंबा ने त्रैमासिक बैठक का आयोजन मंगलवार को चंबा में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि उपज मंडी समिति चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने की। बैठक मे विभिन्न विभागों और कृषि उपज मंडी सिमिति चंबा के अधिकारी व कर्मचारी समेत कमेटी सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

इस बैठक मे बजट के साथ-साथ दूसरे कई मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गयी। बैठक में सलूणी के भंडार मे सब मार्केट यार्ड का निर्माण किया गया है इसके ऊपर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में यह तय किया गया कि तीसा मे सब मार्केट यार्ड का कार्य प्रगति पर है जैसे ही कार्य पूरा होता है तो दुकानों की नीलामी आबंटन नीति के अनुसार कर दी जाएगी।

बैठक में एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने सचिव कृषि उपज मंडी समिति चंबा को निर्देश दिए कि भटियात में प्रपोज्ड सब मार्केट यार्ड के भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई को जल्द से जल्द पूरा किया जाये। इसके साथ ही बैठक में आने वाले दिनों में सेब उत्पादन को किस तरह से मार्केट तक पहुंचाया जाए। इस पर भी गहनता पूर्वक विचार-विमर्श किया गया।



कृषि उपज मंडी समिति चंबा की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते ललित ठाकुर।

## प्रदेश सरकार की ट्रेनी भर्ती नीति युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला : मुकेश कुमार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई 'ट्रेनी भर्ती योजना' को लेकर युवाओं और शिक्षित बेरोजगारों में भारी रोष है। इस नीति को लेकर अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के लाखों पढ़े-लिखे युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना आयोग आधारित निष्पक्ष भर्ती प्रणाली को समाप्त कर, युवाओं को अस्थायी, कम वेतन वाली नौकरियों की ओर धकेलती है।



इसके तहत चयनित अभ्यर्थियों को दो वर्षों तक ट्रेनी के रूप में सेवा देनी होगी, जिसमें उन्हें न तो पूर्ण वेतन मिलेगा, न पेंशन और न ही अन्य सेवा लाभ, और इस अवधि के बाद भी उन्हें नियमित नियुक्ति के लिए पुन: परीक्षा देनी होगी। मुकेश कुमार ने इसे संविधान के समान अवसर के सिद्धांत के खिलाफ बताते हुए कहा कि इससे भाई-भतीजावाद और राजनीतिक हस्तक्षेप को बढ़ावा मिलेगा, जबकि योग्य युवा आर्थिक और मानसिक शोषण के शिकार होंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस नीति को तुरंत रद्द किया जाएं। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह युवा विरोधी नीति वापस नहीं ली, तो प्रदेशभर में आंदोलन, हस्ताक्षर अभियान, धरने प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे और हाईकोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) भी दायर की जाएगी।

# 'जान सजणा' गीत यूट्यूब पर लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिमाचली** संगीत को एक नया रंग और पहचान देते हुए उमेश ठाकुर ने अपने स्वयं लिखित गीत 'जान सजणा' को यूट्यूब पर लॉन्च किया है। यह गीत एक नवीनतम हिमाचली म्यूज़िक एल्बम का हिस्सा है, जिसकी खास बात यह है कि इसमें 'पंजाबी भांगड़ा ड्डड्डहुल' की झलक के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया है।

गीत के लॉन्च के अवसर पर उमेश ठाकुर ने कहा 'हमारे पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, लेकिन हमें इसे और अधिक सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना होगा। मेरा प्रयास है कि हिमाचल का संगीत अब केवल सीमित दायरे में न रहकर देशभर में सुना जाए। इस ग्लोबल युग में हमारा संगीत भी वैश्विक पहचान बनाए।' इस गाने की वीडियो एलबम में एक्टर निशांत चोना और एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने शानदार अभिनय किया है। दोनों कलाकारों की कैमिस्ट्री और भावपूर्ण प्रस्तुति ने गीत को और भी प्रभावशाली बना दिया है।

'जान सजणा' को यूट्यूब पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और यह गीत धीरे-धीरे श्रोताओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। संगीत प्रेमियों ने इस नए प्रयास की सराहना करते हुए इसे हिमाचली संगीत में एक ताज़ा बयार बताया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमीन मलिक मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में आंचल मोंगिया, अयूब खान, राज छाबड़ा, उत्तम नरूला, अनु, राकेश देवल और रज्जू ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बना दिया।



### सूडोकु नवताल- 7499 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7498 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 23 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत आषाढ़, **तिथि** चतुर्दशी (02:31) : **नक्षत्र** आर्द्रा (05:55), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : व्याघात (12:34), **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:27-02:09)।

### विशेष दिन

- 23 जुलाई 2025: मासिक शिवरात्रि आज।
- 23 जुलाई 2025: लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जयंती आज।

**मेषः** किसी विशेष व्यक्ति का जीवन में प्रवेश आपके तौर तरीके बदल देगा। आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। विरोधी आप को निचा दिखाने के हर संभव प्रयास करेंगे।

**वृषः** जरूरत से ज्यादा किसी घनिष्ठता संबंधों को कमजोर कर देगी। स्वयं पर काबू रखें, व्यवसाय स्थल पर विवाद हो सकता है। उधार दिया पैसा न आने से मुश्किलें बढ़ेगी।

**मिथुनः** समय के साथ स्वयं को भी बदलें। अपने व्यवहार में नम्रता लाएं। कारोबार विस्तार के लिए धन एकत्रित करने में लगे रहेंगे। भूमि संबंधित विवाद के चलते चिंता रहेगी।

**कर्कः** अपने विवेक से हर कार्य सफल कर लेंगे। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। मित्रों के साथ यात्रा आनंदप्रद रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंहः** व्यवसाय में नई योजना लाभदायक रहेगी। जीवनसाथी का साथ मदद करेगा। संतान के विवाह संबंधित समस्या से परेशान रहेंगे। भवन परिवर्तन के योग हैं।

**कन्याः** काम को टालना बंद करें व समझदारी से कार्य पूर्ण करें। दाम्पत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। कार्यस्थल पर आपकी बुद्धिमानी से समस्या का समाधान हो सकेगा।

**तुलाः** भविष्य के प्रति चिंतित होंगे। मन में बुरे विचारों को न आने दें। स्वयं पर नियंत्रण रखें। नकारात्मक सोच के कारण ही आप पीछे है। पारिवारिक माहोल सामान्य रहेगा।

**वृश्चिकः** कार्यस्थल पर सहकर्मियों से मन मुटाव होगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। आय के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। अपने कर्मचारियों के कारण परेशान होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनुः** स्वास्थ्य में सुधार होगा। अपने आगामी भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में कई विचार आयेंगे। व्यवसाय में उन्नति होगी। भूमि भवन से संबंधित मामले पक्ष में हल होंगे।

**मकरः** अपनी संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित हैं। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त हैं। कारोबार विस्तार करने का मन होगा।

**कुंभः** अपने मन की बात हर किसी को बताने से नुकसान आप का ही है। सुख-सुविधा की वस्तुओं और धन खर्च होगा। आपकी उन्नति से विरोधी ईर्ष्या करेंगे।

**मीनः** मित्रों के सहयोग से कोई जरूरी कार्य होगा। अपनों से संबंधों में मजबूती आयेगी। आलस की अधिकता से कार्य में रुचि नहीं रहेगी। आर्थिक मामले आज पक्ष में हल होंगे।

# बारिश से हुए नुकसान की तुरंत हो भरपाई: दिनेश

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** हिमाचल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम मे भूस्खलन के कारण अब चम्बा जिला भी प्रभावित हुआ है। कहीं जमीन तो कही मकान ध्वस्त हुए है तो कहीं पशु मवेशियों के साथ जान माल का भी नुकसान हुआ है। जिस कारण किसान व बागवान भी परेशान हुआ हैं क्योंकि गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली सडकों का क्षतिग्रस्त होना, बिजली सप्लाई ठप्प होना व पीने के पानी की नियमित सप्लाई मे व्यवधान के अतिरिक्त असंतुलित बरसात ने मक्की व धान की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डाक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन को राजस्व, कृषि बागवानी, पशुपालन, लोक निर्माण, जल शक्ति विभाग के साथ सामंजस्य बिठाकर किसान व बागवान हित मे राहत प्रयास के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए और जिला किसान कांग्रेस सक्रियता से जिला प्रशासन के साथ कार्य करेगी व उन्होंने सभी जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों व सभी ब्लॉक किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि अपने अपने क्षेत्र मे हुऐ नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट बनाए ताकि जिला प्रशासन व सरकार के ध्यान मे तथ्यों को लाकर किसान व बागवान को आवश्यक राहत मिल सके। दिनेश ने बताया कि वह जिला पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद जिला के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वास्तविक स्थिति से सरकार व प्रशासन को अवगत करवाएंगे।



# चंबा कॉलेज में शुरू होंगे चार नए पीजी कोर्स

## छात्रों को बाहर जाकर महंगी शिक्षा लेने की नहीं रहेगी आवश्यकता : प्राचार्य

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** महाविद्यालय चंबा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पहली बार चार नए परास्नातक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है। इनमें एमबीए, एमसीए, एमकॉम और एमए समाजशास्त्र शामिल हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी और इसे कॉलेज के इतिहास की एक बड़ी उपलब्धि बताया।

प्राचार्य ने बताया कि इन कोर्सों की शुरुआत से जिले के छात्रों को बाहर जाकर महंगी शिक्षा लेने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 सीटें उपलब्ध होंगी और वार्षिक शुल्क लगभग 35,000 रुपए रखा गया है। एमबीए और एमसीए के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि एमकॉम और एमए समाजशास्त्र के लिए आवेदन पहले ही आरंभ हो चुके हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत 6 और 7 अगस्त को कॉलेज में ऑफलाइन काउंसलिंग होगी।

डॉ. गुलेरिया ने बताया कि इन कोर्सों का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक, तकनीकी और सामाजिक दृष्टि से दक्ष बनाना है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्थानीय विधायक और सभी विभागों का आभार जताया जिनके सहयोग से यह स्वीकृति संभव हो सकी। इस अवसर पर एमसीए के समन्वयक डॉ चमन सिंह, एमकॉम समन्वयक डॉ शेल्ली महाजन, पीजीडीसीए समन्वयक प्रोफेसर अविनाश व एमबीए समन्वयक डॉ विजय कुमार इत्यादि मौजूद रहे।



कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया पत्रकार वार्ता करते हुए और साथ में हैं अन्य।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फरेढ़**
विकास खंड भवारना, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत फरेढ़ की पंचायत बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि पंचायत में विभिन्न कार्यों को करने के लिए स्टेनलेस स्टील हैण्ड रेल एंड ग्रिल वर्क ऑल आइटम ट्रेस वर्क सभी आइटम एम.एस पाईपस, जी. एस. शीट, राफटर, पार्लिन आदि हेतु कुटेशन आमंत्रित की जानी है और ग्राम पंचायत फरेढ़ में वाटर कूलर लगवाने हेतु कुटेशन आमंत्रित की जानी है सभी बेंडरों से अनुरोध है कि कुटेशन 06/08/2025 तक बंद लिफाफे में पहुंच जानी चाहिए। 07/08/2025 को दोपहर 1:00 बजे के बाद खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत फरेढ़, विकास खंड भवारना**
**तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुशमल भगोटला**
विकास खंड भवारना, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से प्रस्ताव पारित किया कि वर्ष 2025-26 हेतु निम्न सामग्री (1) पानी टैंक 2000 लीटर प्रति टैंक (2) पार्क हेतु सामग्री प्रति वस्तु (3) सेग्रेगेशन शेड (4) CSC आदि क्रय करने बारे निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः निविदाएं बंद लिफाफे में डाक द्वारा या स्वयं पंचायत कार्यालय कुशमल भगोटला में दिनांक 30/07/2025 को 5:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए उसके बाद निविदाएं स्वीकार नहीं होगी और दिनांक 05/08/2025 को निविदाएं सभी पंचायत सदस्यों व निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत कुशमल भगोटला में खोली जाएंगी। जो भी निविदाता आवेदन करेगा उसका निविदाएं खुलने के समय हाजिर होना आवश्यक है किसी भी निविदा को रद्द करने का पंचायत को पूरा अधिकार होगा ।

1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण संख्या जीएसटी नंबर होना अनिवार्य होगा।
2. निर्माण सामग्री निविदादाता को मूल्य रु. 25000 की धरोहर राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा कराने होंगे।
3. प्रति सामग्री हेतु न्यूनतम मूल्य वाली अलग-अलग निविदाएँ पारित करने का अधिकार पंचायत के पास ही होगा ।
4. प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ तथा निविदाएं प्रति सामग्री आइटम के हिसाब से किया जाएगा केवल जीएसटी वाली निवेदन मान्य होंगी ।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत कुशमल भगोटला**
**विकास खंड भवारना, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**यदि** आप दिशा नहीं बदलते हैं, तो आप वहीं पहुंच सकते हैं जहां आप जा रहे हैं। –गौतम बुद्ध

## संपादकीय

# अधर में लटकी शिक्षा

उन स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई कैसे हो, जहां पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक ही नहीं बचे? यह सवाल बच्चों को बेचैन अवश्य करता है। हिमाचल प्रदेश के दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ाई रामभरोसे ही चल रही है। भरमौर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल लामू की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जहां पॉलिटिकल साइंस के एकमात्र लेक्चरर ने भी अदालत से ट्रांसफर करवा ली है। जब वह शिक्षक रिलीव होगा तो स्कूल शिक्षक विहीन हो जाएगा। बच्चों का भविष्य कौन संवारेगा? यह मात्र किसी एक स्कूल की समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक संकट है, जो हिमाचल की शिक्षा प्रणाली के भीतर गहराई से पैठ चुका है। सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षकों की तैनाती को लेकर नियम बनाए हैं।

इनमें यह भी स्पष्ट है कि ऐसे क्षेत्रों में तैनात शिक्षक कम से कम तीन साल तक सेवा देंगे, लेकिन यह नीति कागजों में तो सुंदर दिखती है, परंतु जमीनी स्तर पर इसका क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। कुछ शिक्षक अदालतों का सहारा लेकर ट्रांसफर करवा लेते हैं, जबकि कुछ स्वास्थ्य या पारिवारिक कारणों का हवाला देकर अपनी सेवाएं चलाते रहते हैं। दुर्भाग्यवश, कई बार ऐसे शिक्षकों की फर्जी उपस्थिति तक दर्शा दी जाती है यानी स्कूल में न होने के बावजूद सरकारी वेतन लिया जाता है। यह न केवल नीति के साथ धोखा है, बल्कि उन बच्चों के भविष्य के साथ भी अन्याय है जो अपनी पढ़ाई के लिए सरकारी स्कूलों पर निर्भर हैं। विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले ये छात्र पहले से ही संसाधनों से वंचित होते हैं।

ऐसे में अगर उन्हें शिक्षा का अधिकार भी नहीं मिल रहा, तो यह हमारे लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के दावों पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है। लामू स्कूल के छात्र जब प्रदर्शन पर उतरे, तो उन्होंने कोई राजनीतिक मांग नहीं की। उन्होंने सिर्फ इतना कहा हमें शिक्षक चाहिए, ताकि हम पढ़ सकें। यह मांग एक बुनियादी हक है, कोई खैरात नहीं। एक ओर तो हम डिजिटल इंडिया और एजुकेशन फॉर ऑल जैसे नारों से देश को आगे बढ़ता दिखाते हैं, वहीं दूसरी ओर एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को शिक्षकविहीन छोड़ देना बेहद शर्मनाक है। छात्रों की बेचैनी और उनका प्रदर्शन सरकार को यह सोचने पर मजबूर करना चाहिए कि क्या हमारी नीतियों और कार्यप्रणाली में कहीं भारी चूक तो नहीं हो रही? यह भी सच है कि हिमाचल में कई ऐसे स्कूल हैं, जहां आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं। दूसरी ओर, दर्जनों स्कूल ऐसे हैं जहां कोई शिक्षक नहीं है या एक-दो के सहारे पूरा स्कूल चल रहा है। यह शिक्षकों के असमान वितरण की समस्या है, जिसे नीतिगत और प्रशासनिक तौर पर तुरंत संबोधित करना आवश्यक है। सरकार को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए जिसमें शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित किया जा सके।

इसके लिए अध्यापकों की वास्तविक उपस्थिति, कार्य निष्पादन और तबादले की पारदर्शिता को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना होगा, ताकि किसी भी प्रकार की राजनीतिक संस्तुति या भेदभाव न हो। आज जरूरत है उस सिस्टम को सुधारने की, जिसमें कुछ शिक्षक बिना स्कूल आए भी वेतन ले रहे हैं। ऐसे मामलों की सख्त जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। फील्ड स्तर पर शैक्षणिक निरीक्षण को मजबूती देने की जरूरत है। अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों का दौरा करना चाहिए और वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए।


जब तक इन बुनियादी खामियों पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा, तब तक हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था विश्वसनीय और प्रभावशाली नहीं बन पाएगी। राज्य सरकार ने कम संख्या वाले स्कूलों को मर्ज या बंद कर एक साहसिक कदम उठाया है, लेकिन यह शुरुआत भर है। यदि सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों की बराबरी में लाना है, तो केवल भवन निर्माण से बात नहीं बनेगी। वहां योग्य और समर्पित शिक्षकों की तैनाती, समय पर पाठ्यक्रम की पूर्ति, परीक्षा की निष्पक्षता और छात्रों के समग्र विकास पर भी ध्यान देना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिक्षक तबादलों की प्रक्रिया से मेरा आदमी-तेरा आदमी जैसी मानसिकता को हटाना होगा। जब तक तबादले सिफारिश और राजनीतिक दबाव के आधार पर होते रहेंगे, तब तक योग्य शिक्षक उन क्षेत्रों में नहीं पहुंच पाएंगे जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

राज्य सरकार को चाहिए कि वह एक ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को पूरी पारदर्शिता से लागू करे, जिसमें शिक्षक की सेवा अवधि, पारिवारिक स्थिति और स्कूल की जरूरत को प्राथमिकता दी जाए। इससे शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे समर्पित शिक्षकों को भी मनोबल मिलेगा और छात्रों को भी गुणवत्ता प्राप्त होगी। सरकार को हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी, जिसमें जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षकों की विशेष ट्रेनिंग और नियुक्ति। शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करने के लिए सर्वे आधारित डाटा एनालिसिस, फर्जी हाजिरी और अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, ट्रांसफर नीति को पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना जैसे बिंदुओं पर गौर करना होगा। शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है और शिक्षक उस रीढ़ की सबसे मजबूत कड़ी। अगर शिक्षक ही नहीं होंगे, तो शिक्षा व्यवस्था सिर्फ इमारतों का ढांचा बनकर रह जाएगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी

**पंडित** चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। 17 वर्ष के चंद्रशेखर आजाद क्रांतिकारी दल 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' में सम्मिलित हो गए। दल में उनका नाम 'क्विक सिल्वर' (पारा) तय पाया गया। पार्टी की ओर से धन एकत्र करने के लिए जितने भी कार्य हुए, चंद्रशेखर उन सबमें आगे रहे। सांडर्स वध, सेंट्रल असेंबली में भगत सिंह द्वारा बम फेंकना, वाइसराय को ट्रेन बम से उड़ाने की चेष्टा, सबके नेता वही थे। इससे पूर्व उन्होंने प्रसिद्ध 'काकोरी कांड' में सक्रिय भाग लिया और पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। एक बार दल के लिए धन प्राप्त करने के उद्देश्य से वे गाजीपुर के एक महंत के शिष्य भी बने। इरादा था कि महंत के मरने के बाद मरु की सारी संपत्ति दल को दे देंगे। 27 फरवरी, 1931 को चंद्रशेखर आजाद के रूप में देश का एक महान् क्रांतिकारी योद्धा देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दे गया, शहीद हो गया। उनको श्रद्धांजलि देते हुए कुछ महान् व्यक्तित्व के कथन निम्न हैं–पंडित जी की मृत्यु मेरी निजी क्षति है। मैं इससे कभी उबर नहीं सकता।–पंडित मदन मोहन मालवीय ■



पंडित चंद्रशेखर आजाद
जन्म : 23 जुलाई, 1906
मृत्यु : 27 फरवरी, 1931



कविता

## शिव सबके भीतर हैं

अशोक सिंह गुलेरिया, नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा

*न ढूंढो उन्हें मंदिरों के द्वार,*
*न शिखरों पर, न नदियों के पार।*
*वो बसे हैं तेरे हर विचार,*
*तेरी सांसों में उनका संसार।*

*जब चुपचाप तू आंखें मूंदता है,*
*वो भीतर से तुझसे जुड़ता है।*
*न दीपक, न मंत्रों की धुन,*
*बस ध्यान में शिव बनते हैं सुन।*

*हर पीड़ा में है उनकी शक्ति, हर गिरने में है कोई भक्ति।*
*जो समझ सका अपनी पहचान, उसे ही मिलता, शिव का ज्ञान।*

*जिस दिन तू खुद से मिल जाएगा,*
*उस दिन शिव भी गले लगाएगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# एनरोलमेंट संकट: शिक्षा में चिंता भी, चिंतन भी

21 जुलाई को स्कूल शिक्षा निदेशालय में निदेशक (उच्चतर शिक्षा) आशीष कोहली जी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें 13 विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या (एनरोलमेंट) को लेकर रणनीति बनाना और इसके दूरगामी दुष्प्रभावों से निपटने के लिए ठोस सुझाव प्रस्तुत करना।

बैठक में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लगभग 7.5 लाख विद्यार्थियों की एनरोलमेंट थी, जो अब घटकर सिर्फ 7 लाख रह गई है। यानी एक साल में 50,000 विद्यार्थियों की कमी हुई है। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक, प्रशासनिक और नीति संबंधी संकट का संकेत है। यह गिरावट उस बर्फ की चोटी की तरह है जिसके नीचे कई गहरे कारण छिपे हैं। इस गिरती संख्या का सीधा प्रभाव यह हुआ कि कई छोटे स्कूल, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, बंद हो गए हैं।



सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बुशैहर

यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि जिन स्कूलों में अत्यंत कम नामांकन था, उन्हें बंद करना शिक्षा विभाग का एक साहसिक और यथार्थवादी निर्णय था। कम छात्रों के कारण संसाधनों का उचित उपयोग नहीं हो पा रहा था और गुणवत्ता से समझौता हो रहा था। ऐसे में 'स्कूल मर्जर पॉलिसी' के तहत कुछ विद्यालयों को पास के स्कूलों में समायोजित कर दिया गया, जिससे स्थानीय बच्चों की दूरी और असुविधा तो बढ़ी, लेकिन एक व्यवस्थित शिक्षा ढांचा तैयार करने की कोशिश भी हुई। परिणामस्वरूप, एक और गंभीर चिंता सामने आ रही है—नई भर्तियां अब लगभग कम होंगी। जैसे-जैसे छात्रों की संख्या घटती है, सरकार भी नए शिक्षकों की नियुक्तियां रोकने लगती है। अब शिक्षकों की नियमित भर्तियां कम होती जाएंगी या पूरी तरह बंद भी हो सकती हैं। हजारों



प्रशिक्षित युवा जो जेबीटी बीएड, डीएलएड, टेट जैसी परीक्षाएं पास कर शिक्षक बनने की प्रतीक्षा में हैं, वे बेरोजगारी की कतार में खड़े रह जाएंगे। यह शिक्षा और रोजगार—दोनों ही क्षेत्रों के लिए खतरे की घंटी है। बैठक में यह सराहनीय निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शैक्षिक क्लस्टर का नेतृत्व अब एक प्रधानाचार्य को सौंपा जाएगा, ताकि प्रबंधन और प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो सके। यह नई प्रणाली शिक्षा तंत्र को अधिक संगठित, जिम्मेदार और परिणामोन्मुख बनाने में सहायक होगी। जहां तक सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता का सवाल है, यह कहना अब सही नहीं कि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं रहते या कर्तव्यों में कोताही बरतते हैं। आज के समय में स्विफ्ट चैट जैसे आधुनिक डिजिटल सिस्टम के माध्यम से हर शिक्षक की उपस्थिति और लोकेशन नियमित रूप से मॉनिटर की जाती है। अब शिक्षक को न केवल स्कूल में उपस्थित रहना होता है, बल्कि मोबाइल के माध्यम से अपने स्थान की लाइव लोकेशन भी विभाग को भेजनी होती है। ऐसे में शिक्षकों की अनुशासनहीनता की शिकायतें अत्यंत सीमित और अपवाद स्वरूप ही रह गई हैं।

अनंत ज्ञान

वास्तविकता यह है कि अब सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में पारदर्शिता, तकनीक और जवाबदेही को काफी हद तक शामिल कर लिया गया है। बावजूद इसके, समाज में सरकारी स्कूलों की एक नकारात्मक छवि बनी हुई है जिसे तोड़ने की आवश्यकता है। निजी स्कूलों के आक्रामक प्रचार और अंग्रेजी माध्यम के प्रति झुकाव के चलते अभिभावक भ्रमित हो जाते हैं और वे यह सोचते हैं कि निजी शिक्षा ही श्रेष्ठ है, भले ही उसके आर्थिक और मानसिक बोझ से उनका परिवार टूटता जा रहा हो।

इस स्थिति से बाहर आने के लिए सरकार को चाहिए कि वह कुछ सकारात्मक और प्रेरक कदम उठाए। मसलन, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्तियां, वर्दी, किताबें, हेल्थ चेकअप, प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। जो सरकार कर भी रही है। इसके अतिरिक्त पंचायत, महिला मंडल, युवक मंडल और स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित कर यह जागरूकता अभियान चलाया जाए कि सरकारी स्कूल न केवल सुलभ और निशुल्क हैं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम भी हैं। इसके साथ-साथ एक सामाजिक मापदंड या नैतिक नीति तैयार की जानी चाहिए, जिसके तहत यह प्रयास हो कि प्राथमिक स्तर तक के सभी बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढ़ें। यह बाध्यकारी न हो, पर प्रेरणात्मक और सुविधाजनक जरूर हो। इस दिशा में नीतिगत प्रयासों के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और मीडिया की सकारात्मक भूमिका भी अत्यंत आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब अधिकांश स्थानों पर स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, खेल के मैदान और योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं। जरूरत है तो बस उस विश्वास को पुन: स्थापित करने की, जो किसी समय सरकारी स्कूलों की पहचान हुआ करता था।

आशीष कोहली की यह चिंता केवल एक प्रशासनिक अधिकारी की चिंता नहीं, बल्कि पूरे राज्य के भविष्य को लेकर एक सशक्त और संवेदनशील सोच है। अब यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने को गर्व का विषय बनाएं, न कि विवशता का। यह केवल शिक्षा बचाने का नहीं, बल्कि नौजवान पीढ़ी को बेरोजगारी से बचाने का भी संघर्ष है। अगर हम आज यह प्रयास नहीं करेंगे, तो कल न शिक्षकों के लिए जगह बचेगी, न शिक्षा के लिए भवन। सरकारी स्कूलों की एनरोलमेंट बढ़ाना केवल एक विभागीय लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि यह एक सामूहिक सामाजिक अभियान बनना चाहिए—जहां हर माता-पिता, हर शिक्षक, हर जनप्रतिनिधि और हर युवा एकजुट होकर हिमाचल की शिक्षा को पुन: उसकी गरिमा दिला सकें। यही असली विकास की दिशा होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# थुनाग में मलबे के नीचे से उम्मीदें निकालता प्रशासन

जब 30 जून और 1 जुलाई की मध्यरात्रि मंडी जिले के थुनाग क्षेत्र में काली घटाएं बरसीं, तो साथ लेकर आई कहर बन चुकी बारिश, बादल फटना और भूस्खलन। कुछ ही पलों में गांव के गांव जलमग्न हो गए, सड़कें लापता हो गईं और जीवन की रफ्तार एकदम थम गई।

यह वह घड़ी थी, जब हर ओर सिर्फ टूटन थी— मकान टूटे, रास्ते टूटे और साथ ही टूटी लोगों की दिनचर्या, लेकिन कुछ ही दिनों में इस मलबे के बीच उम्मीद की एक रेखा भी खिंच गई—प्रशासन की सक्रियता और समर्पण के रूप में। थुनाग उपमंडलाधिकारी (ना.) रमेश कुमार के अनुसार, इस भीषण प्राकृतिक आपदा में जहां सार्वजनिक संपत्ति और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुंची, वहीं राहत और पुनर्वास कार्यों को युद्धस्तर पर तेज किया गया है।



संजय सैनी
स्वतंत्र लेखक

**जल संकट के बीच बहाल होती प्यास बुझाने की उम्मीद :** जल शक्ति विभाग के थुनाग मंडल की कुल 299 पेयजल योजनाओं में से 241 योजनाएं क्षतिग्रस्त हो गई थीं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती बन गई थी, लेकिन राहत की बात यह रही कि अब तक 189 जल योजनाएं अस्थायी रूप से बहाल कर दी गई हैं।

30 ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति पूरी तरह बहाल है, जबकि 51 पंचायतों में आंशिक रूप से सप्लाई दी जा रही है।

**सड़कें नहीं रहीं तो रास्ते बनाए :** आपदा में 35 सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुईं। कुछ गांव तो ऐसे थे, जो पूरी तरह संपर्क से कट गए, लेकिन जैसे-जैसे मशीनें पहुंचीं, रास्ते खुलते गए। आज 10 सड़कें पूरी तरह बहाल हो चुकी हैं, जबकि 23 सड़कों पर आंशिक यातायात बहाल कर दिया गया है। सबसे अधिक क्षति बगस्याड-शिकावरी और तांदी-द्रौण मार्गों को हुई है, जिनकी मरम्मत युद्धस्तर पर जारी है।



राहत कार्यों में 52 मशीनें दिन-रात जुटी हैं—जिनमें एलएंडटी, जेसीबी, टिप्पर, एयर कंप्रेसर और ट्रैक्टर शामिल हैं।

अनंत ज्ञान

**बिजली की लौ से लौटा भरोसा :** विद्युत उपमंडल जंजैहली में कुल 202 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए थे, जिनमें से 162 ट्रांसफार्मर बहाल किए जा चुके हैं। छतरी क्षेत्र के 78 ट्रांसफार्मर अब पूरी तरह कार्यरत हैं, जिससे सैकड़ों परिवारों के घरों में फिर से रोशनी लौट आई है।

**एक प्रशासनिक दृढ़ संकल्प की कहानी :** यह कहानी केवल पुनर्वहाली की नहीं है। यह उस निरंतरता, समर्पण और सेवा भावना की कहानी है, जो आपदा के अंधकार को चीरकर आम जनजीवन को फिर से सामान्य करने में जुटी है।

एसडीएम रमेश कुमार और उनकी टीम सिर्फ फाइलों तक सीमित नहीं रही, वे जमीनी स्तर पर रहकर हर पंचायत, हर लाइन, हर पाइप और हर गली को फिर से जीवंत कर रहे हैं। थुनाग में हालात अब भी चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन जो सबसे बड़ी बात सामने आई है, वह है —प्रशासन और जनता के बीच सहयोग और विश्वास की डोर। हर मशीन की आवाज के पीछे हैं एक संकल्प—'हम हार नहीं मानेंगे।' प्राकृतिक आपदा ने बहुत कुछ छीना, लेकिन अब जब पानी बह रहा है, बिजली लौट रही है और रास्ते फिर से खुल रहे हैं, तो एक बात साफ है—जिदगी दोबारा मुस्कुराना चाहती है और प्रशासन उसे वह मौका देने के लिए दिन-रात जुटा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हर** बेरोजगार सरकारी नौकरी का हकदार है, लेकिन जॉब ट्रेनी की जवाबदेही का दस्तूर कैसे बुलंद होगा। हमारे पास क्षमता से कहीं अधिक विभिन्न कालेज हैं, लेकिन राज्य के रोजगार में उनकी भूमिका क्या है। विडंबना यह है कि हमारी भागदौड़ ने शिक्षा के उद्घार को सियासी रेहड़ी बना दिया। अब वक्त वास्तविकता को परखने और बेहतर बनाने का है, तो शिक्षा से रोजगार तक सुधार की गुंजाइश को पूरा करना होगा। लिहाजा सरकारी नौकरी की तुकबंदी में किए गए प्रयोग आज भी अधूरे हैं। अब जॉब ट्रेनी का आइडिया कितना सफल-कितना निष्पक्ष होगा, इसको लेकर सियासत होगी। सरकारी नौकरी अब जॉब ट्रेनी के अवतार में हाजिर है। अब सरकार को सोचना होगा कि हम बेरोजगारों के लिए कितना सही कर रहे हैं, क्या अगली पारी में बेरोजगार युवा सरकार के साथ होंगे, आज प्रश्न यह उत्पन्न हुआ है? **रमेश चंद, धर्मशाला**

# केंद्र सरकार से आपदा राहत पैकेज को मोहताज देवभूमि

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों को आस्था की दृष्टि से देखें, पर्यटन के नजरिए से या राष्ट्र की सुरक्षा के मद्देनजर सामरिक नुक्ता ए नजर से परख लें। पर्यटन, वन्य जीवों व जंगली जानवरों की शरणास्थली से लेकर संपूर्ण मानवता तथा देश रक्षा के महाज तक पहाड़ हमेशा फायदेमंद साबित हुए हैं। पहाड़ तथा जंगल जैसे लफ्ज सुनते ही जहन में हिमाचल की पर्वतीय श्रृंखलाओं की तस्वीर ताजा हो जाती है। सूबे की भौगोलिक शिनाख्त जंगलों तथा पहाड़ों से है, मगर अफसोष राज्य के जंगलों तथा पहाड़ों पर एक मुद्दत से गर्दिश के बादल मंडरा रहे हैं। गर्मी के मौसम में जंगल दावानल की भयंकर चपेट में आ जाते हैं। बरसात का मौसम शुरू होते ही पहाड़ों पर रोज ए महशर का दौर शुरू हो जाता है।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

प्रकृति का बदलता मिजाज पहाड़ों पर तशवीशनाक मंजर बयान कर रहा है। प्रकृति का रौद्र रूप कभी न भूलने वाली तबाही की दास्तान लिख रहा है। पहाड़ों पर त्रासदी के चलते लोग दहशत के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं। बादल फटने तथा जमीन खिसकने की आपदाओं से मुस्तकबिल का मंजर कितना खौफनाक होगा, किसी को पता नहीं। आसमान से बरस रही आफत से मंडी जिला में नदी नालों का शदीद सैलाब कई लोगों को उनके आशियानों को साथ बहाकर ले गया। लोगों के खेत खलिहान तक सैलाब में बह गए। सड़के मलबे में दफन हो गई। लोग फरियादी बनकर पनाह लेने को मजबूर हैं। प्राकृतिक आपदाऐं राज्य के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती साबित हो रही है। बादल फटने तथा भूस्खलन से उपजी भीषण त्रासदी में दुर्गम क्षेत्रों में जिंदगियां बचाना तथा राहत सामाग्री पहुंचाना चुनौती है। सड़के बहाल करना मुश्किल हो रहा है। बेसक राज्य के पहाड़ पिछले कुछ वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं से जद्दोजहद करके बुरे दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन इसे संयोग कहें या प्रयोग। इत्तेफाक कहें या आजमाइश।

विकास और पर्यटन के नाम पर पहाड़ों का कुदरती स्वरूप काफी हद तक बिगड़ रहा है। अतीत से वर्तमान तक मरकजी हुकूमतों ने भी राष्ट्र के लिए विकास के नाम पर सूबे के पहाड़ों को उजाड़ कर विकास के साथ-साथ विनाश के मजमून भी लिखे हैं। भाखड़ा बांध, पौंग बांध तथा कीरतपुर मनाली फोरलेन जैसे राष्ट्रहित के निर्माण कार्यों के लिए प्रदेश के सैकड़ों परिवारों को विस्थापन के कभी न भूलने वाले गहरे जख्म दिए गए। भाखडा, पौंग, कीरतपुर मनाली फोरलेन तथा अटल टनल जैसे निर्माण कार्य तस्दीक करते हैं कि राज्य के पानी और जवानी के बाद देवभूमि के पहाड़ भी राष्ट्रहित के ही काम आए हैं। बेसक मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए विकास कार्य जरूरी हैं। मगर काबिलेगौर रहे विकास और विनाश का चोली दामन का साथ रहा है।



जहां विकास होगा वहां प्राकृतिक संसाधनों का विनाश जरूर होगा। विकास के पहले पन्ने की बुनियाद इंसानी दखलंदाजी के विनाश पर खड़ी होती है। प्रकृति में विनाशकारी तब्दीली का मुख्य कारण यही है। विकास की राह पर चलते चलते विनाश की ओर अग्रसर होकर आपदाओं को आमत्रित किया जाता है। विकास की अंधी जद्दोजहद में हम भूल जाते हैं कि कुदरत के भी कुछ कायदे कानून हैं। निर्माण कार्यों में प्रकृति के मूल्यों और सिद्धांतों को नजरंदाज करके व्यवस्थाओं तथा ठेकेदारों की तरकीबों को अपनाया जाता है। ऐसा विकास मॉडल जो भीषण आपदाओं का सबब बनकर त्रासदी को दावत दे। लोगों के आशियाने छीनकर उन्हें फरियादी बना दे। दशकों पुरानें पेड़ों को धराशायी करके पर्यावरण के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ा दे। ऐसे विकास मॉडल से परहेज होना चाहिए। अलबत्ता पहाड़ों की खामोश चीख पुकार को भी महसूस करना होगा। देवभूमि के धार्मिक स्थलों पर आस्था का सैलाब। पहाड़ों पर पर्यटको का सैलाब।

अनंत ज्ञान

पहाड़ों की सड़कों पर गाड़ियों का सैलाब। भारी बारिस के बाद नदी नालों में तबाही का खौफनाक सैलाब जो सब कुछ बहाकर ले जा रहा है। प्राकृतिक आपदाओं से हो रही तबाही को कुदरत का प्रकोप मानने के बजाए बेतरतीब तथा अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे निर्माण कार्यों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा। नदी नालों के नजदीक निर्माण कार्यों से एहतियात बरतनी होगी। अवैध कटान, अवैध खनन, बेतरतीब निर्माण, अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण पर रोक लगनी चाहिए। एनजीटी के दिशा निर्देशों का पालन होना चाहिए। निर्माण कार्यों तथा बड़ी परियोजनाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर आगे बढ़ाना चाहिए। प्राकृतिक आपदाओं से हो रहे नुकसान पर वैज्ञानिक मंथन की जरूरत है। राज्य में रोजगार के साधन बहुत सीमित हैं। बढ़ती आबादी के साथ जमीन तथा अन्य संसाधन भी सीमित हो रहे हैं। बेरोजगारी तथा महंगाई के इस दौर में लोगों को अपने आशियाने बनाने के लिए कई मजबूरियों का सामना करना पड़ रहा है, मगर समझना होगा कि पहाड़ों तथा मैदानी क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियां अलग हैं। अत: पहाड़ों पर विकास का पैमाना भी मुक्तलिफ होना चाहिए। ताकि पहाड़ों का कुदरती स्वरूप महफूज रह सके। सैलाब की चपेट में आकर पेड़ों का जड़ों समेत उखड़ जाना तथा भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं तस्दीक करती हैं कि अपने जमाल से कायनात को अफरोज करने वाले पहाड़ कमजोर हो रहे हैं। बहरहाल हमारे हुक्मरानों को हिमाचल के पहाड़ों की सामरिक अहमियत को समझाना होगा। भीषण आपदाओं से पीड़ित लोगों की मदद के लिए हर वर्ग को आगे आने की जरूरत है। हर प्राकृतिक आपदा को गंभीर चेतावनी के रूप में लेना होगा। हिमाचल के बेहतर भविष्य के लिए यदि पहाड़ों को पहाड़ ही रहने दें तो बेहतर होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मानव की जातिवाद छोड़कर समता की ओर भारत की यात्रा

जाति एक समय समाज के कार्य विभाजन और व्यवस्था हेतु बनी एक संरचना थी, जो शायद अपने आरंभिक काल में सामाजिक संतुलन और जिम्मेदारी बांटने के उद्देश्य से अस्तित्व में आई थी, लेकिन समय के साथ यह एक ऐसी व्यवस्था में बदल गई, जिसने समाज में असमानता, भेदभाव और ऊंच-नीच की दीवारें खड़ी कर दीं।

यह दीवारें धीरे-धीरे भारतीय समाज की आत्मा को भीतर से खोखला करने लगीं। हमारा दुर्भाग्य यह रहा कि विदेशी आक्रमणों के काल में जब समाज को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए था, जातिगत विभाजन ने हमें कमजोर बना दिया और जब अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया, तब उन्होंने इसी कमजोरी को अपनी ताकत बनाया 'फूट डालो और राज करो' की नीति के तहत उन्होंने जातिगत जनगणना, वर्गीकरण और आरक्षण की बुनियाद डाली। यह चोट सबसे गहरी थी, जिसने हमारे सामाजिक ताने-बाने को लंबे समय तक विकृत किया। आजादी के बाद संविधान ने सबको समान अधिकार दिए—जाति, धर्म, लिंग, भाषा के आधार पर भेदभाव समाप्त करने की घोषणा की, लेकिन सामाजिक व्यवहार में यह समानता उतनी तीव्रता से नहीं आई जितनी अपेक्षा थी। इसके पीछे कहीं न कहीं हम सबका धीमा आत्म साक्षात्कार और शिक्षा के प्रति हमारी संकोचपूर्ण प्रवृत्ति रही है। यदि हमें भारत को एक बार फिर से आत्मबल से खड़ा करना है, तो हमें जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के जहर को निष्क्रिय करना होगा और इसके लिए संविधान ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। एक ऐसा ग्रंथ जो सिर्फ अधिकार नहीं, कर्तव्यों की भी बात करता है।



किरण कुमार वशिष्ठ
शिक्षक, गांव व डा.बाट, चंबा



हमें अपने अधिकारों की जानकारी के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का बोध भी होना चाहिए। लोकतंत्र में केवल वोट देना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में समाज को न्यायपूर्ण और समता-आधारित बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता है कि हम 'धर्म' को उसके वास्तविक अर्थ में समझें—वह धर्म जो आत्मा की आवाज है, जो मानवता का मूल है।

धर्म का आशय पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य और नैतिक जीवन है। हमें वही करना है जो हमारे अंतर्मन को उचित लगे, जो मानवहित में हो। समाज की उन्नति किसी आंदोलन या योजना मात्र से नहीं होती—वह तब होती है जब आम नागरिक अपने कर्मों से आदर्श प्रस्तुत करता है। जब एक शिक्षक जातिवाद से ऊपर उठकर विद्यार्थियों को बराबर समझता है, जब एक डॉक्टर बिना भेदभाव के इलाज करता है, जब एक छात्र अपनी सोच में समरसता लाता है—तभी समाज बदलता है। हमें उन देशों से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने समानता और न्याय को विकास की बुनियाद बनाया है—जैसे स्कैंडिनेवियाई देशों ने शिक्षा और स्वास्थ्य में समानता देकर समाज में समरसता लाई।

अनंत ज्ञान

भारत को भी अपनी विकास यात्रा में केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मापदंड बनाना चाहिए। आज जरूरत है कि हम अपने विचारों को संवाद के माध्यम से मजबूत करें—विरोध से नहीं, संवाद से। यदि कोई विचार आपसे भिन्न है, तो उसे दबाने की नहीं, समझने की कोशिश करें। शायद उसी से एक नई और श्रेष्ठ विचारधारा जन्म ले। हमें उन मूलभूत आधारशिलाओं को फिर से याद करना होगा, जिन्हें हमने कभी माना था—जैसे 'वसुधैव कुटुंबकम्' या 'सर्वे भवन्तु सुखिन:'। यह सिर्फ श्लोक नहीं, जीवन के दर्शन हैं, जिनके आधार पर ही भारत 'विश्वगुरु' बन सकता है।

21वीं सदी निस्संदेह भारत की है—लेकिन यह तभी संभव है जब हम ऐसे नेता और नागरिक तैयार करें, जो न केवल राजनीति में, बल्कि समाज में भी नीतियों, विचारों और मूल्यों को महत्व दें। विकास की असली परिभाषा वही होगी, जब समाज का हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को गर्व से देखे, न कि किसी पिछड़ेपन के चिह्न के साथ। आज जब वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, तब हमें अपने अंदर झांकने की आवश्यकता है —अपनी ताकत को पहचानने की जरूरत है, क्योंकि वही देश दुनिया को दिशा दे सकता है, जो खुद को दिशा दे सके। जातिवाद को तोड़ना सिर्फ सामाजिक कार्य नहीं है, यह एक राष्ट्रीय दायित्व है। इसके लिए हमें शिक्षा, संवाद, संवेदना और सह-अस्तित्व की भावना को पुन: स्थापित करना होगा। आइए, हम सभी अपने स्तर से शुरुआत करें। अपने घर, विद्यालय, कार्यस्थल और समाज में एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करें जिसमें समानता, सम्मान और संवाद की भावना हो। यही हमारे संविधान के उद्देश्य की सच्ची पूर्ति होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### दमसेहड़ा में अवैध शराब की 4 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस ने ग्राम दमसेहड़ा निवासी एक दुकानदार के खिलाफ अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में कार्रवाई की है। आरोपी अपनी चिकन और करियाना दुकान के माध्यम से ठेके से देशी और अंग्रेजी शराब लाकर ग्राहकों को अवैध रूप से पैग में बेचता पाया गया। यह कृत्य हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 की धारा 39(1)(ए) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस थाना सरकाघाट के एएसआई राजेंद्र कुमार द्वारा मामले की जांच कर रहे है। पुलिस ने मौके से ऊना नंबर 1 की 4 बोतलें (प्रत्येक 750 एमएल) बरामद की हैं।आरोपी को धारा 35(3) बीएनएसएस के अंतर्गत नोटिस देकर पाबंद किया गया और आगामी कार्रवाई के लिए रिहा किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### बस रूटों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा जिला मंडी के चयनित 12 बस रूटों पर स्टेज कैरिज वाहनों (टेम्पो ट्रैवलर) के संचालन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार ने आज यहां बताया कि इन बस रूटों के संचालन के लिए पहले 9 जून से 21 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अब विभाग ने इन रूटों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 28 जुलाई कर दिया है। उन्होंने बताया कि चयनित रूटों की सूची, नियम एवं शर्तें विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आईटीआई डोहग के पास होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में होने वाली आगामी पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट अब गलू मेला मैदान के स्थान पर आईटीआई डोहग के साथ वाले मैदान में लिया जाएगा। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि आगामी 25 जुलाई को निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट अब गलू मेला मैदान की जगह डोहग आईटीआई के साथ लगते मैदान में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को होने वाली वाहनों की पासिंग भी इसी मैदान में की जाएगी। उन्होंने ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले आवेदकों से अब नए स्थान आईटीआई डोहग के साथ लगते मैदान में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### सिमल में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राज्य सहकारी बैंक लडभड़ोल शाखा द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत सिमल में डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल लेन-देन और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बैंक शाखा प्रबंधक अनिल राणा, आरबीआई समन्वयक रेणु शर्मा और ग्राम पंचायत प्रधान विवेक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को बैंक में संचालित विभिन्न बचत और ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 62 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और डिजिटल बैंकिंग से जुड़ी जानकारी हासिल की।

### राहगीरों ने खीर के भंडारे का लिया आनंद

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** श्रावण के पावन माह में छोटाभंगाल और चौहार घाटियों में परंपरागत रूप से आयोजित मीठी खीर के भंडारों का आयोजन किया गया। मंगलवार को मुल्थान बाजार में स्थानीय व्यापारियों काहन चंद, मनोज कुमार, भाग सिंह व अन्य दानी सज्जनों ने दो स्थानों पर संयुक्त रूप से भंडारे लगाए। चौहार घाटी में दुर्गा माता मंदिर परिसर में महिला मंडल बरोट और लक्कड़ बाजार में व्यापारी कश्मीर सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। दोनों घाटियों में लगे इन भंडारों का स्वाद न केवल स्थानीय लोगों ने लिया, बल्कि दूर-दराज से खरीदारी करने आए लोगों ने भी इसका भरपूर आनंद उठाया।

### मक्की और हल्दी का समर्थन मूल्य बढ़ा

**अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मक्की और हल्दी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। अब मक्की का मूल्य 40 रुपए प्रति किलो और कच्ची हल्दी का 90 रुपए प्रति किलो निर्धारित किया गया है। किसानों से इन उत्पादों की खरीद आत्मा परियोजना के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में उप परियोजना निदेशक डॉ. विशाखा पाल के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीम ने सलेहरा, कोठी, संसाल, चढियार, भिरडी, और चैक पंचायतों में जागरूकता शिविर आयोजित किए। शिविरों में लगभग 200 किसानों को योजना की जानकारी दी गई व उत्पाद बेचने के इच्छुक किसानों के फॉर्म भरवाए गए। पंचायत प्रतिनिधियों से भी चर्चा कर योजना को जन-जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया।

### शिक्षकों ने रोपे देवदार, चील व फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, बरोट।** श्रावण माह के शुभ अवसर पर छोटाभंगाल और चौहार घाटियों में एकल विद्यालय अभियान के तहत पौधरोपण कार्य आरंभ किया गया। अभियान की बरोट इकाई की प्रमुख प्रियंका देवी के नेतृत्व में 30 आचार्यों ने देवदार, चील और सेब के पौधे लगाए। यह अभियान पिछले पंद्रह वर्षों से जारी है और इस बार भी पौधों की समुचित देखरेख और सिंचाई का संकल्प लिया गया है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम है, जिससे क्षेत्र में हरियाली और जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

### पांगणा में पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन



**लक्की, अनंत ज्ञान, करसोग।** शिमला जिले के ठियोग निवासी डॉ. दास महेश शर्मा ने अपने जन्मदिन को एक खास और प्रेरणादायक अंदाज में मनाते हुए पांगणा क्षेत्र में देवदार के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय लोकगायक कुलदीप शर्मा भी उपस्थित रहे और उन्होंने ठाकुरद्वारा मंदिर व राजकीय प्राथमिक पाठशाला पांगणा के पास पौधरोपण किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। डॉ. शर्मा का मानना है कि मानव द्वारा वनों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक वनों, विशेषकर देवदार जैसे वृक्षों, में भूमि के भीतर नमी बनाए रखने की विशेष क्षमता होती है, इसलिए इन वनों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। लोकगायक कुलदीप शर्मा ने कहा कि आज जो घने वृक्ष हमें दिखाई देते हैं, वे हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं। हमें इनकी रक्षा कर भविष्य की पीढ़ियों को एक संतुलित और सुरक्षित पर्यावरण देना होगा।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## जोगिंद्रनगर में दो दिनों की मूसलाधार बारिश से निरंकारी भवन को भारी नुकसान

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित करने के साथ-साथ धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया है। भारी बारिश के चलते संत निरंकारी भवन जोगिंद्रनगर को गंभीर क्षति हुई है। भवन के साथ बना लगभग 150 फुट लंबा और 20 फुट ऊंचा सुरक्षा डंगा भरभराकर गिर गया, जिससे भवन की नींव और संरचना को खतरा उत्पन्न हो गया है।



निरंकारी भवन का डंगा गिरने के साथ ही भवन का मुख्य शेड ध्वस्त हुआ।

संत निरंकारी भवन के संयोजक टेक चंद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डंगे के गिरने के साथ ही भवन का मुख्य शेड भी पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। यह शेड लगभग 100 फुट लंबा और 20 फुट चौड़ा था, जिसमें टिन की छत थी और नियमित सत्संग कार्यक्रम आयोजित होते थे। बारिश के कारण इस शेड में रखा कीमती धार्मिक व संगत संबंधी सामान भी मलबे में दब गया है। वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा से भवन को करीब 60 से 70 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लेने और त्वरित राहत कार्य शुरू करने की मांग की है।

इस कठिन समय में स्थानीय संगत के सदस्यों ने सेवा भाव का परिचय देते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर मलबा हटाने और बचे हुए सामान को सुरक्षित करने का कार्य आरंभ कर दिया है। दर्जनों स्वयंसेवी बिना किसी आधिकारिक निर्देश के लगातार राहत कार्यों में जुटे हुए हैं।

संगत के सदस्यों की तत्परता और निस्वार्थ सेवा मिशन की शिक्षाओं का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। वे न केवल क्षतिग्रस्त भवन को ठीक करने में लगे हैं, बल्कि आगामी सत्संग कार्यक्रमों की व्यवस्था दोबारा सुचारू करने के प्रयास भी कर रहे हैं।

## भारी बारिश के चलते बिजली बोर्ड चांगर का डंगा गिरा

**भीम बसेड़ु, अनंत ज्ञान**



बारिश से चांगर मार्ग पर धराशायी हुआ डंगा।

**महादेव।** शहरी क्षेत्र सुंदरनगर के चांगर से सटे बिजली बोर्ड के कार्यालयों सहित बीबीएमबी के बिजली संबंधी कार्यालयों के ऊंचे परिसर के एक बड़े भाग में भारी बारिश से डंगा का एक बड़ा हिस्सा चांगर को जाते कच्चे चौड़े मार्ग पर गिर गया, जबकि दफ्तर के एक हिस्से एवं पार्किंग स्थल के गिरने का खतरा भी बना है। इस घटना के घटने से वाहन चालकों आदि को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि चांगर को इस मार्ग को निकालते समय ऊंचे भाग की कुछ ज्यादा ही बेतरतीब ढंग की खुदाई-कटाई कर दी थी जिससे आज यह लैंडस्लाइड की नौबत आई है। लोगों ने इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाने सहित उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग करते हुए यह भी कहा है कि शीघ्र ही आने वाले लैंडस्लाइड के खतरे को टालने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

## सुंदरनगर की कृतिका ने गौमुख से 600 किमी पैदल कांवड़ यात्रा की पूरी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**मंडी** जिला के सुंदरनगर की 21 वर्षीय कृतिका ठाकुर ने साहस, आस्था और आत्मबल का परिचय देते हुए गौमुख से सुंदरनगर तक लगभग 600 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा पैदल पूरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कृतिका को हिमाचल प्रदेश की पहली महिला कांवड़ यात्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इससे पहले वह हरिद्वार से भी सफलतापूर्वक कांवड़ यात्रा कर चुकी हैं।



सुंदरनगर के कपाही पंचायत के गांव देरडू की निवासी कृतिका ने यह यात्रा न केवल धार्मिक श्रद्धा से की, बल्कि इसे आत्मबल, संकल्प और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बना दिया। कृतिका ने गौमुख से गंगाजल लाकर अपने गांव के ओमकारेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर अभिषेक किया। इस ऐतिहासिक यात्रा में उनके पिता, चाचा, ताया व गांव के अन्य लोग भी साथ थे।

बॉक्सिंग की राज्यस्तरीय खिलाड़ी रह चुकी कृतिका एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में बीपीएड की छात्रा हैं और तीन बार राज्य स्तर पर रजत पदक जीत चुकी हैं। उनके इस प्रयास ने लैंगिक समानता और धार्मिक स्वतंत्रता को भी मजबूती दी है। कृतिका की यह यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। उनके साहस और आस्था ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

## महिला के खाते से शातिरों ने उड़ाए 15 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत एक ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में अज्ञात ठगों ने एक महिला के बैंक खाते से कुल 15 लाख 33 हजार 100 रुपए निकाल लिए गए हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रीना देवी (51) पत्नी जगदीश चंद गांव असलू डाकघर डैहर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने थाना सुंदरनगर में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनके साथ फाइनेंशियल फ्रॉड हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार बीते 17 जुलाई को उसके खाते की नेट बैंकिंग काम नहीं कर रही थी, जिस कारण वह संबंधित बैंक शाखा में जानकारी लेने पहुंची। इसके अगले दिन यानी 18 जुलाई को 1 लाख 34 हजार 500 तथा 19 जुलाई को 13 लाख 98 हजार 600 रुपए उसके बैंक खाते से कट गए। इस पर उन्हें संदेह हुआ और पता चला कि वे ऑनलाइन ठगी का शिकार बन गए हैं। वहीं शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सुंदरनगर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## बकारटा में दो मंजिला कच्चा मकान ढहा लाखों का नुकसान, बाल-बाल बची महिला

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत बकारटा में लगातार हो रही भारी बारिश ने कहर बरपा दिया है। गांव के रतन चंद पुत्र कश्मीर सिंह का दो मंजिला कच्चा मकान सोमवार देर शाम ढह गया। हादसे के समय रतन चंद आंगन में टहल रहे थे, जबकि उनका बेटा दूसरे कमरे में आराम कर रहा था और पत्नी कमरे में काम कर रही थी। तभी अचानक मकान की एक दीवार तेज आवाज के साथ गिर गई और रतन चंद की पत्नी मलबे में फंस गई। घटना की सूचना मिलते ही रतन चंद ने अपने बेटे और आसपास के ग्रामीणों की मदद से पत्नी को मलबे से सकुशल बाहर निकाला।



गनीमत रही कि किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन घर के भीतर रखा सारा सामान मलबे में दब गया है। इसमें बिस्तर, बर्तन, अनाज और रोजमर्रा का अन्य घरेलू सामान शामिल है।पीड़ित रतन चंद ने बताया कि वह आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है और इस हादसे से उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उधर, ग्राम पंचायत बकारटा की प्रधान सुमना ठाकुर ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कर दी है। उन्होंने बताया कि लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान आंका गया है और प्रशासन से रतन चंद को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है।

## अनुबंध सेवाओं को पेंशन लाभ से वंचित करना हैरानीजनक

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** एनपीएसईए के पूर्व जिला महासचिव भगत सिंह गुलेरिया ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी उस निर्देश को चौंकाने वाला बताया है जिसमें अनुबंध सेवाओं को पेंशनरी लाभों से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिया गया, वहीं कुछ कर्मचारी इससे वंचित रह गए हैं। गुलेरिया ने कहा कि सरकारी कर्मचारी अधिनियम 2024 में पेंशनरी लाभों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है व विधानसभा में स्वयं मुख्यमंत्री ने कहा था कि पेंशन इस अधिनियम के दायरे से बाहर है। उन्होंने हिमाचल सरकार बनाम शीला देवी मामले का हवाला देते हुए कहा कि 7 अगस्त 2023 को अनुबंध सेवा को पेंशनरी लाभ के लिए मान्य किया गया था, जिसे सरकार ने 10 जून 2024 को लागू भी कर दिया था।

## सिविल अस्पताल धर्मपुर में अव्यवस्थाओं का अंबार: रजत

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**प्रदेश** सरकार द्वारा आदर्श अस्पताल का दर्जा प्राप्त धर्मपुर सिविल अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव लगातार बना हुआ है। इसको लेकर प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी रजत ठाकुर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में धर्मपुर में आलीशान अस्पताल भवन बनकर तैयार हुआ था, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार न तो इसमें एक ईंट जोड़ पाई है और न ही सुविधाओं में सुधार कर सकी है। रजत ठाकुर ने बताया कि अस्पताल परिसर में बी-ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है। इसके साथ ही अस्पताल में न तो ऑपरेशन थिएटर है और न ही लेबर रूम की व्यवस्था है। विशेषज्ञ डॉक्टर होने के बावजूद सुविधाओं के अभाव में वे भी असहाय हैं। अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ स्थानीय विधायक द्वारा किया गया था, लेकिन सप्ताह में दो दिन सेवाएं देने की



घोषणा के बावजूद एक दिन भी अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया है।अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था भी बदहाल है, क्योंकि यहां एक भी सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है। डॉक्टरों के बैठने तक के लिए उचित फर्नीचर नहीं है। ठाकुर ने कहा कि 100 बिस्तरों के अस्पताल में एसएमओ की जगह बीएमओ व्यवस्था देख रहे हैं, जिससे किसी भी जरूरी सामान की खरीददारी के लिए अप्रासंगिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

## कांग्रेस सरकार में सिर्फ मित्रों को नौकरियां: निहाल

### कहा, जॉब ट्रेनी के नाम पर युवाओं को ठगने का सुक्खू सरकार का नया जाल

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल ने जॉब ट्रेनी मामले पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि यह हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को ठगने का एक नया जाल है, नौकरियों का मुद्दा ना उठे इसके लिए यह सरकार के लिए एक साल का जीवनदान है। निहाल ने सीधा-सीधा कहा कि कांग्रेस सरकार केवल युवाओं को ठगने और शोषित करने का काम करती है। निहाल ने कहा कि लोकतंत्र और जनतंत्र के इतिहास में शायद कांग्रेस जैसी सरकार ना कभी पहले आई और ना आएगी। पहले यह एक फैसला लेती ही नहीं है और जो फैसला लेती है वह जन विरोधी होता है।

निहाल ने कहा कि जॉब ट्रेनी भर्ती प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश के 12 लाख युवाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है पहले तो जॉब ट्रेनी बनने के लिए परीक्षा देनी पड़ेगी और उसके 2 साल बाद भी कोई गारंटी नहीं है की हिमाचल प्रदेश में युवाओं को कोई पक्की नौकरी मिलेगी। एक बार कड़ी मेहनत करने के बाद अगर परीक्षा देने के बाद व्यक्ति को नौकरी लग जाए और उसके बाद दूसरी परीक्षा की बारी आ जाए तो ऐसी नौकरी व्यक्ति कहां डालेगा, इससे युवा परेशान रहेगा और असमंजस जिस में रहेगा। गौर करें तो वर्तमान कांग्रेस सरकार जॉब ट्रेनिंग के नाम पर वह सारे काम एक कर्मचारी से लेने जा रही है जो एक स्थाई कर्मचारी करता है और उसकी एवज में उनको मिलेगा क्या ? यह नियुक्ति सरकारी कर्मचारी की मान्यता से बाहर होगी, मेडिकल बिल का भुगतान नहीं हो पाएगा, आयुष्मान भारत एवं हिम केयर जैसी योजनाओं से यह वंचित रहेंगे।

#### प्रियंका गांधी के वीडियो का किया जिक्र



**निहाल** ने कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के वीडियो का किया जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हासिल करने हेतु युवाओं के लिए एक जाल बिछाया था और प्रियंका गांधी, राजीव शुक्ला, भूपेश बघेल, सुखविंद्र सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री एवं समस्त नेताओं ने प्रदेश की गली कूचे में जा कर कहा था कि प्रदेश में 63000 पद खाली पड़े हैं और हम सत्ता में आते ही 37000 नए पदों का सृजन करेंगे इसी के साथ पहली कैबिनेट में आते ही एक लाख पक्की नौकरियां देंगे वह भी 58 साल वाली मतलब ना आउटसोर्स ना कॉन्ट्रैक्ट पर 58 साल वाली पक्की नौकरी।

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग के तीन विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय, मंडी इतिहास विभाग के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हाल ही में प्रतिष्ठित यू जी सी नेट राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

इस उपलब्धि से इतिहास विभाग व विश्वविद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। इतिहास विभाग के सत्र 2023- 25 बैच के छात्र जतिन कुमार, रविंद्र कुमार व ललित कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण किया है जबकि कैलाश कुमार ने पीएचडी प्रवेश हेतु परीक्षा उत्तीर्ण की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के शिक्षा-गुणवत्ता उपलब्धि को और ऊंचा उठाएगी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों के कठोर अध्ययन, विभागीय मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के समर्थन का प्रतिफल है। यह उपलब्धि न केवल इन छात्रों की व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है बल्कि यह पूरे इतिहास विभाग एवं विश्वविद्यालय के समर्पण और तत्परता की पहचान भी है।




ललित कुमार जतिन कुमार रविंद्र कुमार

विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। गौरतलब है कि यू जी सी नेट परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। इससे पूर्व आठ विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसको उत्तीर्ण करने से ये विद्यार्थी सहायक आचार्य, कनिष्ठ शोध छात्रवृत्ति व पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जिससे उन्हें अकादमिक और शोध क्षेत्र में करियर बनाने में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों की सफलता पर विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. रामपाल, विकेश कुमार व राजेश कुमार ने बधाई दी है।

## रिया सेन ने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** उपमंडल के कनैड गांव की होनहार बेटी रिया सेन ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी सफलता हासिल की है। रिया ने अपने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई है।



रिया सेन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सुंदरनगर के निजी कॉलेज से प्राप्त की है। इसके बाद उन्होंने बीएससी फॉरेस्ट्री और एमएससी सॉइल साइंस की डिग्री डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी सोलन से प्राप्त की। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि मेहनत और समर्पण के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ा जाए, तो सफलता निश्चित है।

रिया के पिता राकेश सेन सुंदरनगर में रेस्टोरेंट व्यवसायी हैं और माता रेणुका सेन एक गृहिणी हैं। अपनी बेटी की सफलता पर पिता राकेश सेन ने कहा कि रिया की इस उपलब्धि से हमें बहुत गर्व है। उसने कठिन परिश्रम कर पूरे परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वह अब पीएचडी करने को लेकर बेहद उत्साहित है। रिया की यह उपलब्धि उन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो उच्च शिक्षा में करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर सही दिशा में प्रयास किए जाएं तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

## जलशक्ति विभाग ने निकाला परिणाम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जलशक्ति विभाग मंडल चौंतड़ा ने बहुप्रतीक्षित नियुक्ति परिणाम घोषित कर दिए हैं। अधिशाषी अभियंता प्यारेलाल ने बताया कि चयन प्रक्रिया विभागीय मापदंडों, शैक्षणिक योग्यता, कौशल परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर पूरी पारदर्शिता से पूरी की गई। घोषित परिणाम में मल्टीपर्पज़ वर्कर के 11, पंप ऑपरेटर के 6 व फिटर (पैराफिल्टर) के 3 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। मल्टीपर्पज वर्कर के रूप में चयनित अभ्यर्थियों में सुशील, केहर सिंह, हेम सिंह, आर्यन शर्मा, अविनाश, निखिल कुमार, मोनी राम, राकेश, सिकंदर, राहुल व कुशल चौहान शामिल हैं। पंप ऑपरेटर के पदों पर अभिषेक ठाकुर, बादल शर्मा, पंकज कुमार, योगराज, अमन कुमार और सागर कुमार का चयन हुआ है। वहीं फिटर के पदों पर शिवराज, दीप कुमार और विशाल को नियुक्त किया गया है।

## रोटरी क्लब 3070 ने लिया 'प्लास्टिक मुक्त हिमाचल' का संकल्प, अजय बने नए जिला पर्यावरण संरक्षक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**रोटरी** क्लब 3070 के नव नियुक्त जिला पर्यावरण संरक्षक अजय ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश, पंजाब, लाहौल-स्पीति और जम्मू-कश्मीर के करीब 130 क्लबों के 3500 सदस्य प्लास्टिक मुक्त हिमाचल के संकल्प को साकार करने के लिए मिलकर काम करेंगे। यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय रोटरी की देखरेख में संचालित होगा।



जोगिंद्रनगर स्थित रोटरी भवन में बैठक के दौरान जिला पर्यावरण संरक्षक व अन्य।

मंगलवार को जोगिंद्रनगर स्थित रोटरी भवन में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह के दौरान अजय ठाकुर की जिला पर्यावरण संरक्षक के रूप में ताजपोशी की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठोस प्लास्टिक के निष्पादन के लिए संयंत्र निर्माण हेतु अंतर्राष्ट्रीय रोटरी से बजट प्रावधान की मांग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए वे सभी संबंधित राज्यों के क्लब अध्यक्षों के साथ मिलकर योजना का प्रारूप साझा करेंगे।

इस अवसर पर रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा और सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने जानकारी दी कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर रोटरी का पौधारोपण अभियान पहले ही शुरू हो चुका है। प्रथम चरण में औषधीय पौधे लगाए गए हैं और अब दूसरे चरण में वन विभाग के ढेलू स्थित वाटिका निर्माण में सहयोग किया जाएगा।उन्होंने बताया कि रोटरी के सदस्यों को प्लास्टिक मुक्त अभियान में जो जिम्मेवारी सौंपी जाएगी, उसका वे पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। साथ ही यह भी बताया गया कि एक अगस्त को रोटरी के जिला गवर्नर के प्रवास के दौरान रोटरी के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

**नाराजगी** पटवारी एवं कानूनगो महासंघ मंडी की मांग- तहसील व एसडीएम कार्यालयों में हों नियमित लिपिक

# फील्ड स्टाफ से दफ्तर का काम करवाने पर विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**हिमाचल** प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ, जिला कार्यकारिणी मंडी ने फील्ड स्टाफ से तहसील व उपमंडल कार्यालयों में अतिरिक्त ड्यूटी लेने पर कड़ा विरोध जताया है। महासंघ ने इस संबंध में जिला भू-अभिलेख अधिकारी शिमला और उपायुक्त मंडी को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि कानूनगो, पटवारी व अन्य फील्ड कर्मचारियों की ड्यूटी फील्ड कार्यों के लिए होती है, न कि दफ्तरों में लिपिक वर्ग का काम करने के लिए।



पटवारी एवं कानूनगो महासंघ जिला मंडी के सदस्य ज्ञापन सौंपते हुए।

महासंघ ने पत्र में बताया कि जिला मंडी में कई उपमंडल व तहसील कार्यालयों में नियमित या दैनिक वेतनभोगी लिपिक कर्मचारी उपलब्ध न होने की स्थिति में फील्ड स्टाफ को तैनात कर दफ्तर का कार्य करवाया जा रहा है। इससे न केवल फील्ड कार्य प्रभावित हो रहा है बल्कि संबंधित कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार भी पड़ रहा है। महासंघ का कहना है कि किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति उनके वर्ग के अनुसार होनी चाहिए, न कि अस्थायी व्यवस्था के तहत उन्हें अन्य जिम्मेदारियों में झोंका जाए। फील्ड स्टाफ की तैनाती कार्यालयों में करने से पटवार सर्कल के जरूरी कार्यों में देरी हो रही है और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संघ ने यह भी तर्क दिया कि न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए निर्णयों के अनुसार लिपिक वर्ग का कार्य केवल लिपिक कर्मचारियों द्वारा ही किया जाना चाहिए। ऐसे में फील्ड कर्मचारियों से यह कार्य लेना न्यायसंगत नहीं है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यह फैसला पूर्णतः असंवेदनशील और नीतिगत तौर पर गलत है। महासंघ ने मांग की है कि तहसील और एसडीएम कार्यालयों में शीघ्र ही नियमित या दैनिक वेतनभोगी लिपिक वर्ग की तैनाती की जाए, ताकि फील्ड स्टाफ अपने मूल कार्यक्षेत्र में रहकर प्रभावी सेवाएं दे सके। साथ ही इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग भी की गई है। प्रतिलिपि के तौर पर यह पत्र मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव (राजस्व) व मीडिया प्रतिनिधियों को भी भेजा गया है ताकि इस विषय पर त्वरित कार्रवाई हो सके और प्रशासनिक असंतुलन को रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### देवभूमि फाउंडेशन ने 200 परिवारों को बांटी सोलर लालटेन



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** मंडी जिले में आई हालिया आपदा के बाद जहां कई परिवार बेघर हो गए हैं, वहीं बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खासकर दुर्गम इलाकों में बसे सैकड़ों परिवार आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। ऐसे समय में देवभूमि फाउंडेशन और इसके संस्थापक प्रिंस ठाकुर ने जमीनी स्तर पर राहत पहुंचाकर एक मिसाल कायम की है। देवभूमि फाउंडेशन की टीम में भूपी राणा, जतिन सैनी, ईशान कैंथ ने लगभग 16 किलोमीटर दुर्गम और पहाड़ी रास्तों पर पैदल चलकर करीब 200 प्रभावित परिवारों को सोलर लालटेन वितरित कीं। देवभूमि फाउंडेशन की यह पहल न सिर्फ तकनीकी सहायता है, बल्कि यह उन लोगों के लिए एक मनोवैज्ञानिक संबल भी है, जो असहाय और अंधेरे में घिरे हुए थे।

### धुसाडा पंचायत में 27 को होगी आम ग्राम सभा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत धुसाडा में आगामी 27 जुलाई 2025 को आम ग्राम सभा का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें सरकार की नई गाइडलाइंस के अनुसार करवाए गए बीपीएल परिवारों के सर्वे की सूची प्रस्तुत की जाएगी। लेकिन इस ग्राम सभा से पहले ही पंचायत स्तर पर इस मुद्दे को लेकर विवाद और असहमति का माहौल बन गया है। धुसाडा पंचायत की प्रधान नीरू बाला ने बताया कि सरकार की नई नीति के तहत बीपीएल सूची में केवल उन्हीं परिवारों को शामिल किया जाएगा जो सरकार द्वारा निर्धारित शर्तें पूरी करते हैं। जिन परिवारों की पात्रता तय मापदंडों के अनुसार नहीं पाई गई, उन्हें सूची से बाहर किया जाएगा। उनका कहना है कि यह सर्वे सरकार की नई गाइडलाइंस के के आधार पर पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पंचायत सचिव द्वारा किया गया है और योग्य लोगों को ही इसका लाभ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर महापंचायत की प्रधान शालिनी गोस्वामी ने सरकार की नई गाइडलाइंस पर नाराजगी जाहिर की है।

### समस्याओं के समाधान पर पूर्व सैनिक गदगद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंशुदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक रामपुर में हुई सलाहकार कमेटी की बैठक में उठाई गई विभिन्न समस्याओं के समाधान पर पूर्व सैनिक गदगद हैं। यह जानकारी देते हुए इंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि गत दिवस ब्रिगेडियर सुनील सुहेल की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान कई समस्याओं को उठाया गया। इसमें ऊना के लोकल हार्ट हॉस्पिटल की इंपैनलमेंट, डेंटल एक्स रे मशीन सहित दवाईयों के अलावा कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रिगेडियर सुनील सुहेल द्वारा पूर्व सैनिकों की उक्त मांगों का समाधान कर उन्हें राहत की सांस दी है। इस मौका पर सलाहकार कमेटी के सदस्य कर्नल कुलदीप सिंह (से.नि.) इंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के चेयरमेन कैप्टन शक्ति चंद, वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट एस.पी. शर्मा के अलावा अन्य पूर्व सैनिकों ने समस्याओं का समाधान किए जाने पर ब्रिगेडियर सुनील सुहेल का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### दो बाइकों की टक्कर, पंजाब के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंब-मुबारिकपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह कलरूही में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान वीरनाथ (30) पुत्र चमनलाल, निवासी होशियारपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। घायल व्यक्ति सलीम मोहम्मद, निवासी होशियारपुर (पंजाब), फिलहाल सिविल अस्पताल अंब में उपचाराधीन है। पुलिस थाना अंब से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा मंगलवार दोपहर बाद करीब 4 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि वीरनाथ पीर निगाहा की ओर जा रहा था, तभी मुबारिकपुर से आ रही एक बाइक से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर में दोनों सवारों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सिविल अस्पताल अंब पहुंचाया गया, जहां वीरनाथ ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एसडीपीओ अंब डॉ. वसुधा सूद ने पुष्टि की कि पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) पेखूबेला में टैंकरों में तेल भरने की प्रक्रिया से जुड़े नए आदेशों के खिलाफ मंगलवार को हेल्परों ने आईओसीएल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए मुख्य गेट के बाहर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन को ट्रक चालकों का भी समर्थन मिला। हेल्परों का कहना था कि नए आदेश के तहत अब टैंकर में दूसरी बार तेल भरने के लिए ऑनलाइन अनुमति लेनी होगी, जबकि पहले यह प्रक्रिया ऑफलाइन दस्तावेजों के माध्यम से पूरी होती थी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन अनुमति के लिए दुकान से आवेदन करने पर 50 रुपए तक का अतिरिक्त खर्च आता है, जबकि उन्हें एक टैंकर पर मात्र 300 रुपए मजदूरी मिलती है। इससे उनकी आय प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे सहायकों अजय कुमार, गौरव कुमार, धर्मवीर, हरजिंद्र सिंह, जोरा सिंह, विजय कुमार, अशोक कुमार, तरलोचन सिंह, भूपिंद्र सिंह, सन्नी, रिंकू, मनीष कुमार, जसप्रीत सिंह और हन्नी ने प्रबंधन से पुराने नियमों को बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नया आदेश न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि मजदूर विरोधी भी है। इससे न केवल उनकी कमाई पर असर पड़ेगा, बल्कि कार्यप्रणाली भी जटिल हो जाएगी। आईओसीएल प्रबंधन और हेल्परों के बीच बातचीत के बाद सहमति बन गई।

### दो लोगों से 186 बोतल अवैध देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** थाना सदर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 186 बोतल (15.5 पेटी) देसी शराब बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। हैरानी की बात यह है कि दोनों आरोपी जिला मुख्यालय के समीप अरनियाला गांव में एक ही मकान में किराए पर रहते थे और मूल रूप से टक्का गांव के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार सोमवार को चौकी शहर ऊना की टीम लाल सिंगी के पास यातायात जांच कर रही थी, जहां योगेश कुमार (निवासी टक्का) से 48 बोतल शराब बरामद हुई। पूछताछ के आधार पर अरनियाला में रजत कुमार के किराए के मकान पर दबिश दी गई, जहां से 138 बोतल अवैध शराब मिली। एसपी अमित यादव ने बताया कि एक आरोपी की निशानदेही पर दूसरे को पकड़ा गया। दोनों एक ही कमरे में रहते थे। मामले की जांच जारी है।

# कृष्णा नगर में लो वोल्टेज बनी गंभीर समस्या

## ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी हो रही है प्रभावित, समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपमंडल बंगाणा की पंचायत बैरियां के अंतर्गत गांव कृष्णा नगर में पिछले एक सप्ताह से बिजली की भारी समस्या बनी हुई है। गांव में स्थापित बिजली का ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया, जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को दी। विभाग के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को तो मौके से उठा लिया, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, जिससे गांव में बिजली की आपूर्ति बेहद कमजोर लाइन से की जा रही है।

इस वैकल्पिक लाइन से सप्लाई मिलने के बावजूद लो वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण टीवी, फ्रिज, पंखे, इंवर्टर जैसे बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं। कई घरों में तो पंखे भी ठीक से नहीं चलते और रात के समय अंधेरे की स्थिति बन जाती है।



ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग से संपर्क कर समस्या को जल्द हल करने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने बताया कि जब विभागीय कर्मचारियों को लो वोल्टेज की शिकायत दी जाती है तो वे मजाकिया अंदाज में जवाब देते हैं कि उनके घर में भी लो वोल्टेज है। इस गैरजिम्मेदाराना रवैये से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने बताया कि एक सप्ताह से स्कूल जाने वाले बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि रात को ना तो रोशनी होती है और ना ही पंखे चलते हैं। बिजली उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीण विक्रम सिंह, अमित कुमार, अनिल कुमार, त्रिलोक सिंह का कहना है कि अगर जल्द ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया और लो वोल्टेज की समस्या नहीं सुलझाई गई, तो वे बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने मांग की है गांव में जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। लो वोल्टेज की समस्या को सुलझाया जाए। बिजली विभाग के गैरजिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

### रोशनी के बिना रहना एक बड़ी चुनौती

**कृष्णा** नगर गांव में बिजली की यह समस्या सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि एक खतरनाक हालात बन चुके हैं। गर्मी के मौसम में बिना पंखे और रोशनी के रहना ग्रामीणों के लिए एक बड़ी चुनौती है। बिजली विभाग को इस ओर तुरंत ध्यान देकर गांव को राहत पहुंचानी चाहिए, ताकि लोग सामान्य जीवन जी सकें।

### ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए भेजा है : रजत

**कनिष्ठ** अभियंता चौकीमनयार रजत कुमार का कहना की ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए भेजा गया है और जल्द ही कृष्णा नगर में लगा दिया जाएगा और लोगों की वोल्टेज की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा और अगर मेरे किसी कर्मचारी ने मजाकिया अंदाज में लोगों को बोला होगा उनको ऐसा नही बोलना चाहिए उनसे पूछताछ की जाएगी।

# विधायक विवेक शर्मा ने बसाल में सुनी जनता की समस्याएं



विधायक विवेक शर्मा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता व साथ में अन्य।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने मंगलवार को कुटलैहड़ के बसाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनता के साथ बैठक कर सीधा संवाद स्थापित किया। इस संवाद कार्यक्रम में जहां कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा हुई, वहीं जनता द्वारा रखी गई छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर मौके पर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी दिए गए।

विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता से सीधा संवाद ही ऐसा माध्यम है, जिससे उनकी जमीनी समस्याओं का समय रहते निदान सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता से निरंतर संवाद मेरे लिए प्राथमिकता है, क्योंकि जब हम जनता के बीच होते हैं, तब हमें उनकी असली जरूरतों और समस्याओं की जानकारी मिलती है।

इस संवाद के दौरान वसाल क्षेत्र की जनता ने जिला मंडी में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में स्वेच्छा से अंशदान किया। विधायक विवेक शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सच्ची मानवीय संवेदना और सामाजिक एकजुटता का उदाहरण बताया। विवेक शर्मा ने कहा कि अभी हाल ही में हमने शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ मुलाकात करके कुटलैहड़ विस क्षेत्र की समस्त जनता द्वारा सीएम राहत कोष के भेजे गए 8,34 लाख का चैक उन्हें प्रदान किया है।

विधायक शर्मा ने संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर सरकार द्वारा अढ़ाई वर्षों में चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को दें।

# प्रदेश के युवाओं के साथ कांग्रेस ने किया छल : सुमीत

**अनंत ज्ञान, ऊना**



प्रदेश भाजपा सचिव एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी सुमीत शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ बहुत बड़ा छल किया है। उन्होंने कहा कि नई भर्ती योजना के तहत प्रदेश के लाखों पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के साथ कांग्रेस सरकार ने धोखा किया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर छल कर रही है।

सुक्खू की सरकार ने सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में ग्रुप-एबी और सी के पदों में होने वाली भर्तियों के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। इसके मुताबिक प्रदेश में अब सीधी भर्ती से चयनित उम्मीदवारों को दो साल तक जॉब ट्रेनी के रूप में काम करना होगा। यह हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को ठगने का एक नया जाल है, नौकरियों का मुद्दा न उठे इसके लिए यह सरकार के लिए एक साल का जीवनदान है। इस पॉलिसी के लिए प्रदेश सरकार के पास कोई भी फार्मूला नहीं है, यह केवल मात्र युवाओं के साथ एक मजाक है।

# लठियानी पंचायत में रोपे 60 पौधे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



पौधे वितरित करते पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो व अन्य।

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने लठियानी पंचायत के श्मशानघाट परिसर में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत 60 से अधिक पौधे रोप कर पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

इस अवसर पर आम, आंवला, पीपल, बरगद और अन्य छायादार व औषधीय गुणों से भरपूर पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं और पर्यावरण प्रेमियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। दविंद्र कुमार भुट्टो ने इस अभियान के दौरान कहा कि प्रकृति हमारी मां के समान है और हम सबकी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम उसे सुरक्षित और हरा-भरा रखें।

उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम सिर्फ एक प्रतीकात्मक पहल नहीं, बल्कि यह भावनात्मक जुड़ाव है, जिसमें हर व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी सेवा का संकल्प लेता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। पूर्व विधायक दविंद्र ने इस मौके पर ग्रीन हिमाचल का आह्वान करते हुए कहा कि अगर प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर श्मशानघाट, स्कूल, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण करें और युवाओं को इस अभियान से जोड़ें।

# चिंतपूर्णी में गाय का किया सफल रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंब ब्लॉक की डुहल भंटवाला पंचायत के वार्ड नंबर 3 में एक गाय को स्थानीय लोगों के सहयोग से सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

इस दौरान सुरजीत सिंह सोनू, पम्मी, मनोहर लाल और बिट्ठू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं गाय को कोई चोट नहीं आई और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों की इस पहल की सराहना की जा रही है और यह दर्शाता है कि समुदाय में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना कितनी मजबूत है। लोगों ने आश्वस्त किया है कि वे भविष्य में भी इस तरह के सहयोग को जारी रखेंगे।

# गोबिंद सागर झील के लठियानी घाट पर मिला शव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के गोबिंद सागर झील के लठियानी घाट पर सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने झील में एक अज्ञात शव को तैरते हुए देखा। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी रोहित चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, शव काफी समय से पानी में रहने के कारण सड़ चुका था, जिससे उसकी पहचान कर पाना फिलहाल मुश्किल हो गया है। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब गोबिंद सागर झील के इस हिस्से में शव मिला है। इससे पहले भी लठियानी घाट पर इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से घाट पर निगरानी बढ़ाने और नियमित गश्त लगाने की मांग की है। पुलिस ने आस-पास के थानों को शव के बारे में सूचना भेज दी है ताकि यदि हाल ही में किसी व्यक्ति की गुमशुदगी दर्ज की गई हो, तो पहचान करने में सहायता मिल सके। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क करें, ताकि मृतक की पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

# कुटलैहड़ के लिए उठाऊ सिंचाई योजना की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र के किसानों खासकर भाखड़ा बांध विस्थापितों ने गोबिंद सागर झील से क्षेत्र के लिए बड़ी उठाऊ जल सिंचाई परियोजना बनाने की मांग प्रदेश सरकार से उठाई है। इस विषय पर राष्ट्रीय किसान संगठन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक मांग पत्र भेजा है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि यह क्षेत्र सिंचाई सुविधा से वंचित है।

लोगों ने मांग की है कि भाखड़ा डैम बनने के बाद ऊना जिला विशेषकर कुटलैहड़ क्षेत्र की उपजाऊ भूमि प्रभावित हुई। इसके बदले में किसानों को कोई स्थायी सिंचाई सुविधा प्राप्त नहीं हो सकी है। गोबिंद सागर झील के पास होते हुए भी इस क्षेत्र के ऊपरी गांव जो कि सूखे और जंगली क्षेत्र में हैं न तो कोई सिंचाई परियोजना शुरू की गई और न ही कोई दीर्घकालीन समाधान निकाला गया।

किसानों का कहना है कि यदि गोबिद सागर झील से पानी उठाकर एक समुचित सिंचाई योजना तैयार की जाए तो हजारों बीघा भूमि सिंचित हो सकती है। इससे खेती और बागवानी को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। किसानों सुशील कुमार, विनोद कुमार, रमन कुमार, बलवंत सिंह, जय राम, सुरिंद्र कुमार सहित किसान नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि यह मुद्दा वर्षों से उठाया जाता रहा है, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो पाई। भाजपा के स्थानीय नेता और जनप्रतिनिधि भी इस विषय को पहले विधानसभा में और विभिन्न मंचों पर उठाते रहे हैं।

चुनाव के दौरान इस विषय को भाजपा की ओर से प्रमुखता से उठाया गया था और लोगों को आश्वासन भी दिए गए थे, लेकिन आज दिन तक न कोई सर्वे हुआ और न कोई योजना धरातल पर उतर सकी। राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री देशराज मोदगिल ने कहा कि भाखड़ा डैम की सबसे बड़ी कीमत कुटलैहड़ के किसानों ने चुकाई है। अब समय आ गया है कि गोबिंद सागर झील से एक बड़ी उठाऊ जल सिंचाई परियोजना शुरू की जाए। यह पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है।

# युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का होगा गठन



युवा कांग्रेस की बैठक के दौरान मौजूद विधायक विवेक शर्मा और युवा कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

### कुटलैहड़ युवा कांग्रेस की बैठक अध्यक्ष अजय की अध्यक्षता में संपन्न

कुटलैहड़ युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आज पंचायत भवन परिसर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार ने की। इस बैठक में मुख्यातिथि के रूप में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जिला महासचिव गोल्डी, तथा जिला प्रभारी राहुल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, युवा नेतृत्व को दिशा देना और आगामी कार्ययोजनाओं पर मंथन करना रहा।

बैठक में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को लेकर अपने विचार साझा किए। विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका निर्णायक होती है और उनका समर्पण पार्टी को मजबूती देता है। विधायक विवेक शर्मा ने युवाओं को राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें सकारात्मक सोच, अनुशासन और संगठनात्मक कौशल विकसित करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कुटलैहड़ युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें समर्पित और कर्मठ युवाओं को शामिल किया जाएगा। इससे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। जिला अध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने कहा कि युवा कांग्रेस एक सक्रिय और जीवंत संगठन है, जो हर मुद्दे पर युवाओं की आवाज को बुलंद करता रहा है।

महासचिव गोल्डी और जिला प्रभारी राहुल ने भी युवाओं से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में अध्यक्ष अजय कुमार ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और विश्वास जताया कि युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में कुटलैहड़ में नई ऊंचाइयों को छुएगी। यह बैठक जहां युवाओं में जोश और उत्साह का संचार करती दिखी, वहीं संगठन के लिए नई योजनाओं और सक्रियता का संदेश लेकर आई। इस मौके पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## कृषि

### कृषि विभाग के सभी विकास खंड कार्यालयों में उपलब्ध कौराजेन और क्लोरपायरीफॉस

# फॉल आर्मीवर्म से मक्की के बचाव के लिए करें कौराजेन का स्प्रे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

खरीफ सीजन की प्रमुख फसल मक्की इस समय फॉल आर्मीवर्म के खतरे की जद में है। यह कीट रातों-रात पत्तियों और भुट्टों को नुकसान पहुंचाकर किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार ने कृषि विभाग को किसानों के लिए त्वरित और प्रभावशाली कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मक्की को बचाने के लिए कृषि विभाग के पास कौराजेन और क्लोरपायरीफास 20 ई. सी. कीटनाशक सभी विकास खंडों में उपलब्ध है। कौराजेन का स्प्रे विभागीय अधिकारियों के परामर्श अनुसार मक्की के पत्तों के भंवर में करें। स्प्रे को सुबह के शुरुआती घंटों में या शाम के समय में करना चाहिए और स्प्रे नोजल को पत्ती भंवर की ओर रखा जाना चाहिए, जिसमें लार्वा आमतौर पर फीड करते हैं।



किसानों को मक्की की फसल संबंधी जानकारी देते कृषि विभाग के अधिकारी।

### मक्की में फॉल आर्मीवर्म का प्रकोप ज्यादा : डॉ. धीमान

**कृषि** विभाग के उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान ने बताया कि मक्की की फसल में फॉल आर्मीवर्म का अधिक प्रकोप देखने को मिलता है। इस कीट की व्यस्क मादा मोथ पौधों की पत्तियों और तनों पर अंडे देती है। एक बार में मादा 50-200 अंडे देती है। यह अंडे 3-4 दिन में फूट जाते हैं तथा इनसे निकलने वाले लार्वा 14-22 दिन तक इस अवस्था में रहते हैं। डॉ. धीमान ने कहा कि लार्वा पौधों की पत्तियों को खुरचकर खाता है जिससे पत्तियों पर सफेद धारियां दिखाई देती हैं। जैसे-जैसे लार्वा बड़ा होता है, पौधों की ऊपरी पत्तियों को खाता है और बाद में पौधों के भुट्टे में घुसकर अपना भोजन प्राप्त करता है।

### किसान चार-पांच वर्षों में फॉल आर्मीवर्म से परेशान

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान बड़ूही।** विकासखंड बंगाणा के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के किसान चार पांच वर्षों में मक्की की फसल पर फॉल आर्मी कीट का कहर से परेशान है। इस बार इस कीट ने मक्की की फसल बीजने के बाद जैसे ही मक्की के पौधे जमीन से बाहर आए तभी से अपना कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। हालांकि कृषि विभाग मक्की की फसल को इससे बचाने के लिए दवाई का छिड़काव तथा अन्य उपाय बता रहा है, लेकिन कई किसान इन महंगी दवाइयों का छिड़काव करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।कई बार दवाई के छिड़काव के बाद भी यह कीट सुबह होते-होते एक खेत में 10 से 15 पौधों पर अपना प्रभाव दिखा रहा है। हालांकि अधिकतर किसान देसी तरीके से भी चूल्हे की धूल तथा रेत तथा खाद डालकर इसके आतंक पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन फिर भी अपने आप को असहाय पा रहे हैं। कृषि विभाग की मानें तो फॉल आर्मी कीट से फसल को बचाने के लिए कृषि विभाग के पास कोराजन कीटनाशक सभी विकास खंडों में उपलब्ध है। किसानों ने कृषि विभाग से आग्रह किया है कि फॉल आर्मी की प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों को इससे बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाए और सस्ते दरों पर दवाई और दवाई के स्प्रे के लिए पंप उपलब्ध करवाए जाएं। हालांकि जिला कृषि उपनिदेशक कुलभूषण धीमान एवं कृषि प्रसार अधिकारी बंगाणा सतपाल धीमान की टीम ने हटली, डोहगी, तलमेहडा,डीहर पंचायत में फॉल आर्मी कीट से प्रभावित किसानों की मक्की की फसल का निरीक्षण किया और किसानों को कोराजन नामक दवाई के छिड़काव की सलाह दी।

# प्रधानाचार्य की पदोन्नति की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

### शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रवक्ता संघ ने दिए सुझाव

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी ने बताया कि शिक्षा निदेशक द्वारा 21 जुलाई, 2025 को बुलाई गई विभिन्न शिक्षक संगठनों की बैठक में स्कूल प्रवक्ता संघ की ओर से मुख्य संरक्षक लोकेन्द्र सिंह नेगी ने भाग लिया।

संघ के अध्यक्ष अजय नेगी एवं मुख्य प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने सरकार द्वारा एक ही शिक्षा निदेशालय बनाने और कक्षा 1 से 12 तक के प्रशासनिक कार्यों का संपूर्ण नियंत्रण विद्यालय प्रधानाचार्य को सौंपने के निर्णय का पूर्ण समर्थन किया। संघ का मानना है कि इस कदम से विद्यालयों की प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी और कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। संघ ने कहा हम सरकार किस फैसले के साथ खड़े हैं पर इससे से विद्यालय के प्रधानचार्य पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। वर्तमान समय मे हर दूसरा विद्यालय बिना प्रधानाचार्य के बिना है। बैठक के दौरान संघ ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकृषित किया कि वर्तमान में प्रदेश के विद्यालयों में लगभग 850 प्रधानाचार्य पद रिक्त हैं, जिससे शिक्षकों पर अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों का भार पड़ रहा है और इससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

संघ ने सरकार से आग्रह किया कि इन रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से शीघ्र भरा जाए, ताकि विद्यालयों का संचालन अधिक व्यवस्थित हो सके। संघ ने यह भी सुझाव दिया कि ब्लॉक प्रोजेक्ट ऑफिसर (बीपीओ) की जिम्मेदारी किसी कार्यरत विद्यालय प्रधानाचार्य को न सौंपकर, अलग से बीपीओ के पद सृजित किए जाए और बीपीओ के पद पर वरिष्ठ प्रधानाचार्य की नियुक्ति इस पद पर की जाए। किसी विद्यालय के प्रधानाचार्य को बीपीओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने से विद्यालय की आंतरिक व्यवस्था प्रभावित होती है। संघ की इन सभी मांगों को संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सभी जिलों के अध्यक्षों का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। वरिष्ठ पदाधिकारियों में महासचिव इंद्र सिंह ठाकुर, राज्य महासचिव इंद्र सिंह, मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा मार्गदर्शक राजेश सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष, दीप सिंह खन्ना, चेयरमैन सुरेन्दर एस. पुंडीर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, मुख्य सलाहकार चंद्र देव ठाकुर, वित्त सचिव सुरजीत सिसोदिया तथा मुख्य प्रेस सचिव शामिल हैं।

वहीं, जिला स्तर पर मंडी से देवेंद्र शर्मा, शिमला से देवेंद्र लाकटू, कांगड़ा से सिकंदर मिन्हास, कुल्लू से राजपाल, बिलासपुर से नरेश ठाकुर, सोलन से जिया लाल, सिरमौर से ईश्वर दास राही, ऊना से शशि, हमीरपुर से गौतम सिंह, किन्नौर से अजय नेगी विचार रखे।

## मनाली में कहीं आ रहा मटमैला पानी, तो कहीं सप्लाई ही बाधित

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में तीन दिन से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। बारिश के कारण पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो गई है। कहीं मटमैला पानी आ रहा है, तो कहीं पेयजल सप्लाई ही बाधित हो गई है। बारिश के बाद नदी-नालों के उफान पर आने से लोग खौफ के साये में हैं। मंगलवार को सुबह से ही हो रही बारिश से लोग परेशान और डर के साय में नजर आए। कुल्लू के सैंज घाटी और मंडी में बारिश और बाढ़ से हुए भारी नुकसान के बाद बारिश की बूंदे गिरते ही लोग दहशत में आ जाते हैं। सुबह से हो रही बारिश के कारण मनाली के आसपास नदी-नालों में पानी काफी बढ़ गया है। इस कारण पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। मनाली के आसपास इलाकों में मटमैले पानी आने से लोगों को परेशानी बढ़ गई है। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश ने किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। मनाली-चंडीगढ़ मार्ग पर यातायात बंद होने के कारण नकदी फसलों को मंडी तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है। मनाली प्रशासन ने भी लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी है। मनाली विधानसभा से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को नदी-नालों के समीप न जाने और बहुत जरूरत होने पर ही घरों से निकालने की अपील की है

# पहाड़ी से जीप पर गिरे पत्थर, दो युवक घायल



जिला कुल्लू की लुहरी-जाजर सड़क पर पहाड़ी से जीप पर पत्थर गिरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुई जीप की हालत।

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू की लुहरी-जाजर सड़क पर एक पिकअप जीप पर अचानक पहाड़ी से पत्थर गिर गए। इस घटना में जीप में सवार दो युवक घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए रामपुर अस्पताल लाया गया है।

हादसा बीती रात उस समय हुआ, जब यह पिकअप जीप लुहरी-जाजर सड़क पर कानी नाले के पास से गुजर रही थी कि अचानक पहाड़ी से वाहन पर पत्थर गिर गए। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। हालांकि, वाहन में सवार चालक सहित 2 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक (एचपी 95ए -5777) नंबर का यह वाहन निथर क्षेत्र की ओर जा रहा था। जीप में सवार दोनों युवक क्षेत्र के स्थानीय पशुपालकों से दूध एकत्र करने के लिए निकले थे। राज्य सरकार की मिल्कफैड योजना के तहत इन दुर्गम क्षेत्रों से नियमित रूप से दूध खरीदा जाता है और इसी काम के लिए ये युवक रात को ही रवाना हुए थे, जैसे ही जीप कानी नाला के समीप पहुंची, ऊपर से अचानक भारी पत्थर गिर पड़े। इन पत्थरों की चपेट में आकर जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सवारों को चोटें आई। हादसे की सूचना तुरंत वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को रेस्क्यू किया और तुरंत रामपुर के खनेरी अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्तियों की पहचान जीप चालक विक्रांत निवासी दोराहा, उपमंडल निथर और राजेश कुमार निवासी कुटवा गांव, आनी के रूप में हुई है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक दोनों की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

## बारिश से कुल्लू में 60 सड़कें और बिजली के 121 ट्रांसफार्मर ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बीते दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते कई सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई हैं।

वहीं जिला कुल्लू में भी बिजली व्यवस्था और सड़क व्यवस्था बदहाल पड़ी हुई है, ऐसे में लोक निर्माण विभाग व बिजली बोर्ड की टीमें लगातार इन सुविधाओं को बहाल करने में जुटी हुई हैं। कुल्लू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिला कुल्लू के कुल्लू डिविजन में 7 सड़कें, बंजार डिविजन में 19 और आनी तथा निरमंड डिविजन में 33 सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। इसके अलावा थलौट बिजली डिविजन में 88 ट्रांसफार्मर और आनी में 33 बिजली के ट्रांसफार्मर बाधित हुए हैं। वहीं, बंजार से आनी सड़क भी भूस्खलन के कारण बंद पड़ी हुई है। इसके अलावा कुल्लू से वाया पंडोह होते हुए मंडी को सड़क को भी वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। बार-बार खराब हो रहे मौसम के चलते पहाड़ी से भूस्खलन हो रहा है। इससे जिला कुल्लू की ग्रामीण सड़कों में आवाजाही प्रभावित हुई है। ऐसे में इन दिनों घाटी में कृषि और बागवानी सीजन भी चला हुआ है, लेकिन बार-बार सड़कें बंद होने के चलते किसानों और बागवानों के उत्पाद सब्जी मंडी में नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में किसानों और बागवानों की अब चिंता बढ़ गई है कि अगर आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही खराब रहा, तो इससे उनके कृषि और बागवानी उत्पाद खेतों में ही खराब हो जाएंगे।

वहीं, डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि जिला कुल्लू में आगामी चार दिनों के लिए मौसम विभाग के द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिला कुल्लू में पानी की सभी सप्लाई सुचारू रूप से चल रही हैं, लेकिन बिजली और सड़क व्यवस्था कई जगह पर बाधित हुई है। ऐसे में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और बिजली तथा सड़क व्यवस्था को बहाल किया जा रहा है।

## बारिश से हिमाचल त्रस्त, मंत्री विदेश दौरे में व्यस्त : लोकेंद्र

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते आनी विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश सड़कें बंद पड़ी हैं, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ सेब सीजन भी प्रभावित हो रहा है।



वहीं, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री के विदेश दौरे पर होने को लेकर विधायक लोकेंद्र कुमार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आनी-निरमंड क्षेत्र में सेब सीजन अपने चरम पर है, लेकिन बंद सड़कों के चलते बागवान अपनी फसल मंडियों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। एनएच-305 समेत क्षेत्र की कई सड़कें भारी नुकसान का सामना कर चुकी हैं। इससे लोक निर्माण विभाग को लगभग 9.23 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। विधायक ने सरकार पर मानसून से पहले कोई ठोस कदम न उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदारों को भुगतान न होने के कारण मशीनरी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे सड़क बहाली कार्य धीमा है। लोकेंद्र कुमा ने सरकार से मांग की है कि विभाग को जल्द बजट जारी किया जाए, ताकि सड़कों को बहाल कर बस सेवाएं शुरू की जा सकें और बागवानों को राहत मिल सके।

## सावन माह में मनाली के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, मनाली**

- शिवलिंग पर दूध चढ़ाकर की भोले बाबा की आराधना
- लोगों ने मंदिर में लिया सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

सावन माह के चलते पर्यटन नगरी मनाली के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

रोजाना सुबह से ही मनाली व आसपास शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लग रहा है। हालांकि, सोमवार को अधिक भीड़ होती है। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। सुबह ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया, जो शाम तक जारी रहा। मनाली बाजार सहित भूतनाथ, सियाल, बराण व अंजनी महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बारिश भी श्रद्धालुओं का जोश कम नहीं कर पाई। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध चढ़ाकर भोले बाबा की आराधना की और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

शिव भक्त रोशनी, बिमला, दीपा, प्रीतम, रोहित, अभिषेक व गौरव ने बताया कि सभी की भोलेनाथ के प्रति अपनी-अपनी आस्था होती है। उन्होंने जल, बेलपत्र चढ़ाकर भोलेनाथ की पूजा की और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने बताया कि बारिश भी उनके जोश को कम नहीं कर पाई।

## कमेटी और समिति रोपवे को लेकर कर रही राजनीति : महेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी की तलपीणी पंचायत के प्रधान महेंद्र पुजारी ने कहा कि बिजली महादेव मंदिर कमेटी और संघर्ष समिति बिजली महादेव रोपवे को लेकर राजनीति कर रहे हैं।

मंगलवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति पर निशाना साधते हुए कहा है कि विरोध करने वाले लोग महादेव के नाम पर अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं। उन्होंने कहा कि महादेव ने अपनी देववाणी में भी यह साफ तौर पर कहा है कि रोपवे मेरी जमीन पर नहीं बनना चाहिए। इसके बाद रोपवे की लंबाई कम करके प्रोजेक्ट को बनाया जा रहा है। उसके बावजूद भी विरोध करना राजनीति से प्रेरित लग रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव के गुर धनी राम ने गुर वाणी में 2018 में महादेव की भूमि पर रोपवे नहीं लगाने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि अब तो रोपवे काफी नीचे लग रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे को लेकर संघर्ष समिति के लोग देव समाज को गुमराह कर रहे हैं ,जो कि गलत है।

## नहीं लगी सुरक्षा दीवार, कहर बरपा सकती है ब्यास

### कुल्लू से मनाली के बीच लगभग आठ जगह सुरक्षा दीवार का कार्य अधर में लटका

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू से मनाली के बीच लगभग आठ जगह सुरक्षा दीवार का कार्य अधर में लटका होने की वजह से स्थानीय लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं, जैसे ही मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया जाता है।

रायसन के लोग सहमे हुए नजर आते हैं। सरकार द्वारा कुल्लू-मनाली के बीच कई जगह सुरक्षा दीवार के लिए बजट का पूरा प्रावधान भी किया गया, मगर विभाग की अनदेखी कहें या ठेकेदार की लापरवाही। रायसन में फरवरी 2025 में सुरक्षा दीवार का कार्य शुरू किया गया था। लगभग 6 माह बीत जाने के बाद भी लगभग 100 मीटर ही दीवार लगाई गई, अभी 355 मीटर की दीवार लगनी बाकी है। लोगों ने जल शक्ति विभाग पर आरोप लगाया कि इनकी लेटलतीफी और ठेकेदार के कार्य पर सही निगरानी न होने पर सुरक्षा दीवार के कार्य पर विलंब हुआ है, जिस कारण कार्य पूरा नहीं हो सका।



ब्यास के साथ लगता क्षेत्र, जहां सुरक्षा दीवार न होने के कारण पनप रहा है खतरा।

अभी बरसात को 15 सितंबर तक समय है, ऐसे में सुरक्षा दीवार का कार्य होना अब असंभव है।

स्थानीय निवासी नेक राम, विमला देवी, ऊषा देवी, मनोहरी देवी, धर्मी, मीना और बबलू ने बताया कि यदि सुरक्षा दीवार का कार्य तेजी से किया होता, तो आज रायसन का अधिकतर भाग सुरक्षित होता। लोगों को भारी बारिश में अपने घरों को छोड़कर दूसरी जगह शरण नहीं लेनी पड़ती। इस बारे में जब जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि ब्यास नदी का बहाव बस्ती की ओर होने से कार्य करना असंभव है। बरसात खत्म होते ही कार्य को पूर्ण किया जाएगा।

## जॉब ट्रेनी पॉलिसी नहीं, युवा शोषण प्रणाली : आशीष

**अनंत ज्ञान, आनी।** भाजपा आईटी विभाग मंडी संसदीय क्षेत्र के संयोजक आशीष शर्मा ने प्रदेश सरकार की नई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को युवाओं के साथ अन्याय बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में चयन के बाद दो वर्ष की ट्रेनिंग अनिवार्यता युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह नीति कांग्रेस सरकार की तुगलकी सोच का प्रतीक है।



आशीष शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव पूर्व एक लाख रोजगार देने का वादा किया था, जो आज भी अधूरा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं को भ्रमित कर केवल वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने तीखा सवाल उठाते हुए पूछा कि टैट और चयन आयोग की परीक्षाएं पास करने वाले युवाओं को आखिर किस आधार पर दो वर्ष की ट्रेनिंग का बोझ दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस नीति को तुरंत वापस नहीं लिया, तो भाजपा प्रदेशभर में युवा आंदोलनों की शुरुआत करेगी। शर्मा ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल बेरोजगारी दर में देश में शीर्ष पर है और सरकार के पास न तो ठोस नीति है और न ही कोई समाधान।

## न्यूज ब्रीफ

### उचित व्यवस्था व गार्ड हट बनाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने मनाली में निर्माणाधीन वोल्वो बस स्टैंड तथा पर्यटन विभाग के परिसर के कार्य प्रगति की समीक्षा को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। डीसी ने यहां अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उचित कार्ययोजना को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में प्रवेशद्वार तथा प्रवेश के स्थान पर एंट्री को दर्ज करवाने के लिए उचित व्यवस्था तथा गार्ड हट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में वर्षा के दौरान जलभराव को रोकने के लिए एनएचएआई के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था निर्माण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी चिरंजी लाल, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी केडी नारंग, बीएसएनएल के अधिशाषी अभियंता भी उपस्थित रहे।

### आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में चल रहे एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत प्रकृति के सान्निध्य से हुई। प्रातः सत्र में स्वयंसेवियों को नेचर वॉक के लिए ले जाया गया, जहां बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए पर्यावरण के महत्व को जाना और प्रकृति की सुंदरता का आनंद लिया। दोपहर सत्र में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई। स्कूल की नर्स, मिस हरीप्रिया ने बच्चों को प्राथमिक उपचार के जरूरी उपायों की जानकारी दी। इसके बाद विनै कुमार, जो विद्यालय के अध्यापक हैं, उन्होंने भी इस विषय पर अपने अनुभव साझा किए और बच्चों को गंभीर परिस्थितियों में धैर्य और समझदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संध्या सत्र में एक फायर सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई।

## अस्थायी रूप से रह रहे बिहार के मतदाता भी भर सकते हैं ऑनलाइन गणना प्रपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/कुल्लू**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें 25 जुलाई तक गणना प्रपत्र प्राप्त किए जाने हैं। संभव है कि इनमें से कई बिहार के निर्वाचक अस्थायी रूप से हिमाचल प्रदेश में निवास कर रहे हैं, तो वे निर्वाचक नामावली में अपना नाम का सत्यापन ऑनलाइन अथवा परिवार के सदस्यों के सहयोग से गणना प्रपत्र भर सकते हैं। प्रारूप निर्वाचक नामावली 1 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी और दावे व आपत्ति की अवधि एक अगस्त से एक सितंबर तक निर्धारित है। हिमाचल में अस्थायी रूप से निवास कर रहे बिहार के मतदाता भी अपने मोबाइल फोन, वेबसाइट https://voters.eci.gov.in अथवा ECINET App के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र स्वयं भर सकते हैं। इसके अलावा वे प्री-फिल्ड फॉर्म डाउनलोड कर हस्ताक्षरित प्रति को व्हाट्सऐप, ईमेल या अन्य माध्यम से संबंधित बीएलओ तक भेज सकते हैं या परिवार के सदस्य के माध्यम से बीएलओ को प्रेषित कर सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना प्रपत्र भरने के लिए निम्न 11 दस्तावेजों में से कोई भी संलग्न किया जा सकता है किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकार/पीएसयू के नियमित कर्मचारी पेंशनधारी को जारी पहचान पत्र या पीपीओ, 01.07.1987 से पूर्व भारत में किसी सरकारी स्थानीय निकाय बैंक/डाकघर/एलआईसी/पीएसयू द्वारा जारी कोई दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड /विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाणपत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर (जहां उपलब्ध हो), राज्य/स्थानीय प्राधिकारी द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र यदि इन उल्लिखित दस्तावेजों में से कोई एक भी गणना प्रपत्र के साथ संलग्न जाए, तो निर्वाचक पदाधिकारी को नाम जोड़ने की प्रक्रिया में सुविधा होती है।

## 31 जुलाई तक करवाएं खरीफ की फसलों का बीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कृषि उपनिदेशक, कुल्लू सुशील शर्मा ने जानकारी दी कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा खरीफ सीजन की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिले में मक्की व धान की फसलों का बीमा करवाया जा सकता है। दोनों के बीमा के लिए कुल फसल का बीमा प्रति हेक्टेयर 60000, बीमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर, 31 जुलाई की गई है तथा कुल प्रीमियम प्रति बीघा 96 रुपए है। फसल का बीमा उपरोक्त कंपनी से अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीक के लोकमित्र केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृषि के विषयवाद विशेषज्ञ कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी एवं बीमा कंपनी से 70188060168 व 8629802474 पर संपर्क करें।

## सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से करें अधिक प्रचार-प्रसार : तोरुल रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी तोरुल एस रवीश ने मंगलवार को जिला प्रशासन की सोशल मीडिया समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, आवश्यक आदेशों तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी अधिक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने इन सूचनाओं को डीसी कुल्लू पेज सहित विभिन्न महत्वपूर्ण सोशल मीडिया पेज तथा अन्य हैंडल के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआरओ, डीडीएमए पेज का भी प्रभावी रूप से सूचना प्रसार के लिए प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर भी सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों को प्रसारित करें। उन्होंने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन की वेबसाइट की जानकारी को भी नियमित अंतराल पर अद्यतन करते रहें। डीसी ने आगामी दशहरा उत्सव में इस वर्ष आपदा प्रभावित क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह तथा हिम इरा के माध्यम से उत्पाद को बेचने के लिए भी विशेष सुविधा एवं स्थान उपलब्ध करवाने पर विचार करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, तहसीलदार रिकवरी सुरभि नेगी तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ब्रिजेंदर डोगरा उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी कुल्लू व साथ में अन्य अधिकारी।

## सेब सीजन चरम सीमा पर, सड़कों को जल्द बहाल करे सरकार : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बंजार विधानसभा क्षेत्र की अधिकतर सड़कें बंद पड़ी हुई हैं। यही नहीं पूरे प्रदेश में सड़कों की हालत खराब है, ऐसे में लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं और जनता पूरी तरह से त्रस्त है।



प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री इस समय विदेश दौरे में मस्त हैं। यह बात बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि बंजार, तर्थन, सैंज, गड़सा, रैला, रूपी क्षेत्र में सेब सीजन चरम सीमा पर है। भारी बारिश ने लोक निर्माण विभाग को करोड़ का नुकसान पहुंचाया है, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा मानसून से पहले महत्वपूर्ण कदम न उठाना सरकार के खोखले व्यवस्था परिवर्तन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र की अधिकतर सड़कें बंद होने के कारण बागवानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अगर समय रहते सड़कें न खोली गईं, तो बागवानों की सालभर की मेहनत में पानी फिर सकता है। सरकार द्वारा ठेकेदारों को लंबित पेमेंट न देने के कारण सड़क खोलने के लिए उचित मशीनरियों का प्रावधान नहीं हो पा रहा है। इससे सड़कों को खोलने में समय लग रहा है। विधायक शौरी ने कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिस गति से सड़कों को दुरस्त करने का कार्य होना चाहिए था, उस गति से नहीं हो पा रहे हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार विभाग को राशि जल्द प्रदान करे, जिसे विभाग जल्द सड़कों को दुरस्त कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार कितनी संवेदनशील है, सुख का नारा देने वाली सरकार आमजन के लिए दुख की सरकार बनी हुई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि जल्द से सभी सड़कें बहाल कर शीघ्र इन पर बस सेवाओं को संबंधित रुटों पर संचालित किया जाए, ताकि आम जनमानस को राहत मिल सके और बागवान अपनी फसलों को मंडियों में बेच सकें।

**आयोजन** सीएचसी पतलीकूहल की आरकेएस बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न

## 6.40 लाख का बजट पास, मरीजों को मिलेंगी सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सीएचसी पतलीकूहल में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में बीडीओ ऑफिस के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ विशेष तौर पर शामिल हुए।

बैठक में अस्पताल का 6.40 लाख रुपए का वार्षिक बजट पारित किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनसे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। अस्पताल में बीपीएल मरीजों को विशेष वार्ड की सुविधा 500 रुपए में, जबकि अन्य मरीजों को यह सुविधा 1000 रुपए में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही मरीजों को पर्ची लेने के लिए लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि आधुनिक तकनीक से युक्त आधार आधारित टोकन जारी करने वाली मशीन लाई जा रही है। मरीज टोकन के माध्यम से अपनी बारी का इंतजार डिस्प्ले पर देखकर कर सकेंगे। बैठक में मरीजों से पर्ची के 10 रुपए शुल्क पर भी चर्चा हुई,



सीएचसी पतलीकूहल में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ व उनके साथ अन्य अधिकारी।

लेकिन स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इसे न लेने और सेवा को निशुल्क रखने की सिफारिश की, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इमरजेंसी दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने पर भी बैठक में विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा गंभीर मरीजों को अस्पताल लाने का खर्च भी अब आरकेएस समिति वहन करेगी। अस्पताल के गेट का काम कराने तथा अस्पताल का दूर से दिखने वाले साइन बोर्ड को लगाने पर भी सहमति बनी। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहित शर्मा ने स्वागत भाषण के साथ आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव देवेंद्र नेगी, बीएमओ करण, बीडीओ मुकेश कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ जितेंद्र ठाकुर, जल विभाग के एसडीओ योगेश ठाकुर, सीडीपीओ धनीराम, फलोत्पादक मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहिंदर उपाध्याय, पंचायत प्रधान सीमा देवी, पंच सुनील सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सुख की सरकार प्रदेश के युवाओं को ठगने की तैयारी में : गोविंद ठाकुर

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर मनाली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सुख की सरकार अब प्रदेश के युवाओं को ठगने की तैयारी में है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार अब ट्रेनी जॉब के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।



उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के साथ ही कांग्रेस ने हिमाचल अधीनस्थ चयन बोर्ड को भंग कर दिया। उन्होंने कहा कि 2023 में अधीनस्थ चयन बोर्ड को निरस्त किया गया। इसके बाद मार्च 2024 में इसकी जगह हिमाचल प्रदेश चयन आयोग बनाया, लेकिन अब तक इस आयोग ने एक भी नौकरी नहीं दी। फरवरी 2025 में सरकार ने ट्रेनी जॉब की पॉलिसी बनाई थी। अब इसकी अधिसूचना जारी हो गई है। यह योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। बड़ी-बड़ी डिग्री हासिल करने और कमीशन पास करने के बाद युवा दो साल के लिए ट्रेनी रखे जाएंगे। दो साल के बाद उन्हें फिर परीक्षा के दौर से गुजरना होगा। इस अवधि में उन्हें न तो चिकित्सा भत्ता मिलेगा और न डीए। वेतन भी बेसिक वेतन का सिर्फ 60 प्रतिशत दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस के नेताओं ने वादा किया था कि सरकार बनते ही एक लाख पक्की नौकरी दी जाएगी न अनुबंध वाली नौकरी होगी और न आउटसोर्स वाली। हम 58 साल की पक्की नौकरी देंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद पक्की नौकरी तो दूर कांग्रेस ने एक अपाइंटमेंट लेटर भी जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह सुक्खू सरकार की इस युवा विरोधी नीति की कड़ी निंदा करते हैं। सरकार को चाहिए कि वह इस नीति को तुरंत निरस्त करें। इस अवसर पर नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे और जगतसुख शक्ति केंद्र के प्रधान अरुण शर्मा भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घर की दीवार पर गिरी चट्टान, बड़ा हादसा टला

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** नगर पंचायत अर्की के वार्ड नं.-2 में इकबाल पुत्र शबराती के घर की दीवार भारी पत्थर गिरने से ढह गई और पूरे मकान में दरारें आ गईं। परिवार के अनुसार यह हादसा रात 3 से 4 बजे के बीच हुआ, जब वह दूसरे कमरे में सो रहे थे। इकबाल ने बताया कि अगर चट्टान थोड़ी दूसरी तरफ चली जाती, तो गोशाला को भारी नुकसान होता और पशुओं को भी चोट लग सकती थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। नगर पंचायत अर्की के वार्ड-2 के सदस्य और उपप्रधान पदम देव ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पटवारी को बुलाकर नुकसान का आकलन किया। पदम देव ने बताया कि भारी पत्थर से दीवार तो टूट गई व पूरे घर में दरारें पड़ गई हैं। पदम देव ने कहा कि नगर पंचायत उनकी हर तरह से मदद करेगी और नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा।

### फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपनिदेशक कृषि सिरमौर राजकुमार ने बताया कि जिला सिरमौर के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मक्की और धान की फसलों का बीमा अब 31 जुलाई तक करवा सकते हैं। इन फसलों का बीमा करवा कर किसान फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक, प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़, सैलाब, प्राकृतिक आग, भूमि कटाव आदि के जोखिम से फसलों को सुरक्षित कर सकते है। इसके अतिरिक्त फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान तथा स्थानीयकृत आपदाओं से होने वाले नुकसानों की भी भरपाई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मक्की और धान दोनों फसलों के लिए बीमित राशि 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर है। इसमें किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि का भुगतान केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में कृषि बीमा कंपनी एआईसी फसलों के बीमे के लिए चयनित की गई है। नाहन खंड के किसान 98166-40065, पच्छाद में 94598-15765, रेणुका और शिलाई में 86298-08485 तथा पांवटा साहिब में 82192-82290 पर जानकारी ले सकते हैं।

### टीबी, जल जनित रोग के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंडी में स्वास्थ्य एवं जन कल्याण विभाग द्वारा एएएस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर जैस्मीन कौर ने की। इस आयोजन में उनके साथ हेमंत गुप्ता, सुपरवाइजर मीना शर्मा, एफएचडब्ल्यू किरण गौतम, पम्मी, आशा, विमला, योगिता आदि ने भाग लिया। इस शिविर का मकसद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके घरद्वार उपलब्ध करवाना था। इसके तहत लोगों का बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों का परीक्षण दिया गया और उन्हें यथा रोग परामर्श दिया गया। लोगों को टीबी, जल जनित रोग, एनसीडी व अन्य स्वास्थ्य संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### हेल्पिंग पीपल संस्था ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था की कोर ग्रुप बैठक संस्था अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में पीपलूघाट में हुई। बैठक में मंडी क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान और जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया, उनके प्रति संवेदना प्रकट की। इसके बाद कोषाध्यक्ष मनोज ने संस्था के आय-व्यय का ब्यौरा रखा। उपाध्यक्ष वेद ने संस्था के सभी साथियों और दानकर्ताओं का आभार प्रकट किया। बैठक के दौरान संस्था की संरचना भी सर्वसम्मति से की गई। इसमें संतोष शुक्ला को संगठन महामंत्री, मदन शर्मा, हेमंत शर्मा और देशराज ठसकु को सचिव, आशीष गुप्ता को प्रेस सहसचिव नियुक्त किया गया। संगठन महामंत्री नियुक्त होने पर संतोष शुक्ला ने संस्था का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था ने उन पर जो भरोसा दिखाया है, उस पर वह खरे उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। सामाजिक कार्यों, जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ संगठन मजबूत करने की उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### 100 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** मैक्सटार बायो-जेनिक्स फार्मा कंपनी बद्दी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ उद्योग के मालिक जगदीश बंसल और शिवम बंसल ने किया। शिविर में पीजीआई चंडीगढ़ की टीम ने डॉ. हर्षिता अग्रवाल के नेतृत्व में रक्त एकत्रित किया। शिविर में करीबन 100 से अधिक उद्योग कर्मियों व लोगों ने रक्तदान किया। उद्योग प्रबंधन की ओर से हर साल रक्तदान शिविर लगाया जाता है, ताकि जरूरतमंद मरीजों की रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। एचआर मैनेजर राज कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में भारी संख्या में लोगों ने रुचि दिखाते हुए रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवनदान मिल सके।

### मुख्यमंत्री को भेजा सात सूत्री मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरोटीवाला इकाई ने मंगलवार को शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की लगातार हो रही अनदेखी के विरोध में कॉलेज प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा। परिषद ने प्रदेश सरकार को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि छात्रों की आवाज को फिर से दबाने की कोशिश की गई, तो एबीवीपी उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। मांग पत्र में छात्र संघ चुनावों की बहाली को प्रमुखता से उठाया गया। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जानबूझकर छात्र संघ चुनावों को रोक रही है, ताकि छात्र अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित रहें। यह सीधा-सीधा लोकतंत्र की हत्या है। एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशा राणा ने मांग उठाई कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को जल्द लागू किया जाए। शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक द्वेष के चलते होने वाली तालाबंदी पर तत्काल रोक लगे।

### बेटियों की उपलब्धि पर शांडिल ने दिया सम्मान

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** प्रदेश की दो बेटियों ने अभी हाल ही में बड़ी उपलब्धि हासिल करके प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। इनमें सिरमौर जिले से एनसीसी कैडिट कृतिका शर्मा ने हाल ही में एवरेस्ट की चोटी चढ़ने में विजय पाई और सोलन की पेमा ठाकुर ने बुलगेरिया में आयोजित कूडो विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता। प्रदेश की इन दो बेटियों की बड़ी उपलब्धि के लिए उन्हें प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने सम्मानित किया। सिरमौर जिले की कृतिका शर्मा संगड़ाह तहसील के गांव गत्ताधार रहने वाली है। वह अभी कॉलेज में स्नातक दूसरे वर्ष की छात्रा है।

### शोषण से सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा एससी आयोग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान तथा आयोग के सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा व विजय डोगरा ने जिला सिरमौर के प्रवास के दौरान नाहन स्थित परिधि गृह में अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ स्थापित संगठनों के प्रतिनिधि तथा पंचायतीराज संस्थानों के सदस्यों के साथ बैठक की। हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य अनुसूचित जाति आयोग एक भारतीय संवैधानिक निकाय है, जिसे अनुसूचित जाति के समुदायों से संबंधित व्यक्तियों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सांस्कृतिक हितों को बढ़ावा देने एवं संरक्षण और किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जिले में अनुसूचित जाति समुदाय के प्रति पर्याप्त अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दौरा किया जा रहा है।

### माजरा शिविर में कांवड़ियों की अद्भुत सेवा

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** हर साल सावन में माजरा क्षेत्र शिव भक्ति, सेवा और इंसानियत का खूबसूरत संगम बन जाता है। यहां लगे भव्य कांवड़ शिविर में अब तक 7-8 हजार से ज्यादा श्रद्धालु प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण कर चुके हैं। ये शिविर पिछले तीन दशक से लगातार दानी सज्जनों के सहयोग और समाज की एकजुट कोशिश से सजता है, जहां शिव भक्तों की हर छोटी-बड़ी सुविधा का ख्याल रखा जाता है। यहां आने वाले हर कांवड़िए को न केवल शुद्ध खाना, पीने का साफ पानी, बल्कि 24 घंटे मेडिकल सुविधा और रहने का बेहतरीन इंतजाम भी मिल जाता है। खास बात यह है कि शिविर पूरी रात खुला रहता है। रात 1:30 बजे भी ताजा भोजन तैयार मिलता है, ताकि कोई भी भक्त भूखा न रहे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** इनरव्हील क्लब (308) सोलन ने वसुंधरा कार्यक्रम के तहत 'एक सदस्य -एक पौधा' अभियान के अंतर्गत क्लब की वरिष्ठ सदस्य पीडीसी संगीता त्रेहान के जन्मदिन पर पर्यावरण जागरूकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया। क्लब की सदस्यों ने सब्जी मंडी, सोलन के पास स्थित गोशाला परिसर में खुरमानी के पौधे रोपित किए। यह आयोजन न केवल एक वरिष्ठ सदस्य को सम्मानित करने की एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति थी, बल्कि पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त प्रयास भी था। फलदार पौधों का चयन कर क्लब ने दीर्घकालिक सामुदायिक लाभ को प्राथमिकता दी है, जो 'वसुंधरा उप-समिति' के उद्देश्यों के अनुरूप है। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के महत्व पर चर्चा की

# टमाटर के दामों ने पकड़ी रफ्तार हिमसोना 950 रुपए प्रति क्रेट बिका

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** देश की बड़ी सब्जी मंडियों में एक बार फिर से सोलन और सिरमौर के रेड गोल्ड यानि टमाटर की मांग बढ़ने लगी है।

मंगलवार को सब्जी मंडी में हिमसोना बेस्ट क्वालिटी के दाम 950 रुपए प्रति क्रेट तक बिका। इससे सोलन सब्जी मंडी में टमाटर की चमक और लाली लौट आई है। दामों में आए उछाल से किसानों को कुछ हद तक राहत मिली है। पिछले कुछ समय से किसानों को टमाटर के उचित दाम नहीं मिल पा रहे थे। ऐसे में यह वर्ग अच्छे दाम मिलने की आस लगाए बैठे थे। मंडी में ग्रेड के मुताबिक 650 रुपए से 950 रुपए प्रति क्रेट बिका। किसान का एक लौट अबतक का सबसे अधिक 1000 प्रति क्रेट बिका। किसानों को उम्मीद है कि टमाटर के दामों में उछाल जारी रहेगा। प्रदेश के बड़े राज्यों में बरसात के बाद टमाटर की फसल खराब हो जाती है, ऐसे में हिमाचल के टमाटर खासकर सोलन और सिरमौर के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाती है। सोलन और सिरमौर में टमाटर की खेती का आधा सीजन हो चुका है। इन दिनों सोलन सब्जी मंडी में प्रतिदिन औसतन 5 से 6 हजार क्रेट टमाटर पहुंच रहा है। किसानों को एक महीने तक टमाटर के अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। इसके बाद बाहरी राज्यों का टमाटर मंडियों में आना शुरू हो जाएगा। वहीं, टमाटर के दामों में आए उछाल से आम उपभोक्ताओं को 30 से 40 रुपए प्रति किलो टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं। खास बात है कि पिछले महीने की गिरावट के बाद टमाटर के दामों ने तेजी पकड़ी है।


सोलन सब्जी मंडी में बिक्री को पहुंचा टमाटर।

### बाहरी राज्यों में पहुंच रहा टमाटर

**बाहरी** राज्यों में सोलन के टमाटर की मांग के चलते व्यापारी वातानुकूकलित ट्रकों में टमाटर की खेप को गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, नासिक पहुंच रहे हैं। इसी तरह हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए भी टमाटर की सप्लाई की जा रही है। मंडी में हिमसोना बेस्ट क्वालिटी के दाम 950 रुपए प्रति क्रेट बिका, जबकि हाई ब्रीड टमाटर भी प्रति क्रेट के दाम भी 650 रुपए तक पहुंच गए। इससे किसानों को भी पिछले नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है।

### दो वर्ष टूटे थे रिकॉर्ड

**2023** में किसानों को रिकॉर्ड तोड़ दाम मिलते थे, जब टमाटर का थोक भाव प्रतिकिलो 150 से 180 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया था। यानी प्रति क्रेट के दाम 4000 हजार से 4500 में बिके। किसानों को इस बार भी अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। कारोबारियों का मानना है कि मैदानी राज्यों में बारिश बढ़ते ही सोलन के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाएगी। इससे बेस्ट क्वालिटी टमाटर के दामों में अच्छा खासा उछाल आएगा।

# भगोड़े अपराधी को मोहाली से किया गया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना धर्मपुर द्वारा भगौड़े अपराधी को पकड़ने लिए गठित पीओ सैल की टीम द्वारा तलाशी के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक भगौड़े अपराधी चरणजीत सिंह पुत्र मजीत सिंह निवासी बल्टाना मोहाली पंजाब को मोहाली से गिरफ्तार किया गया।

इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग संख्या 130/2025 21 जुलाई, 2025 धारा 209, 269 बीएनएस, 2023 के तहत दर्ज किया गया। इस मामले के आगामी अन्वेषण में पाया गया कि दिनांक 4 अप्रैल, 2018 को जब यह आरोपी अपने मोटरसाइकिल पर अपने साथी के साथ कुमारहट्टी से चंडीगढ़ की तरफ जा रहा था, तो धर्मपुर के समीप उसने अपनी मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाकर चंडीगढ़ की तरफ से आ रही एक टैक्सी गाड़ी से टक्कर मार दी। इससे मोटर साइकिल पर बैठे युवकों को काफी चोटें आई। इसी दौरान उक्त आरोपी के साथ उसके दो अन्य साथियों, जो मोटरसाइकिल पर थे, वहां पहुंचे जिन्होंने टैक्सी चालक/शिकायतकर्ता



के साथ मारपीट की तथा शिकायतकर्ता की गाड़ी को नुकसान पहुंचाया था। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र तैयार करके न्यायालय में पेश किया गया था। ट्रायल के दौरान आरोपी चरणजीत सिंह को न्यायालय द्वारा बार-2 कोट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे थे, लेकिन वह फिर भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। इस पर उक्त आरोपी को न्यायालय द्वारा उक्त मामले में भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था। इसकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-2 अपने ठिकाने बदल रहा था। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है ।

## युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रशासन व अभिभावकों का संयुक्त योगदान आवश्यक : डीसी

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के डीसी कार्यालय सभागार कक्ष में डीसी डॉ. अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें जिले के लोगों को नशे से दूर रहने व इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के दृष्टिगत कार्य योजना पर विस्तृत विचार-विमर्श कर विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन व युवाओं का इसमें लिप्त होना गहन चिंता का विषय है। नशे की रोकथाम के लिए जितना योगदान प्रशासन, पुलिस व विद्यालयों का होता है, उतना ही योगदान अभिभावकों का भी रहता है। अभिभावकों को अपने बच्चों की सामाजिक जिंदगी का ध्यान रखना व बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करने से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। डीसी ने इस अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा स्थापित मानस हेल्पलाइन 1933 के बारे में अवगत करवाया, जहां पर नशे से ग्रस्त युवा काउंसलिंग प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समय-समय पर नशे के दुष्प्रभावों बारे जिले के विभिन्न विद्यालयों व पंचायत घरों में जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि स्कूली छात्रों व युवाओं को नशे से दूर रख एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सके, ताकि एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सके। बैठक में जिले के स्वास्थ्य विभाग को ी निर्देश दिए गए कि वे जिले में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

## कांग्रेस ने चली नौजवानों को ठगने की चाल: रत्तन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा जिला अध्यक्ष ने जॉब ट्रेनी मामले पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि यह प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को ठगने का एक नया जाल है। नौकरियों का मुद्दा न उठे इसके लिए सरकार के लिए एक साल का जीवनदान है। रत्तन सिंह पाल ने सीधा आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार केवल युवाओं को ठगने और शोषित करने का काम करती है। पाल ने कहा कि लोकतंत्र और जनतंत्र के इतिहास में शायद कांग्रेस जैसी सरकार न कभी पहले आई और न आएगी। पहले यह एक फैसला लेती ही नहीं है और जो फैसला लेती है, वह जन विरोधी होते हैं। रत्तन सिंह पाल ने कहा कि जॉब ट्रेनी भर्ती प्रक्रिया प्रदेश के 12 लाख युवाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है।

## जीनियस ग्लोबल स्कूल के छात्र ध्रुव का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन


जीनियस ग्लोबल स्कूल का छात्र ध्रुव प्रिंसिपल और स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिले के प्रतिभाशाली छात्र ध्रुव ने पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बनिया देवी में कक्षा 6 के लिए 2025-26 सत्र में अस्थायी रूप से चयनित होकर अपने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है।

ध्रुव वर्तमान में जीनियस स्कूल में अध्ययनरत हैं। हर साल हजारों छात्र इस प्रतिष्ठित विद्यालय में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा में भाग लेते हैं, लेकिन ध्रुव ने अपनी मेहनत और लगन से यह स्थान हासिल किया। ध्रुव मूल रूप से सोलन का ही निवासी है। उनकी इस सफलता से जीनियस स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल की डायरेक्टर नीति शर्मा ने ध्रुव की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने ध्रुव को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ध्रुव की इस कामयाबी से न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है।

## साइबर जागरूकता धोखाधड़ी के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में सिरमौर जिले के जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नव कमल ने साइबर जागरूकता व साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ अभियान के तहत अपना साइबर क्राइम पर वक्तव्य दिया। इस वक्तव्य में उन्होंने शिक्षा का महत्व, संविधान, साइबर जागरूकता, साइबर क्राइम, अनुशासन आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला व कानून व्यवस्था के बारे में विद्यालय की छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसका सभी छात्राओं ने बहुत लाभ उठाया। इस अवसर पर स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अभिलाष शर्मा स्टाफ के सदस्य व विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

## 5357 बागवानी पौधे वितरित किए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन व नाबार्ड राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न जलग्रहण क्षेत्रों में कुल 5357 बागवानी पौधे किसानों को वितरित किए गए। यह वितरण मुख्य रूप से जीवा परियोजना, हर्षांगधर स्प्रिंगशेड परियोजना, भदरखड्डु जलग्रहण परियोजना तथा अलीखड्ड जलग्रहण परियोजना के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को फलोद्यान लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे दीर्घकालिक रूप से आय अर्जित कर सकें। बागवानी खेती, पारंपरिक खेती के मुकाबले अधिक लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, भूमि सुधार और जल स्रोतों की पुनर्भरण में भी सहायक सिद्ध होती है। अंबुजा फाउंडेशन के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक संजय शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पौधे वितरित करना नहीं है, बल्कि किसानों को फल उत्पादन जैसे स्थायी विकल्पों की ओर प्रोत्साहित करना है।

## ददाहू के राघवानंद ने 'ड्यूटी' से ऊपर 'नैतिकता' को चुना

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** अक्सर सरकारी नौकरी में लोग सेवानिवृत्ति से पहले सिर्फ अपने बचे हुए दिनों का हिसाब लगाते हैं। वहीं, लोक निर्माण विभाग उपमंडल ददाहू के बेलदार राघवानंद एक ऐसी कहानी गढ़ रहे हैं, जो हर किसी को सोचने पर मजबूर करती है।

मथानन, नेहर सवां के निवासी राघवानंद, जिनकी सेवानिवृत्ति में अब बस दो-तीन महीने ही बचे हैं, अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की ऐसी अद्भुत मिसाल बन गए हैं, जो 'ड्यूटी' शब्द की परिभाषा से कहीं आगे निकल जाती है। हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश ने ददाहू की एक सड़क को संकट में डाल दिया था। सड़क के नीचे की एक पुलिया मलबे से पूरी तरह भर गई, जिससे पानी सड़क के ऊपर से बहने लगा। खतरा साफ था, अगर तुरंत कुछ न किया जाता, तो सड़क गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो सकती थी और बगल



का डंगा भी ढह सकता था। ऐसे में जहां सरकारी प्रक्रियाओं और टीम के इंतजार में महत्वपूर्ण समय बर्बाद हो सकता था, राघवानंद ने एक पल की भी देरी नहीं की।

उन्होंने अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए अकेले ही मोर्चा संभाला। बिना किसी आदेश का इंतजार न करते हुए उन्होंने अपने हाथों से अथक प्रयास कर मलबे से भरी उस पुलिया को साफ किया। उनकी इस तत्परता ने न सिर्फ सड़क को भारी नुकसान से बचाया, बल्कि यह भी दिखाया कि जब काम के प्रति सच्ची लगन हो, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती।

## अन्हेच पंचायत में किसान जागरूकता शिविर का आयोजन
# जैविक व ऑर्गेनिक खेती के लाभ की जानकारी दी

**नवीन सूद, अनंत ज्ञान**

**कुमारहट्टी।** सोलन विकासखंड की अन्हेच पंचायत में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा विशाल किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय शहरी सहकारी विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय शिमला के तत्वाधान, सहकारिता मंत्रालय की चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर, एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत के प्रधान मोहनलाल कनवर ने की। इसमें ग्राम पंचायत अन्हेच, बोहली, सुल्तानपुर और बड़ोग के सैकड़ों बागवानों, किसानों और ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में किसानों को जैविक और ऑर्गेनिक खेती के लाभ के बारे में विभागीय अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों को कीटनाशक के प्रयोग से आम लोगों के स्वास्थ्य पर पढ़ रहे दुष्प्रभाव


अन्हेच पंचायत में आयोजित किसान जागरूकता शिविर में पहुंचे अधिकारी।

और इस खेती से जमीन की उपजाऊ क्षमता को लगातार हो रहे नुकसान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इसमें कृषि विभाग, एनजीओ अरावली, सहकारिता विभाग, जोगिंद्र बैंक सहित कई विभागों ने भाग लिया। बीडीओ सोलन रमेश शर्मा ने, प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण व किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही, कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी व किसानों से उपरोक्त योजनाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। जोगिंद्र बैंक खालोगड़ा सुल्तानपुर के प्रबंधक साहिल ने ग्रामीणों को केसीसी लिमिट और किसान क्रेडिट कार्ड की भी विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर का आयोजन मुख्यत: जैविक और ऑर्गेनिक खेती की और क्षेत्र के किसानों को मोड़ना और इस तकनीक द्वारा खेती बाड़ी करने को प्रेरित करना था। शिविर में अन्हेच पंचायत के प्रधान मोहनलाल कंवर, बीडीओ सोलन रमेश शर्मा, अरावली संस्था के निदेशक डॉक्टर यशपाल शर्मा, सीडीसी से रमन कुमारी, बीटीएम कृषि विभाग ब्लॉक सोलन से संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने सीएम का पुतला जलाया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से लागू की जा रही जॉब ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ जिला मुख्यालय नाहन में एबीवीपी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का पुतला जलाया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मीडिया से बात करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राज्य सह मंत्री मनीष बिरकांटा ने बताया कि आज स्टेट कॉल पर जिला मुख्यालय नाहन में एबीवीपी द्वारा जॉब ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही इस पॉलिसी के मुताबिक युवाओं को परीक्षा पास करने के बावजूद 2 वर्ष तक ट्रेनी के तौर पर कार्य करना पड़ेगा और उसके बाद फिर से परीक्षा पास करनी होगी। उसके बाद ही उन्हें नियमित किया जाएगा। एबीवीपी का कहना है कि यह युवाओं के साथ धोखा है। उनका कहना है कि एक तरफ प्रदेश सरकार वर्ष में एक लाख युवाओं को रोजगार देने की बात करती है। दूसरी तरफ इस तरह की धोखाधड़ी युवाओं के साथ की जा रही है, जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**आयोजन** पाइनग्रोव स्कूल में जीवनशैली पर जागरूकता सत्र आयोजित

# पर्यावरणीय जागरूकता की ओर सशक्त पहल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 19 जुलाई संवाद-जीवन में सततता विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सतत जीवनशैली, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और युवा सहभागिता के महत्व को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रख्यात पर्यावरणविद् और अर्थ जस्ट इकोसिस्टम के संस्थापक अभिषेक तनेजा, जिन्हें लोकप्रिय रूप से द सस्टेनेबिलिटी वाला के नाम से जाना जाता है उन्होंने किया। उनके साथ उनकी प्रेरणादायक टीम भी उपस्थित रही। इनमें तुषार वर्मा, चंडीगढ़ से वास्तुकार एवं डिजाइनर, शुभाश्री अग्रवाल, सोलन की एक इंडिया फेलोजिन के पास फ्रांस सेसस्टेनेबल मैनेजमेंट और यूके सेफाइनेंस एवं मैनेजमेंट की डिग्रियां हैं तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों के छात्र दिया नय्यर (कक्षा 12, डीपीएस नोएडा), इशानिका चौहान (कक्षा 12, दुबई इंग्लिश स्पीकिंग कॉलेज), समैरा शंकर (कक्षा 11, ओवरसीज फैमिली स्कूल, सिंगापुर) और सारा मलिक (कक्षा 11, ड्वाइट स्कूल, लंदन) सक्रिय रूप से सम्मिलित थे। सत्र की शुरुआत एक भावपूर्ण प्रार्थनासभा से हुई।

इसके बाद एक इंटरएक्टिव सेशन आयोजित किया गया। इसमें हेड-हार्ट-हैंड (मस्तिष्क-हृदय-हाथ) सिद्धांत के आधार पर विद्यार्थियों से यह सोचने का आग्रह किया गया कि वे प्रकृति के बारे में क्या जानते हैं (मस्तिष्क), वे किस चीज की परवाह करते हैं (हृदय), और वे ग्रह के लिए क्या कार्य करते हैं (हाथ)। इसके पश्चात एक समूह चर्चा में सतत जीवनशैली को अपनाने के व्यावहारिक उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। सत्र में विद्यार्थियों ने गहन सहभागिता दिखाई। गुरनूर भुल्लर (ईको क्लब समन्वयक), स्वांश शर्मा (कक्षा 12 सी), भविष्य दहिया एवं शौर्य ग्रोवर (कक्षा 11 एच) तथा केशव भंडारी व कविश मिगलानी (कक्षा 11 सी) भाग लेने वाले प्रमुख छात्र थे। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सतत जीवन शैली के महत्व को गहराई से स्थापित किया। सत्र ने छात्रों को न केवल सोचने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में सशक्त भी किया।


पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में सततता विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी।

## रोटरी रॉयल ने हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश


रोटरी रॉयल के सदस्य धर्मपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

रोटरी रॉयल सोलन ने धर्मपुर पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें 200 पौधे लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से बाण और देवदार के पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रधान डॉ. कमल अटवाल ने बताया कि रोटरी रॉयल पौधरोपण व अन्य समाज सेवा के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पर्यावरण संदेश में कहा कि पर्यावरण को बचाना है, तो पौधरोपण सबसे जरूरी और एकमात्र उपाय है इसलिए हम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और किसी भी खुशी के मौके को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ते हुए पौधरोपण करके मनाना चाहिए।

प्रोजेक्ट चेयरमैन रजनीश सूद ने बताया कि पौधरोपण का महत्व कोरोना काल में पता चला, जब लोग आक्सीजन के लिए भटक रहे थे। समस्या का निदान है कि अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाएं और लोग पेड़ को गोद लेकर उसका संरक्षण करें। कार्यक्रम में सेक्रेटरी मनीष तोमर, अरुण त्रेहन, सुभाष चौहान, डॉ. उदित कुमार, सौरभ शर्मा, यादव गिरी, देशमितर, डॉ. गुंजन साहनी, वरुण अत्री, अनिल चौहान आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए ड्रोन से रखी जा रही नजर

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** एनएच-48 पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस ने गुरुग्राम में ड्रोन से निगरानी शुरू की है। पुलिस का लक्ष्य है कि किसी भी शिवभक्त को राह में किसी तरह की कोई परेशान नहीं होने दी जाए। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय हाईवे सत्यपाल यादव ने मंलवार को बताया कि पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। पुलिस उपायुक्त यातायात राजेश मोहन द्वारा यातायात में तैनात सभी



अधिकारियों और कर्मचारियों को कांवड यात्रा को सफल बनाने के लिए पहले से ही उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास में कांवड़ियों और डाक कांवड़ियों द्वारा शिवरात्री पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर अपने-अपने धार्मिक स्थलों पर अर्पित किया जाता है। इस दौरान सड़कों पर भीड़ काफी अधिक हो जाती है। जिसको देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा राजीव चौक, हीरो होंडा चौक और एनएच-48 पर ड्रोन की सहायता से लगातार नजर रखी जा रही है। इसके अलावा सिरहोल बार्डर से कापड़ीवास बार्डर तक, राजीव चौक से सोहना सड़क मार्ग और अन्य मार्गो पर यातायात पुलिस अपना कार्य सजगता से कर रही है।

### नगर निगम के जेई के खिलाफ अदालत में चालान पेश

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम द्वारा मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामले में कनिष्ठ अभियंता (जेई) सन्दीप कुमार के विरुद्ध चालान गुरुग्राम की अदालत में प्रस्तुत किया गया। शिकायतकर्ता ने राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि नगर निगम गुरुग्राम के कनिष्ठ अभियंता (जेई) संदीप कुमार द्वारा उसके गांव दौलताबाद में स्थित गोदाम के अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने के लिए रिश्वत मांगी थी। रिश्वत के तौर पर उससे एक लाख रुपए नकद रिश्वत की मांग कर रहा है। संदीप कुमार पहले भी उससे 50,000 रुपए नकद बतौर रिश्वत ले चुका है। शिकायत पर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम द्वारा कार्रवाई करते हुए संदीप को शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए नकद रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के केस दर्ज किया गया है। अब आरोपी के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया गया है।

### सिरसा में लाखों की हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो नशा लोगों को जिला के कालांवाली क्षेत्र से करीब तीन लाख रुपए की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान साहिल कुमार व मनी राम निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ प्रभारी सूबे सिंह ने मंगलवार को बताया कि एएसआई रणजोध सिंह पुलिस टीम के साथ औढा कैंचियां कालांवाली क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थे। इसी दौरान सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि साहिल निवासी मंडी कालांवाली नशा तस्करी का काम करता है और नशा बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने सूचना



के अनुसार बताए स्थान पर नाकाबंदी शुरू की तो कुछ समय बाद उन्हें गली में एक शख्स घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 71 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपी साहिल कुमार ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसे यह हेरोइन मनी राम उर्फ झूमा निवासी गांव कालांवाली ने लाकर दी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी मनी राम को भी काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों साहिल कुमार व मनी राम को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करेगी।

### 38 दिन बाद तिरुवनंतपुरम से उड़ा ब्रिटिश फाइटर जेट

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** ब्रिटिश नौसेना के लड़ाकू विमान एफ-35बी ने मंगलवार को 38 दिन बाद केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी। हाइड्रोलिक फेल होने की वजह से जेट उड़ान नहीं भर पा रहा था। जेट को ठीक करने के लिए 25 इंजीनियरों की टीम 6 जुलाई को ब्रिटेन से भारत पहुंची थी। एयरक्राफ्ट एफ-35बी 14 जून की रात जॉइंट समुद्री अभ्यास के तहत अरब सागर के ऊपर नियमित उड़ान पर था। खराब मौसम और कम ईंधन की वजह से केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप की वॉल स्ट्रीट जर्नल के खिलाफ कार्रवाई तेज

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुख्यात यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन को लेकर पिछले हफ्ते प्रकाशित हुई वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर अखबार के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने अखबार के एक पत्रकार को आगामी स्कॉटलैंड यात्रा के लिए एयर फोर्स वन से निष्कासित कर दिया। यह कदम ट्रंप के उन मीडिया संस्थानों के प्रति आक्रामक रवैये को दर्शाता है, जो राष्ट्रपति ट्रंप को नापसंद करते हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल और मर्डोक के ख़िलाफ 10 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा दायर किया क्योंकि अखबार ने ट्रंप के नाम वाले एक लेख को प्रकाशित किया था, जो कथित तौर पर ट्रंप ने साल 2003 में यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन को लिखा था। ट्रंप ने आरोपों से इनकार किया है। (अनंत ज्ञान)

### पीओके में बादल फटने से मची तबाही

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में कुदरत का कहर देखने को मिला। जहां सोमवार को बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में अब तक कम से कम चार पर्यटकों की मौत हो गई। दो घयल हो गए। वहीं 15 लोग लापता हो गए



हैं। घटना दीमर जिले में हुई, जहां बाढ़ के तेज बहाव में आठ पर्यटक वाहन बह गए। मामले में गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फरक ने बताया कि मृतकों में एक महिला पंजाब प्रांत के लोधरन की रहने वाली थी। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इसका असर यातायात पर पड़ा। बाढ़ के कारण बाबूसर हाईवे बंद हो गया और इलाके में बिजली और संचार सेवाएं बाधित हो गई हैं। सैकड़ों फंसे पर्यटकों को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित निकाला गया, और उन्हें अस्थायी ठिकानों पर शरण दी गई। (अनंत ज्ञान)

# संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जानकारी गृह विभाग को भेजे जिला प्रशासन : मुख्यमंत्री

## प्रश्न पत्र भंडारण स्थल से परीक्षा केंद्र तक की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए सुनिश्चित

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा के मद्देनजर सभी संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जानकारी समय रहते गृह विभाग को प्रेषित करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा निलंबित करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके और परीक्षा को पूर्णत: शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न करवाया जा सके।

मुख्यमंत्री मंगलवार को यहां सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा पहली बार इतने बड़े स्तर पर सीईटी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूर्ण करें, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सभी जिलों में प्रश्न पत्र भंडारण स्थल से परीक्षा केंद्र तक उसकी पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा बनी रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी असामाजिक तत्व सक्रिय न रहे। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर भी सतर्क निगरानी रखी जाए, ताकि यदि कोई व्यक्ति परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की अफवाह फैलाने का प्रयास करे तो उसे समय रहते रोका जा सके और भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों। उन्होंने कहा कि सीईटी परीक्षा के दौरान जहां बसों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है, वहीं आगामी तीज पर्व को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग यह भी सुनिश्चित करे कि आमजन की आवाजाही के लिए भी पर्याप्त बसों की व्यवस्था रहे, जिससे प्रदेशवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे 26-27 जुलाई को आयोजित सीईटी परीक्षा के दोनों दिनों में अपनी सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें, ताकि परीक्षार्थियों को निर्बाध यातायात व्यवस्था मिल सके।

उन्होंने कहा कि जिन जिलों से बसों को 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना है, वहां जिला प्रशासन विशेष प्रबंध सुनिश्चित करे।

# फरीदाबाद और पलवल में डीएपी खाद की कालाबाजारी पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

**एजेंसी, फरीदाबाद**

किसानों को यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति में कथित अनियमितताओं और कालाबाजारी की मिल रही शिकायतों के बाद हरियाणा सरकार की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) की टीम ने पलवल और फरीदाबाद जिलों में खाद-बीज की दुकानों पर छापेमारी कर निरीक्षण किया। कई दुकानों के रिकॉर्ड की जांच की गई और अनियमितता पाए जाने पर दो दुकानों को सील कर दिया गया, जबकि एक दुकान से डीएपी खाद का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

**कई दुकानों के खंगाले रिकॉर्ड, दो दुकानें की सील**

पलवल जिले के जैंदापुर गांव में कृषि विभाग के एसडीओ अजीत सिंह के नेतृत्व में सीएम फ्लाइंग की टीम ने तीन दुकानों की जांच की। इस दौरान बस स्टैंड के पास स्थित बालाजी खाद बीज भंडार बंद मिला। जब टीम ने दुकान के संचालक योगेंद्र पाल से संपर्क करने का प्रयास किया तो पहले उन्होंने फोन नहीं उठाया और बाद में उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इस पर टीम ने मौके की रिपोर्ट तैयार कर दुकान को सील कर दिया। इसी गांव में न्यू किसान बीज भंडार का निरीक्षण किया गया, जहां संचालक वेद प्रकाश गर्ग मौजूद मिले। जांच के दौरान दुकान में स्टॉक और रिकॉर्ड सही पाए गए। इसके बाद टीम ने पलवल अनाज मंडी स्थित इफको ई-बाजार भंडार की भी जांच की। इस दौरान क्षेत्र अधिकारी रविंद्र उपस्थित मिले और पीओएस मशीन से स्टॉक मिलान किया गया, जो रिकॉर्ड के अनुसार सही पाया गया।

वहीं, फरीदाबाद में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम ने तकनीकि सहायक आनंद प्रकाश और क्वालिटी एंड कंट्रोल निरीक्षक संगीता के नेतृत्व में बल्लबगढ़ अनाज मंडी स्थित सरकारी खाद स्टोर दी बल्लबगढ़ कॉ-ऑपरेटिव मार्केट सोसायटी लिमिटेड पर छापा मारा। यहां मौजूद डीएपी और यूरिया खाद की बैग गिनती की गई और स्टॉक रिकॉर्ड सही मिला। अधिकारियों ने डीएपी खाद का सैंपल लेकर जांच के लिए क्वालिटी कंट्रोल लैब, करनाल भेज दिया।

इसके बाद टीम ओल्ड फरीदाबाद स्थित शिवम बीज भंडार, चांदीवाला बाग, भारत कॉलोनी पहुंची, लेकिन दुकान बंद मिली। अधिकारियों ने तीन घंटे तक इंतजार किया, लेकिन संचालक के नहीं पहुंचने पर दुकान को सील कर दिया गया और निर्देश दिए गए कि कृषि विभाग की जांच के बाद ही दुकान खोली जाएगी।

# टॉन्सिल कैंसर का मैक्स अस्पताल में हुआ रोबोटिक सर्जरी से इलाज

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

टॉन्सिल कैंसर से पीड़ित सुंदरनगर के एक 73 वर्षीय व्यक्ति का हाल ही में मैक्स अस्पताल, मोहाली में एक उन्नत न्यूनतम इनवेसिव रोबोटिक सर्जरी से इलाज किया गया। जानकारी देते हुए पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के पूर्व विभागाध्यक्ष और डीन अकादमिक तथा वर्तमान में मैक्स अस्पताल में ईएनटी विभाग के निदेशक डॉ. नरेश कुमार पांडा ने कहा कि रोगी को लगातार गले में दर्द और खाना खाने में कठिनाई हो रही थी। विस्तृत चिकित्सा जांच में दाहिने टॉन्सिल पर एक संदिग्ध वृद्धि का पता चला, जिसके बाद टॉन्सिल कैंसर की पुष्टि के लिए बायोप्सी की गई।

डॉ. पांडा ने कहा कि ट्यूमर लोकलइज्ड था और लिम्फ नोड्स या शरीर के दूर के हिस्सों में नहीं फैला था। गले के अंदर ट्यूमर के गहरे स्थान को देखते हुए, हमने दा विंची एक्सऑय रोबोटिक प्रणाली का उपयोग करके गर्दन के विच्छेदन के साथ ट्रांसओरल रोबोटिक सर्जरी करने का फैसला किया। ट्यूमर को पूरी तरह से हटा दिया गया।

उन्होंने कहा कि यह सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज के लिए एक न्यूनतम इस उन्नत तकनीक से हम मुंह के माध्यम से ऑपरेशन कर सकते हैं और पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

सर्जरी के बाद मरीज ने अच्छी प्रतिक्रिया दी, एक हफ्ते के भीतर खाना निगलना शुरू कर दिया और सामान्य गतिविधियां करने लगा। टॉन्सिल का कार्सिनोमा एक प्रकार का सिर और गर्दन का कैंसर है, जो अक्सर धूम्रपान, शराब के सेवन या एचपीवी संक्रमण से जुड़ा होता है। इसके लक्षण गले में खराश, निगलने में कठिनाई, कान में दर्द या गर्दन में गांठ जैसे हो सकते हैं।

# फरीदाबाद में पाक हिंदू महिला ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** जिले के बादशाह खान सिविल अस्पताल में एक पाकिस्तानी महिला ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। टूरिस्ट वीजा पर भारत आई हिंदू महिला के प्रसव के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिकता और अवैध प्रवास जैसे गंभीर मुद्दों का भी जन्म हुआ है। हिंदू महिला अब भारत में ही रहना चाहती है।

पाकिस्तान से टूरिस्ट वीजा पर दुर्गा अपने पति पुरुषोत्तम और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भारत आई थी। जानकारी के अनुसार इनका वीजा अवधि 20 जून को समाप्त हो चुकी है। पाकिस्तान नागरिक दुर्गा ने बीते 20 जुलाई को एक बेटे और एक बेटी को जन्म दिया है। फिलहाल मां और दोनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं और चिकित्सकों की निगरानी में हैं। अब यह परिवार भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा जता रहे हैं।

दुर्गा का कहना है कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय पर अत्याचार होते हैं और वहां उन्हें सम्मान व सुरक्षा नहीं मिलती। उन्होंने बताया कि भारत में उन्हें न केवल सुरक्षा मिली है बल्कि यहां उन्हें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं झेलना पड़ा। वह भारत में जन्मे अपने दोनों नवजात बच्चों को लेकर यहां ही बसने की मांग केंद्र सरकार से की है। उसने अपने दोनों बच्चों को भारतीय नागरिकता देने की भी मांग की है।

# सड़क सुरक्षा के लिए हरियाणा को मिलेंगे 150 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सड़क सुरक्षा सिस्टम को मजबूत करने और यातायात नियमों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए केंद्र सरकार की पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) 2025-26 के अंतर्गत हरियाणा को 150 करोड़ रुपए की सहायता राशि मिलने जा रही है। इस राशि का उपयोग राज्य में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपायों को क्रियान्वित करने के लिए किया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में मंगलवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें इस योजना के अंतर्गत धनराशि प्राप्त करने और उसके सार्थक उपयोग के लिए राज्य की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। यह 150 करोड़ रुपए की सहायता राशि पांच प्रमुख उपलब्धियों से जुड़ी होगी। इनमें चिन्हित स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक एनफोर्समेंट डिवाइस की स्थापना, इन उपकरणों को ट्रैफिक कंट्रोल रूम से जोड़ना, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से ई-चालानों का सृजन, ई-चालानों का त्वरित निपटान तथा राज्य राजमार्गों और प्रमुख जिला सड़कों पर मृत्यु दर में स्पष्ट कमी लाना शामिल है।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वह एक विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भेजे। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात नियमों के कठोर अनुपालन, डिजिटल प्रवर्तन व्यवस्था तथा जन जागरूकता अभियानों को खासतौर से शामिल किया जाए।

## देश-विदेश

# ऑस्ट्रेलिया में उठी इसराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया की संसद में मंगलवार को नए सत्र की शुरुआत हुई, जिसमें प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी भारी बहुमत के साथ लौटी है। यह सत्र हालांकि परंपरागत रूप से औपचारिक रहा, लेकिन गाजा संघर्ष की गूंज संसद भवन में भी सुनाई दी। संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने इसराइल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की और 'गाजा को न्याय दो' जैसे नारे लगाए।

सुरक्षा अधिकारियों ने लगभग 15 प्रदर्शनकारियों को संसद के ऊपरी सदन की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। ये प्रदर्शनकारी उस समय अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे जब अटॉर्नी जनरल सैम मोस्टिन संसद को संबोधित कर रहे थे। इस बीच, ग्रीन पार्टी की उप नेता सीनेटर मेहरीन फारुकी ने एक पोस्टर लहराकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया जिस पर लिखा था, 'गाजा भूखा है, केवल शब्द नहीं, इसराइल पर प्रतिबंध लगाओ।'

ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही इसराइल के दो मंत्रियों इतामार बेन गविर और बेजेल स्मोट्रिच पर वित्तीय और यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, सरकार ने अभी तक इसराइल के खिलाफ किसी व्यापक राज्य-स्तरीय प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है। प्रदर्शनकारियों और ग्रीन पार्टी की मांग है कि ऑस्ट्रेलिया को अब और कड़े कदम उठाने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

**खत्म होना चाहिए युद्ध**

**ऑस्ट्रेलिया** ने हाल ही में 27 अन्य देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें गाजा युद्ध पर कहा गया था कि अब यह खत्म होना चाहिए। गृह मामलों के मंत्री टोनी बर्क ने कहा कि जो मम देख रहे हैं, वह असहनीय है। बंधकों की रिहाई जरूरी है, लेकिन युद्ध का अंत जरूरी है।

# किस्त चेक करने के लिए फर्जी लिंक न खोलें किसान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आर्थिक मदद लेने वाले किसानों को केंद्र सरकार ने चेतावनी जारी की है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने किसानों को सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर फैल रहे फर्जी मैसेज, लिंक से सावधान रहने को कहा है। साइबर ठग फर्जी मैसेज किसान सम्मान निधि की किस्त चेक करने या अतिरिक्त लाभ का लालच देकर किसानों के बैंक खाते से जुड़ी निजी जानकारी मांगते हैं। फिर चुराए गए पर्सनल डेटा से किसानों के साथ ठगी करते हैं। कृषि मंत्रालय ने बताया कि पीएम-किसान योजना के नाम पर ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप और स्स्र के जरिए फर्जी मैसेज भेज रहे हैं। लिंक पर क्लिक कर ही आपके खाते से रुपए निकाल कर ठगी की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

# विधायकों को हनीट्रैप कर गिराई गई थी महाविकास अघाड़ी सरकार : सामना

**एजेंसी, मुंबई**

शिवसेना यूबीटी ने दावा किया है कि साल 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार के विधायकों को हनी ट्रैप में फंसाकर सरकार गिराई गई। शिवसेना यूबीटी ने अपने मुखपत्र सामना में मंगलवार को यह भी दावा किया है कि विधायकों को फंसाने के लिए गुप्त कैमरों और पेगासस जैसे सिस्टम का इस्तेमाल किया गया।

सामना के संपादकीय लेख में कहा गया है कि अविभाजित शिवसेना और एनसीपी के कुछ विधायकों ने केंद्रीय एजेंसियों के दबाव में अपनी निष्ठा बदली। कम से कम 18 विधायकों और चार सांसदों को हनीट्रैप में फंसाया गया था, जिसके चलते ही उन्होंने अपनी छवि बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने आरोप लगाया था कि सांसदों और विधायकों को ब्लैकमेल किया गया था और विपक्ष के पूर्व नेता होने के नाते उनकी टिप्पणी को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

**पेगासस जैसे सिस्टम का किया गया था इस्तेमाल**

**शिवसेना** यूबीटी ने दावा किया कि सरकार गिराने के लिए पेगासस जैसे सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था। पेगासस एक स्पाइवेयर है, जिसे इसराइली साइबर-आमर्स कंपनी एनएसओ ग्रुप ने विकसित किया है। जासूसी के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। सामना में कहा गया है कि भाजपा के पास हनीट्रैप करने की एक प्रणाली थी और यहां तक कि पुलिसकर्मी भी विपक्ष की निगरानी कर रहे थे। जब शिवसेना के सांसदों और विधायकों से जुड़े हनीट्रैप के सबूतों वाली एक पेन ड्राइव एकनाथ शिंदे को सौंपी गई, तो वे सूरत, गुवाहाटी और फिर गोवा की यात्रा पर निकल गए। संपादकीय में कहा गया है कि यह सब एक सस्पेंस थ्रिलर जैसा था।

# ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों-महिलाओं को मिले सुरक्षित वातावरण: कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा में 15 साल की नाबालिग को जिंदा जलाए जाने की घटना पर कहा, 'हम शर्मिंदा हैं।' जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण इलाकों की स्कूली लड़कियों, घरेलू महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। कोर्ट ने केंद्र और सभी पक्षों से ठोस सुझाव मांगे हैं। कोर्ट ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और महिला सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई। इससे पहले 12 जुलाई को ओडिशा के ही बालासोर जिले के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा ने आत्मदाह कर लिया था। छात्रा में कॉलेज फैकल्टी के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकायत दी थी। (अनंत ज्ञान)

# शांति वार्ता से पहले रूस ने यूक्रेन पर किए ड्रोन हमले

**एजेंसी, कीव**

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच शांति वार्ता पहले एक बार फिर मॉस्को ने तीन यूक्रेनी शहरों पर ड्रोन से हमले किए हैं। इन हमलों में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हो गए। हमलों के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ शांति वार्ता होगी, मगर इस वार्ता में युद्ध को समाप्त करने को लेकर कोई प्रगति होने की उम्मीद कम है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम को रूस ने उत्तर-पूर्व में सुमी, दक्षिण में ओडेसा और पूर्वी क्रामाटोरस्क के यूक्रेनी क्षेत्रों पर हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र होन्चारेंको ने बताया कि क्रामाटोर्स्क में एक ग्लाइड बम एक अपार्टमेंट इमारत पर गिरा। इससे आग लग गई।

**तीन शहरों पर हुए हमलों में एक लड़के की मौत, पांच लोग घायल**

हमलों में एक लड़के की मौत हो गई, जबकि 24 अन्य लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने बताया कि सूमी क्षेत्र में कई हमले हुए। पुतिवल शहर में एक ड्रोन ने एक गैस स्टेशन पर हमला किया, जिसमें एक पांच साल के बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। दो घंटे से भी कम समय बाद उसी जगह पर एक और ड्रोन हमला हुआ। इसमें सात और लोग घायल हो गए। (अनंत ज्ञान)

# फतेहपुर शेखावाटी में 22 अगस्त को होगा गोयनका संगम : सुशील गोयनका

**एजेंसी, नई दिल्ली/जयपुर**

**समारोह में राजस्थान के सीएम भजन लाल होंगे मुख्यातिथि**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा गोयनका समुदाय की ओर से 22 अगस्त को फतेहपुर शेखावाटी में आयोजित किए जाने वाले गोयनका संगम में जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने वाले गुमनाम नायकों को इस वर्ष के 'गोयनका रिकग्निशन सम्मान' से अलंकृत करेंगे। श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सुशील गोयनका ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 में शुरू किए गए इन वार्षिक पुरस्कारों में इस वर्ष 22 अगस्त को व्यापार, समाज सेवा, कला, विज्ञान, खेलकूद ,शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोयनका समुदाय के शूरवीरों को यह पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर राजनेता, प्रसिद्ध उद्योगपति, खिलाड़ी आदि भी मंच पर मौजूद रहेंगे। 19 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय गोयनका संगम में देश-विदेशों में बसे गोयनका समुदाय के लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए हर साल पांच दिन तक फतेहपुर शेखावाटी में इकट्ठा होते हैं। संगम में देश-विदेश से व्यवसायिक घरानों के लगभग छह सौ लोग शिरकत करेंगे। (अनंत ज्ञान)



सुशील गोयनका

**बयान** देवेंद्र फडणवीस ने शहरी नक्सलवाद पर जताई चिंता, कहा-

# विकास रोकने की साजिश कर रहे नक्सली

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गढ़चिरौली जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जिले के कोनसारी में लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के एक कार्यक्रम में हिस्सा भी लिया। कार्यक्रम के संबोधन में उन्होंने गढ़चिरौली में तेजी से खत्म हो रहे नक्सलवाद पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली में नक्सलवाद तेजी से खत्म हो रहा है और अब जंगलों में कुछ गिने-चुने नक्सली ही बचे हैं। सीएम ने अन्य बचे हुए से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की।



अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने शहरी नक्सलवाद को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जब गढ़चिरौली में विकास शुरू हुआ, जैसे ही यहां स्टील प्लांट की नींव रखी गई, अगले ही दिन सोशल मीडिया पर अफवाहों का सिलसिला शुरू हो गया कि आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है और जंगलों की कटाई हो रही है।

फडणवीस ने कहा कि उन्होंने इस मामले में पुलिस और गढ़चिरौली के आईजी संदीप पाटिल से जांच करवाई तो चौंकाने वाली बात सामने आई। फडणवीस ने कहा कि जांच में पता चला कि इन अफवाहों के पीछे जो लोग थे, वो महाराष्ट्र के नहीं थे। दो लोग कोलकाता और दो लोग बेंगलुरु से यह अभियान चला रहे थे। (अनंत ज्ञान)

**विदेश से हो रही फंडिंग**

**सीएम** फडणवीस ने ये भी कहा कि अफवाह फैलाने वाले लोगों को विदेशी फंडिंग मिल रही थी और वे सोशल मीडिया के जरिए लोगों को संविधान और सरकार के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे थे। सीएम ने कहा कि कुछ तथाकथित शहरी नक्सली झूठी बातें फैलाकर आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं और उन्हें विकास से दूर रखने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की और भरोसा दिलाया कि सरकार हर वर्ग को साथ लेकर विकास कर रही है।

# सेंसेक्स13 अंक टूटा, निफ्टी 25100 के स्तर से नीचे आया

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को अस्थिर कारोबार के दौरान बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग अपरिवर्तित बंद हुए। क्विक कॉमर्स और निजी बैंकिंग शेयरों में बढ़त की भरपाई तेल एवं गैस और आईटी शेयरों में गिरावट से हो गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 13.53 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 82,186.81 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार में यह 337.83 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़कर 82,538.17 पर पहुंचा था, लेकिन बाद में इसकी गति धीमी पड़ गई। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 29.80 अंक गिरकर 25,060.90 पर बंद हुआ। वहीं, एशियाई बाजारों में शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी व जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### महिला वनडे आईसीसी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा को 10 स्थान का फायदा

**एजेंसी, दुबई।** आईसीसी विमेंस रैंकिंग में भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बैटर्स रैंकिंग में 10 स्थान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने पहले वनडे में नाबाद 62 और दूसरे मैच में 30 रन बनाए थे। अब वह 23वें स्थान पर पहुंच गईं हैं। इंग्लैंड की सोफिया डंकले ने पहले मैच में 83 रन बनाए और वह 24 स्थान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गईं।



एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने भी 53 रन की पारी खेली और 40 स्थान चढ़कर 118वें स्थान पर आ गईं। भारत की स्टार बैटर स्मृति मंधाना ने सीरीज में 28 और 42 रन बनाए और 727 रेटिंग के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना नंबर-1 स्थान कायम रखा हैं। वनडे की बॉलर्स रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन टॉप पर हैं। उन्होंने 2 वनडे में चार विकेट झटके, जिनमें दूसरे मैच में 3/27 के आंकड़े शामिल हैं। उनकी रैंटिंग बढ़कर 776 हो गई और उन्होंने टॉप स्थान और मजबूत कर लिया। इसी सीरीज में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा रहा, जिसमें इंग्लैंड की चार्ली डीन और भारत की स्नेह राणा ने तीन-तीन विकेट लिए। डीन टॉप-10 में पहुंच गई और नंबर 9 पर हैं, जबकि स्नेह राणा 12 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में भी डीन को फायदा हुआ है और वह ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर आ गई हैं। सोफी एक्लेस्टन भी ऑलराउंडर सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिराज नहीं भुला पा रहे लॉर्ड्स की हार, जुबां पर आया दिल का दर्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम को लॉर्ड्स में बेहद करीबी हार का मुंह देखना पड़ा था। मैच के आखिर में मोहम्मद सिराज जिस तरह से आउट हुए उसे फैंस ही नहीं, बल्कि खुद सिराज भी शायद कभी भुला पाएं। मैनचेस्टर टेस्ट से पहले जब सिराज कॉन्फ्रेंस के लिए आए तो उनके दिल का दर्द जुबां पर आ गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टार पेसर



मोहम्मद सिराज ने कहा कि जिस तरह से मैच में मैं और जड्डू भाई बल्लेबाजी कर रहे थे। वह देखकर मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं आउट भी हो सकता हूं। उस दौरान बल्लेबाजी करते समय मुझे आत्मविश्वास था कि मैं अपनी गलती के बाद ही आउट हो सकता हूं, लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि मैं गेंद को खेलने के बाद भी आउट हो गया। यह दिल तोड़ने वाला था। (अनंत ज्ञान)

### तानिया सचदेवा का दिलकश अंदाज

**नई दिल्ली।** शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेवा ने देश और विदेश में खेलते हुए बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं, वह फैशन को लेकर भी काफी सक्रिय रहती हैं और उनकी सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरें इस बात की गवाह हैं।



## टेस्ट मैच | मौजूदा सीरीज में इंग्लैंड 2-1 से आगे, भारत के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी

# भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में घमासान आज





**एजेंसी, लंदन**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई यानी बुधवार से ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली भारतीय टीम की कोशिश चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर करने की होगी। वहीं, बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम का मैनचेस्टर में रिकॉर्ड लचर है। मौजूदा सीरीज में इंग्लैंड 2-1 से आगे है, ऐसे में भारत के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। अगर भारत यहां हारता है तो इंग्लैंड सीरीज जीत जाएगा। तीसरे टेस्ट में दोनों टीमों ने पहली पारी में बराबरी का स्कोर किया था, लेकिन इंग्लैंड ने 22 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। हालांकि धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड पर दो डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स की कटौती हुई थी। अब तक भारत ने मैनचेस्टर में 9 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से चार हारे हैं और पांच ड्रॉ हुए हैं। भारत ने यहां आज तक कभी भी टेस्ट नहीं जीता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 1936 में यहां पहला टेस्ट खेला गया था। यानी 89 साल में भारत ने कोई मुकाबला नहीं जीता है। (अनंत ज्ञान)

### कैसी होगी ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच?

ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों को मदद देती है। हालांकि, अब यह पहले से थोड़ी धीमी हो चुकी है। शुरुआत तीन दिनों तक बल्लेबाजों को अच्छा बाउंस मिलेगा, लेकिन ओवरकास्ट कंडीशन में सीम मूवमेंट भी देखने को मिलेगा। जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स की भूमिका बढ़ेगी। यहां पांचों दिन बारिश की संभावना है। विकेट पर घास है। ऐसे में तेज गेंदबाजों को विकेट से मदद मिल सकती है।

**मैच : दोपहर 3:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

**इंग्लैंड।** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जैमी स्मिथ, लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

### भारत-इंग्लैंड का हेड टू हेड रिकॉर्ड

**भारत** और इंग्लैंड के बीच 1932 में पहला टेस्ट खेला गया था। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच अबतक 139 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 36 मैच जीते हैं, जबकि इंग्लैंड 53 में विजयी रहा है। शेष 50 मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले हैं, जिनमें से भारत ने 10 जीते और 38 हारे हैं।

### जसप्रीत बुमराह पर बड़ी जिम्मेदारी

**जसप्रीत** बुमराह भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं और उन पर मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने की जिम्मेदारी होती है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में उन्होंने पूरे 5 मैच खेले और इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में वो सिर्फ दो मैचों का हिस्सा बने हैं।




जसप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया में 32 विकेट अपने नाम किए और अभी इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज में उन्होंने 12 विकेट झटके हैं। ऑस्ट्रेलिया में जसप्रीत बुमराह को छोड़कर भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी साधारण रहा था। उन्होंने पर्थ में हुए पहले मैच में 8, एडिलेड में दूसरे टेस्ट में 4 और सिडनी में हुए पांचवें मैच में 2 विकेट अपने नाम किए थे। तीसरे और चौथे में उन्होंने 9-9 विकेट दर्ज किए थे। ऑस्ट्रेलिया में वह 13.06 की औसत से 32 विकेट लेने में सफल हुए थे। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सिर्फ तीन मैच खेलने वाले हैं और अब तक 2 मुकाबलों में हिस्सा लिया है। उन्होंने लीड्स में हुए पहले मैच में 5 विकेट हासिल किए और लॉर्ड्स में 7 विकेट झटके। जसप्रीत ने दोनों मैचों में अपनी गेंदबाजी से कहर दिखाया।

## अल्कराज ने कनाडाई ओपन से नाम लिया वापस

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल**

दुनिया के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी और पांच बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने अगले हफ्ते टोरंटो में होने वाले एटीपी कनाडाई ओपन से नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अल्कराज ने विंबलडन फाइनल में टॉप रैंक खिलाड़ी जैनिक सिनर से हार का सामना किया था।



22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी अल्कराज ने कहा कि मुझे नेशनल बैंक ओपन (एटीपी कनाडाई ओपन)में हिस्सा नहीं ले पाने का बहुत दुख है। मैंने पूरी कोशिश की टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने की, क्योंकि यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक है, लेकिन विंबलडन के बाद रिकवरी में मुझे और समय चाहिए। मैं आयोजकों को शुभकामनाएं देता हूं और अगले साल कनाडा में खेलने की उम्मीद करता हूं। अल्कराज का कनाडा में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में रहा था, जब वह क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल से हार गए थे। टूर्नामेंट डायरेक्टर कार्ल हेल ने कहा कि कार्लोस जैसे खिलाड़ी का टूर्नामेंट से हटना निराशाजनक है, क्योंकि फैंस उन्हें खेलते हुए देखना चाहते थे। हालांकि, वह काफी समय से प्रो टूर पर हैं, लेकिन उनका करियर अभी भी शुरुआती दौर में है। आने वाले वर्षों में उन्हें कनाडा में खेलने के और मौके मिलेंगे।

इसके अलावा, अमेरिका के सेबास्टियन कोर्डा (रैंकिंग 33) पैर की चोट के कारण और पोलैंड के ह्यूबर्ट हुरकाच (रैंकिंग 38) घुटने की चोट के कारण भी टूर्नामेंट से हट गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## 2 अगस्त से शुरू होगा दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन-2

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की घरेलू फ्रेंचाइजी क्रिकेट को नई ऊंचाई देने वाली दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) का दूसरा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत भव्य ओपनिंग सेरेमनी के साथ होगी, जिसके बाद पुरुष वर्ग का पहला मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 31 अगस्त को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित होगा। यदि मौसम या किसी अन्य कारण से फाइनल में बाधा आती है तो इसके लिए 01 सितंबर को रिजर्व डे रखा गया है।

इस बार पुरुष वर्ग में 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि महिला वर्ग में 4 टीमें मुकाबला करेंगी। लीग का उद्देश्य प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन, उभरती प्रतिभाओं को मंच देना और दर्शकों से जुड़ाव को बढ़ाना है। पुरुषों की लीग में कुल 40 मैच खेले जाएंगे। हर टीम को अपने ही ग्रुप की तीन टीमों से दो-दो बार (होम और अवे) तथा दूसरे ग्रुप की चारों टीमों से एक-एक बार खेलना होगा। इस तरह हर टीम 10 लीग मैच खेलेगी। क्वालिफायर-1 में शीर्ष दो टीमें भिड़ेंगी, जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी।



एलीमिनेटर में तीसरे और चौथे स्थान की टीमों के बीच मुकाबला होगा, हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। एलीमिनेटर जीतने वाली टीम क्वालिफायर-1 की हारी टीम से क्वालिफायर 2 में भिड़ेगी। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी और क्वालिफायर-1 की विजेता टीम से खिताबी जंग लड़ेगी। महिला लीग 17 से 24 अगस्त तक खेली जाएगी। चार टीमों के बीच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में कुल 6 मैच होंगे। टॉप दो टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि डीपीएल का दूसरा सीजन दिल्ली की घरेलू फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए एक नया अध्याय साबित होगा। (अनंत ज्ञान)

## वनडे में धमाल मचाने वाले सूर्यवंशी टेस्ट में हुए फेल

**एजेंसी, लंदन**

भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने दूसरे यूथ टेस्ट दूसरे का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट के नुकसान पर 51 रन बना लिए थे। कप्तान आयुष म्हात्रे 21 रन तो विवान मल्होत्रा 6 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे हैं। हालांकि, बारिश के चलते दूसरे दिन काफी कम ओवर फेंके जा सके। इससे पहले इंग्लैंड अंडर-19 टीम ने एकांश सिंह की 117 रन की शतकीय पारी के दम पर 309 रन बनाए।



सात विकेट के नुकसान पर 222 रनों से आगे खेलते हुए मेजबान इंग्लैंड की टीम दूसरे दिन 309 रनों पर ऑलआउट हो गई। एकांश सिंह ने शानदार 117 रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं, जेम्स मिंटो ने 46 रन बनाते हुए उनका पूरा साथ दिया। भारत की ओर से नमन पुष्पक ने 4 विकेट, आरएस अंबरीश और आदित्य रावत ने 2-2 विकेट और हेनिल पटेल व विवान मल्होत्रा ने 1-1 विकेट लिया। कप्तान आयुष म्हात्रे पर टिकी हैं उम्मीदें

इंग्लैंड की सरजमीं पर यूथ वनडे सीरीज में विस्फोटक पारियां खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी का बल्ला दूसरे यूथ टेस्ट में भी नहीं चल सका। बतौर सलामी बल्लेबाज वैभव 13 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे दिन बारिश के चलते बार-बार खेल रोकना पड़ा। इस कारण काफी कम ओवर फेंके गए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 51 रन स्कोर बोर्ड पर लगा दिए। हालांकि, भारत अभी भी इंग्लैंड से 258 रन पीछे है। अब भारत को तीसरे दिन कुछ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करनी होगी। अब इस मैच में दो दिन शेष हैं और ऐसे में तीन पारी हो पाना मुश्किल नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि पहले यूथ टेस्ट की तरह ये टेस्ट भी ड्रॉ हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

## बिली जीन किंग कप फाइनल्स 16 सितंबर से

**एजेंसी, नई दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन इटली और मेज़बान चीन के बीच मुकाबले के साथ बिली जीन किंग कप फाइनल्स की शुरुआत 16 सितंबर से शेनझेन में होगी। इस बात की जानकारी टूर्नामेंट आयोजकों ने सोमवार को दी। इटली की टीम में विश्व नंबर 9 जैस्मिन पाओलिनी शामिल हैं, जबकि चीन की अगुवाई ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन करेंगी। आमतौर पर यह टूर्नामेंट नवंबर में होता है, लेकिन इस बार इसे डब्ल्यूटीए टूर के एशियाई स्विंग के साथ तालमेल बैठाने के लिए सितंबर में आयोजित किया जा रहा है। स्पेन और यूक्रेन के बीच दूसरा क्वार्टरफाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा, जिसमें विश्व नंबर 10 पाउला बडोसा एक्शन में नजर आएंगी। इसके बाद 18 सितंबर को अमेरिका का मुकाबला कजाखस्तान से और ब्रिटेन का सामना जापान से होगा। सेमीफाइनल मुकाबले 19 और 20 सितंबर को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 21 सितंबर को होगा।



## ताइक्वांडो में नाहन के अर्जुन गुप्ता ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन से संबंध रखने वाले अर्जुन गुप्ता ने कर्नाटक राज्य चैंपियनशिप में ताइक्वांडो खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह शहर के लिए यह एक और गौरवपूर्ण क्षण है।



अर्जुन ने अंडर-14 आयु वर्ग और अंडर-60 किलोग्राम भार वर्ग में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिसके साथ वह अपने आयु वर्ग में कर्नाटक के स्टेट चैंपियन बन गए हैं। अर्जुन के दादा विनय गुप्ता, जो भाजपा जिला सिरमौर के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, ने बताया कि उनके पोते की इस जीत से उन्हें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। अर्जुन के पिता, सचिन गुप्ता, और माता, नेहा गुप्ता, दोनों बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। अर्जुन की यह सफलता दिखाती है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं, खासकर ताइक्वांडो जैसे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने वाले खेल में।

विनय गुप्ता के पोते की इस शानदार जीत पर नाहन और पूरे सिरमौर जिले के खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उम्मीद है कि अर्जुन भविष्य में भी इसी तरह ताइक्वांडो में चमकते रहेंगे और अपने शहर, राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रायन म्ब्यूमो के साथ किया 5 साल का अनुबंध

**एजेंसी, लंदन**

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड के फॉरवर्ड ब्रायन म्ब्यूमो के साथ जून 2030 तक के लिए अनुबंध किया है। यह अनुबंध 65 मिलियन पाउंड (करीब 750 करोड़ भारतीय रुपए) में हुआ, जिसमें एक साल के विस्तार का विकल्प भी शामिल है। कैमरून के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी म्ब्यूमो इस समर ट्रांसफर विंडो में यूनाइटेड की ओर से साइन किए गए तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर मैथियस कुन्हा और डिफेंडर डिएगो लियोन को टीम में शामिल किया था।

**65 मिलियन पाउंड में हुआ अनुबंध**



म्ब्यूमो ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा कि जैसे ही मुझे पता चला कि मैनचेस्टर यूनाइटेड में शामिल होने का मौका है, मैं बचपन में इस टीम की जर्सी पहनता था। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा यही सोच होती है कि मैं कल से बेहतर बनूं। पता है कि मुझमें वह जज्बा है, जिससे मैं यहां एक नया स्तर हासिल कर सकता हूं। सभी ने मुझे यहां बन रहे माहौल और भविष्य के लिए रोमांचक योजनाओं के बारे में बताया। यह शानदार स्टेडियम और जबरदस्त फैंस के साथ एक बड़ा क्लब है। हम सभी सबसे बड़े खिताबों के लिए चुनौती पेश करने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

### पिछले सीजन में बनाया ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड

**म्ब्यूमो** वीकवार से शुरू हो रहे मैनचेस्टर यूनाइटेड के अमेरिका दौरे का हिस्सा हो सकते हैं, जो प्री-सीजन के तहत आयोजित किया जा रहा है। ब्रायन म्ब्यूमो ने ब्रेंटफोर्ड के लिए 242 मुकाबलों में 70 गोल करने के साथ 51 असिस्ट दिए। इनमें से 20 गोल पिछले सीजन में आए। पिछले सीजन में 25 वर्षीय म्ब्यूमो ने प्रीमियर लीग में 20 गोल दागे, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड था। इसके साथ ही उन्होंने 8 असिस्ट भी दिए। ब्रेंटफोर्ड के शीर्ष लीग में प्रमोशन के बाद से म्ब्यूमो ने प्रति सीजन औसतन 18 गोल किए, जो एक बेहद प्रभावशाली रिकॉर्ड है।

## प्लेबैक | वो इकलौता बल्लेबाज जिसने 13 घंटे क्रीज पर टिककर रचा था इतिहास

# ऑस्ट्रेलिया के बॉब सिंपसन ने मैनचेस्टर में जड़ा था तिहरा शतक

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली रही है, जिसके अब तक तीन मुकाबले हो चुके हैं। इनमें से दो मेजबान इंग्लिश टीम ने जीते हैं तो एक में भारत ने विजय हासिल की है। इस तरह इस सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त बना रखी है। अब भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 23 से 28 जुलाई तक खेला जाना है। टेस्ट इतिहास में बॉब सिंपसन ही इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनके नाम इस मैदान पर तिहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है। आइए, उस मुकाबले के बारे में आपको भी बताते हैं।



बता दें कि यह मुकाबला अब से 61 साल पहले यानी 1964 को 23 से 28 जुलाई को ही खेला गया था। उस टेस्ट में मेजबान इंग्लैंड का सामना ऑस्ट्रेलिया की टीम से हुआ था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिंपसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। बॉब सिंपसन, बिल लॉरी के साथ ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने मैदान पर उतरे थे। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 201 रन की साझेदारी की। बिल लॉरी 313 गेंदों में 106 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, सिंपसन दूसरे छोर पर खूंटा जमाए रहे। (अनंत ज्ञान)

### 762 मिनट में किया 743 गेंदों का सामना

**बॉब** सिंपसन ने फिर ब्रायन बूथ (98) के साथ पांचवें विकेट के लिए 219 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 600 के पार पहुंचा दिया। सिंपसन ने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन की पारी खेली। सिंपसन ने 762 मिनट (करीब 13 घंटे) बल्लेबाजी की। इस दौरान उनके बल्ले से एक छक्का और 23 चौके निकले। सिंपसन की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने 656/8 के स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित की। विपक्षी टीम की ओर से जॉन प्राइस ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए, जबकि फ्रेड रम्सी और टॉम कार्टराइट ने दो-दो विकेट चटकाए।

### बैरिंगटन ने खेली 256 रन की पारी

**इसके** जवाब में इंग्लैंड 15 के स्कोर पर जॉन एड्रिच (6) का विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन यहां से कप्तान टेड डेक्सटर ने सलामी बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट के साथ दूसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। ज्योफ बॉयकॉट 58 के स्कोर पर पवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान ने केन बैरिंगटन के साथ तीसरे विकेट के लिए 246 रन की साझेदारी की। डेक्सटर 174 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बैरिंगटन ने 256 रन की पारी खेली।

### ड्रॉ पर समाप्त हुआ मुकाबला

**इंग्लैंड** ने अपनी पहली पारी में 611 रन बनाए। इस पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्राहम मैकेंजी ने सर्वाधिक सात शिकार किए, जबकि टॉम वीवर्स ने शेष तीन विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में दो ओवर खेले, जिसमें कोई विकेट गंवाए बगैर चार रन बनाए और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।